**मौसम**
अधि. 40.0
न्यून. 29.0

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,312.32 | 239.31 ▼ |
| निफ्टी | 24,752.45 | 73.75 ▼ |

| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,000 /- | 500/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.40 | स्थिर |
| क्रूड ऑयल 64.57/ बैरल | | 0.69% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# केंद्र सरकार ने संशोधित ब्याज अनुदान योजना को जारी रखने को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के किसानों को समर्थन देने के उद्देश्य से, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तवर्ष 2025–26 के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना को जारी रखने की मंजूरी दी है।

इस योजना के अंतर्गत, किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रूपये तक के अल्पकालिक फसल ऋणों पर बैंकों को 1.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान मिलता रहेगा। इस निर्णय से यह सुनिश्चित होता है कि समय पर पुनर्भुगतान करने वाले किसानों को 3 प्रतिशत शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन (पीआरआई) सहित सिर्फ 4 प्रतिशत की प्रभावी ब्याज दर पर कृषि ऋण प्राप्त होता रहेगा।

**बैंकों को 1.5% वार्षिक ब्याज अनुदान मिलता रहेगा**



**किसानों के लिए क्या लाभ होंगे**

- ▶▶ सस्ता ऋणः किसान सिर्फ 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर कार्यशील पूंजी प्राप्त कर सकेंगे- जो वैश्विक स्तर पर सबसे कम दरों में से एक है।
- ▶▶ लचीला ऋणः केसीसी के माध्यम से 5 वर्षों तक रिवॉल्विंग क्रेडिट की सुविधा उपलब्ध है।
- ▶▶ आपदा में राहतः प्राकृतिक आपदा की स्थिति में एक वर्ष तक ब्याज राहत और गंभीर आपदाओं में 5 वर्षों तक राहत मिलती है।
- ▶▶ छोटे और सीमांत किसानों को लाभः अब 76 पतिशत कृषि ऋण खाते छोटे किसानों के पास हैं, यह योजना भारतीय कृषि की रीढ़ को सशक्त बनाती है।
- ▶▶ बिना जमानत ऋणः 2 लाख रूपये तक के ऋण के लिए कोई जमानत आवश्यक नहीं।
- ▶▶ उत्पादकता में वृद्धिः सरल ऋण उपलब्धता से बेहतर बीज, उर्वरक और उपकरणों का उपयोग संभव, जिससे उपज और आय में वृद्धि होती है।
- ▶▶ सरकार ने किसान ऋण पोर्टल शुरू किया है, जो ब्याज अनुदान दावों की डिजिटल ट्रैकिंग को सक्षम बनाता है। इससे वितरण तेज, पारदर्शी और उत्तरदायी बनता है, जिससे किसान और बैंक दोनों लाभान्वित होते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एनडीए का 44 विधायकों के समर्थन का दावा

**इंफाल।** मणिपुर में सरकार गठन की कवायदों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। भाजपा नीत एनडीए के 10 विधायक सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए बुधवार को इंफाल में राजभवन पहुंचे। भाजपा के आठ, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए राज्यपाल अजय भल्ला से मुलाकात की।



### अभिनेता कमल हासन जाएंगे राज्यसभा

**नई दिल्ली।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन राज्यसभा में एंट्री करने जा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार की अगुवाई कर रही डीएमके ने हासन को उम्मीदवार बनाया है। तमिलनाडु में अगले महीने राज्यसभा का चुनाव होना है। डीएमके ने इसके लिए बुधवार को अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है।



### मिस वर्ल्डः नंदिनी गुप्ता की सेमीफाइनल में एंट्री

**हैदराबाद।** मोस्ट अवेटेड मिस वर्ल्ड 2025 के ग्रैंड फिनाले के लिए मंच तैयार किया जा रहा है, जो 31 मई को हैदराबाद के हाइटेक्स के नए हॉल 4 में होने वाला है। अब तक, 12 प्रतियोगियों ने फास्ट-ट्रैक इवेंट में टॉप 40 में अपनी जगह बना ली है। भारत को रीप्रजेंट करने वाली नंदिनी गुप्ता ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।



### आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग में साथ आए पनामा और इंडोनेशिया

# आतंकवाद के खिलाफ किसी भी युद्ध के लिए तैयार भारत सरकार, सीमा चाहे कोई भी होः थरूर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

**सात सर्वदलीय** प्रतिनिधिमंडलों में से एक की अगुवाई कर रहे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पनामा से दिया पाकिस्तान को दो टूक संदेश।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान की काली सोच को दुनिया के सामने लाने में जुटे सात भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की कवायद पूरे जोर-शोर के साथ चल रही है। इनमें शामिल नेता चाहे किसी भी राजनीतिक दल से हों। लेकिन वैश्विक मंच पर राष्ट्रहित में सभी एकजुटता के साथ भारत के प्रतिनिधि के तौर पर सरकार के पक्ष को मजबूती से रख रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता शशि थरूर का पनामा में दिया गया एक बयान बुधवार को मीडिया में छाया रहा। जिसमें उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई आखिरकार भारत सरकार को पाकिस्तान के पाले हुए आतंकियों के खिलाफ क्यों करनी पड़ी? भारत की आतंकवाद को लेकर बनी हुई जीरो टॉलरेंस की नीति, सरकार की आतंकवाद के जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर बनी हुई प्रतिबद्धता के बारे में भी शशि थरूर ने बताया और कहा कि भारत की सरकार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी युद्ध के लिए तैयार है। फिर सीमा चाहे कोई भी हो। कांग्रेस नेता ने कहा, हम अलग-अलग राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते जरूर हैं। लेकिन यहां पर हम राष्ट्रीय उद्देश्य के लिए एकजुट हैं।



### आतंकवादियों ने महिलाओं का सुहाग उजाड़ा

*थरूर ने कहा कि पिछले महीने 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने अपने नापाक हमले के दौरान महिलाओं के सामने उनके पति की हत्या कर दी और उसके बाद कहा कि यहां क्या हुआ जाकर बता देना? आतंकी हमले के दौरान महिलाएं रो पड़ी थीं, उन्होंने आतंकवादियों से कहा कि मुझे भी मार डालो, लेकिन उनका जवाब मिला, जाकर बता देना। इसके बाद ही भारत ने कसम खाई थी कि सिंदूर, हत्यारों के खून से मेल खाएगा। ऑपरेशन सिंदूर में हमने 9 आतंकी कैंप बर्बाद कर अपने कथन को सत्य साबित कर दिया। थरूर की पनामा की विधानसभा के अध्यक्ष के साथ भी एक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान द्वारा आतंकियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न करने की वजह से भारत को ऑपरेशन सिंदूर करना पड़ा।*

### भारत की युद्ध की इच्छा नहीं थी

*कांग्रेस नेता ने कहा कि सैन्य अभियान के जरिए भारत की युद्ध की कोई इच्छा नहीं थी। लेकिन पहलगाम के गुनहगारों को उनके कुकृत्य के लिए छोड़ना भी संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि हमने अपनी कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान के अंदर छिपे बैठे आतंकवादियों को साफ शब्दों में यह बता दिया है कि हमारा देश अपनी और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जाएगा यानी प्रतिबद्धता के साथ उचित कदम उठाएगा।*

### पनामा, इंडोनेशिया का भारत को समर्थन

*भारतीय प्रतिनिधिमंडल का पक्ष सुनने के बाद पनामा ने आतंकवाद के मामले पर भारत को अपना समर्थन प्रदान किया। उनके विधानसभा अध्यक्ष ने खुले तौर पर इसकी घोषणा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ पनामा भारत के साथ खड़ा है। हम साथ होंगे तो आतंकवाद को परास्त कर पाएंगे। सुप्रिया सुले की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका और द्रमुक नेता कनिमोझी की अगुवाई में ग्रीस पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भी आतंकवाद को लेकर भारत की जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट रूप से सबके सामने रखा। इसके अलावा भारत को आतंकवाद के मामले पर पनामा, इंडोनेशिया और फ्रांस जैसे देशों का समर्थन मिला है।*

### बोले अमेरिकी अधिकारी, पहले से तय साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स वाले आवेदकों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

# अमेरिका जाने वाले छात्रों के लिए 'नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स' पर लगी रोक 'अस्थायी'



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में भारतीय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय छात्रों से जुड़े वीजा नियमों में सख्ती, नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक और अनिवार्य विस्तृत सोशल मीडिया जांच को लेकर जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में जारी चर्चाओं के बीच अमेरिका का कहना है कि छात्रों के नए वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर लगाई गई रोक अस्थायी है। जिन आवेदकों के वीजा साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पहले से ही तय हो चुके हैं। उन पर नियमों में सख्ती का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यह जानकारी अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी के हवाले से नाम न छापने की शर्त पर सामने आई है। जिसमें वह प्रशासन के एक आंतरिक दस्तावेज पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के विदेश विभाग ने देश में पढ़ाई करने के इच्छुक विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले नए वीजा से जुड़े साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर जो रोक लगाई है। उसका उद्देश्य छात्रों की सोशल मीडिया मंचों जैसे एक्स, इंस्टाग्राम और टिक टॉक पर की जाने वाली तमाम गतिविधियों की गहनता के साथ जांच-पड़ताल की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दुनियाभर में दूतावासों को जारी किए निर्देश

*उधर, पोलिटिको की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेजों के जरिए दुनियाभर में मौजूद अमेरिका के दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को यह निर्देश दिया गया कि तत्काल प्रभाव से छात्र (एफ), व्यावसायिक (एम) और एक्सचेंज विजिटर (जे) वीजा के लिए नए साक्षात्कार अपाइंटमेंट्स पर रोक लगा दी गई है। भावी मार्गदर्शन प्राप्त होने तक यही स्थिति लागू रहेगी। मूलरूप से देखें तो यह कदम विदेशी छात्रों के लिए अनिवार्य सोशल मीडिया जांच की प्रक्रिया को लागू करने का हिस्सा है। नए वीजा साक्षात्कारों के लिए अपांइटमेंट्स पर रोक लगाने से अमेरिका में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में तत्काल रूप से गर्मियों की और बाद में आगे की दाखिला प्रक्रिया प्रभावित होगी।*

### गोगोई का सीएम सरमा पर हमला

# आईएसआई से मेरे संबंध 2013 से तो केंद्र की एजेंसियों ने क्यों नहीं की कार्रवाई?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की जिमेमदारी संभालने के बाद पहली बार एआईसीसी पहुंचे गौरव गोगोई ने सूबे के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमाा पर तीखा हमला बोला। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न गोगोई के खिलाफ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंधों का गंभीर आरोप मढा गया है। गौरव गोगोई ने आरोपों को सी-ग्रेड बॉलीवुड फिल्म का प्लॉट करार देते हुए खारिज किया। सरमा ने दावा किया था कि गौरव गोगोई ने 2013 में पाकिस्तान की आईएसआई के निमंत्रण पर वहां का दौरा किया और उनकी पत्नी का पाकिस्तानी प्रतिष्ठान से संबंध है। गोगोई ने स्पष्ट किया कि उनकी पत्नी, जो एक जानी-मानी पब्लिक पॉलिसी ▶▶ शेष पेज 5 पर



### संस्था के कामकाज के लिए बनाई गई समिति

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर चलने वाली मोदी सरकार ने की एनएसडीसी सीईओ की छुट्टी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के नारे के साथ चलने वाली केंद्र की मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार की शिकायत और जांच के बाद एक और बडे पर तैनात 'साहब' की छुट्टी कर दी है। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने कई शिकायतों के बाद अपने कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेद मणि तिवारी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। तिवारी ने 2021 में एनएसडीसी के सीईओ का कार्यभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि यह निर्णय 15 मई को बुलाई गई एक विशेष बोर्ड बैठक के बाद लिया गया, जिसके बाद एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर इस फैसले की जानकारी दी गई। सूत्रों ने साफ किया कि वेद मणि तिवारी एनएसडीसी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 3539 लाख टन हुआ

# कृषि संबंधी योजनाओं के सफल कार्यान्वयन से देश में खाद्यान्न भंडार भर गएः शिवराज

*2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी करते हुए बताया कि देश के खाद्यान्न में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 3539.59 लाख टन हो गया है। उन्होंने कहा कि धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन में उत्पादन ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हमारे किसान भाइयों-बहनों की अथक मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों की कुशलता और केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों-योजनाओं के सफल कार्यान्वयन व राज्य सरकारों के सहयोग से देश में खाद्यान्न के भंडार भर गए है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर मुख्य ध्यान रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। चाहे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाना हो, पर ड्रॉप-मोर क्रॉप हो, मैकेनाइजेशन की योजना हो, सस्ती खाद हो या फर्टिलाइजर सब्सिडी, जो लगभग 2 ▶▶ शेष पेज 5 पर



# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग की तैयारी मॉनसून सत्र में सरकार पेश कर सकती है प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ संसद के आगामी मॉनसून सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। यह कदम उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर 14 मार्च को आग लगने की घटना के बाद भारी मात्रा में जली हुई नकदी बरामद होने के बाद उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया। घर के चारदीवारी के अंदर वे नकदी के स्रोत के बारे में ठोस स्पष्टीकरण नहीं दे सके। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देकर सम्मानजनक तरीके से पद हटने का रास्ता सुझाया था लेकिन जस्टिस वर्मा ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। उसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र सरकार को जस्टिस वर्मा के खिलाफ संसद में महाभियोग लाकर पद से हटाये जाने की सिफारिश कर दी थी। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महाभियोग की सिफारिश के साथ भेजी थी। जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा गया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट स्थानांतरित किया गया, और अभी तक कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा गया है। सरकार प्रस्ताव के लिए विपक्षी दलों से समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। महाभियोग के लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग संसद से पास कराने में अगर मोदी सरकार सफल रही तो ये भी इतिहास के ▶▶ शेष पेज 5 पर



### तीनों सेना में बढ़ेगी एकजुटता, सुनिश्चित होगी कमांड दक्षता

# थियेटर कमांड की कवायद के बीच अधिसूचित हुए 'आईएसओ' अधिनियम के नियम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच केंद्र सरकार ने थियेटर कमांड (सेना, वायुसेना, नौसेना की संयुक्त कमांड) के गठन की प्रारंभिक कवायद से जुड़े अंतर सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम-2023 के तहत तैयार किए गए नियमों को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। जो कि बीते मंगलवार (27 मई) से प्रभावी होंगे। इसके पीछे उद्देश्य अंतर-सेवा-संगठनों (आईएसओ) की प्रभावी कमान, नियंत्रण और कुशल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने के अलावा सशस्त्र सेनाओं के बीच एकजुटता व कमांड दक्षता सुनिश्चित किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। गौरतलब है कि यह नियम सेना, वायुसेना और नौसेना की संयुक्त थियेटर कमांड का गठन हो जाने पर काफी मददगार साबित होंगे। वर्तमान में यह कानून और नियम ▶▶ शेष पेज 5 पर




### अधिनियम 10 मई 2024 से लागू हुआ

*मंत्रालय ने बताया कि अंतर सेवा संगठन अधिनियम-2023 को संसद के मॉनसून सत्र के दौरान दोनों सदनों (लोकसभा, राज्यसभा) द्वारा पारित किया गया था। इसके बाद उसी वर्ष 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति ने इसे अपनी मंजूरी प्रदान की। फिर इसके अगले साल 8 मई 2024 को राजपत्र अधिसूचना से यह अधिनियम 10 मई 2024 से लागू हो गया। इसके बाद आईएसओ को 27 दिसंबर 2024 के राजपत्र अधिसूचना संख्या एसआरओ 72 के जरिए अधिसूचित किया गया।*

### वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की बढ़ेगी शक्ति

*अधिनियम के जरिए अंतर सेवा संगठनों के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को अपने अधीन सेवारत कर्मियों पर नियंत्रण करने का पूर्ण अधिकार मिलेगा। जिससे संगठनों के अंदर अनुशासन और प्रशासन सुनिश्चित होता है। अधिनियम की एक खास बात यह है कि इसके जरिए सशस्त्र बलों की प्रत्येक शाखा पर लागू विशिष्ट सेवा शर्तों में बिना किसी बदलाव के यह लागू होगा। मंत्रालय ने कहा कि अधिनियम की धारा-11 के अंतर्गत तैयार किए गए नए अधिसूचित अधीनस्थ नियमों का उद्देश्य कानून में तय किए गए प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुगम बनाना है। यह नियम आईएसओ के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं और अनुशासन, प्रशासनिक नियंत्रण और परिचालन तालमेल के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करते हैं।*

### ठग गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

# रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर से 49 लाख की ठगी का मामला सुलझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नॉर्थ ईस्ट जिले के साइबर पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर से ट्रेडिंग के नाम पर 49.28 लाख की ठगी का मामला मात्र पांच दिनों के भीतर सुलझाया गया है। ठग गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार किये गये। ठगी की गई राशि में से लगभग 2 लाख विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज करवाई गई है। आरोपी फर्जी नामों से बैंक खाते उपलब्ध कराने में शामिल थे। इनके कब्जे से चार मोबाइल फोन और पांच सिम कार्ड बरामद हुये हैं।

डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार उमेश कुमार शर्मा निवासी यमुना विहार की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन, ज्योति नगर में एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त हुआ था। कंगना शर्मा नाम की महिला द्वारा एक निवेश सलाहकार के रूप में खुद को पेश किया था। महिला ने शिकायतकर्ता को बेहतर निवेश अवसरों और उच्च लाभ के नाम पर अपने निवेश ग्रुप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। शिकायतकर्ता को एक लिंक भेजा गया, जिसके माध्यम से उन्होंने खाता बनाया और उसके कहे अनुसार 49,28,571 रुपये का निवेश अपने व अपने पिता के बैंक खातों से कर दिया। जब उन्होंने अपनी निवेश की गई राशि निकालने का प्रयास किया, तो उनके अनुरोधों को बार-बार अस्वीकार कर दिया गया। उल्टा, उन्हें और अधिक पैसा जमा करने के लिए मजबूर किया गया, यह कहकर कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनका खाता फ्रीज हो जाएगा और निवेश की गई राशि एवं लाभ जब्त हो जाएंगे। ठगी का अहसास होने पर उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत नॉर्थ ईस्ट जिले के साइबर थाने को ट्रांसफर की गई। पांच दिनों के भीतर जांच टीम ने विभिन्न बैंकों के लाभार्थी खातों का पता लगाया, जिनमें ठगी की राशि स्थानांतरित की गई थी। टीम ने ठगी की राशि में से लगभग 2 लाख को फ्रीज कराया और एक धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खाते के स्वामी को ट्रैक किया। तकनीकी निगरानी के माध्यम से टीम ने आनंद विहार बस स्टैंड के पास छापा मारकर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम अमित कुमार, उजैर अब्बासी, अली शेर और मो. हमीद पता चलें। इन्होंने बताया कि उनका काम फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पूरे भारत में विभिन्न बैंकों में फर्जी नामों से खाते खुलवाना और उनमें ठगी की राशि स्थानांतरित कराना था। इसके बदले उन्हें मोटा कमीशन मिलता था। इनकी अन्य मामलों में संलिप्तता का भी पता लगाया जा रहा है।

■ साइबर पुलिस स्टेशन नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की कार्रवाई

# सीएम रेखा गुप्ता ने कलाकारों को दिया सभी तरह की मदद का आश्वासन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली के कलाकारों को भविष्य में सरकार द्वारा सभी तरह की मदद देने का आश्वासन दिया। दरअसल दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को दिल्ली के विभिन्न कला क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ दिल्ली सचिवालय में आज एक विशेष बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कलाकारों से संवाद स्थापित कर उनके विचारों को सुनना और उन्हें सरकार की योजनाओं में शामिल करना था। बैठक में फिल्म, संगीत, थिएटर, मंच कला, भजन एवं गायन से जुड़े वरिष्ठ कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें कुछ को पद्म भूषण जैसे उच्च सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है। मंत्री मिश्रा ने सभी कलाकारों का उनकी सीट पर जाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने सुझाव दिया कि कला और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम सभी विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किए जाएं ताकि नए कलाकारों को मंच मिल सके। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर देने के लिए एक सांस्कृतिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा।

इसके साथ ही, एक समर्पित डिजिटल पोर्टल की मांग


**संशोधनी**

**निविदा सूचना संख्या.** 03/2025 तारीखः 06-05-2025 के जरिये विज्ञपित **निविदा संख्या.** 01255018 के आईटम विवरण, खुलने की तारीख कृपया निम्नअनुसार पढ़ेः

| आईटम | मौजूदा | इसतरह से पढ़ना होगा |
|---|---|---|
| **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** | 28-05-2025 के 15.30 बजे में | 05/06/2025 तारीख के 15.30 बजे में |
| 1) पीएल कोड 600600030605 2) 60060694 एवं 3) 60060414 | मौजूदा | आरडीएसओ ड्रॉयिंग अनुसार सभी मामलो में ईआरसी, लाइनार, फिश प्लेट और फिश बोल्टस एवं नटस की फिटिंग्स छोड़कर सारी फिटिंग्स सहित जीआरएसपी शामिल कर आरडीएसओ डीआरजी. संख्या. आरटी-6068 अनुसार 60 केजी डिरेइलिंग स्वीच का प्रस्तुतकरण एवं आपूर्ति |

**नोटः** निविदा सूचना और निविदा प्र पत्रों कि विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच **आईआरईपीएस** वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉग ऑन करना होगा एवं इलैक्ट्रॉनिकैली प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे **आईआरईपीएस** में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सीओएन, मालीगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
(निर्माण संस्था)
"मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में"


# 24 आईपीएस और 14 दानिप्स अफसरों के ट्रांसफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस में बड़े पैमाने पर ट्रांसफर पोस्टिंग की गई है। नई जिम्मेदारी पाने वाले अफसरों में 24 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और 14 दिल्ली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस सेवा (दानिप्स) शामिल है। उपराज्यपाल कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। चार जिलों के डीसीपी भी बदले गये हैं।

दिल्ली वापस आये डेविड लालरिंगसांगा को स्पेशल सीपी एसपीयूडब्ल्यूएसी और एसयू पीयूएनईआर, धीरज कुमार को दिल्ली पुलिस अकादमी के निदेशक के रूप में तैनाती दी गई है। राज कुमार सिंह भी बाहर से ट्रांसफर होकर दिल्ली पहुंचे है और इन्हें ज्वाइंट सीपी पीएंडएल नियुक्त किया गया है। ज्वाइंट सीपी विजय कुमार डीपीएचसीएल से पूर्वी रेंज की कमान सौंपी गई है। बाहर से आये उमेश कुमार को एडिशनी सीपी सिक्युरिटी, स्पेशल सेल की एडिशनल सीपी प्रतीक्षा गोदारा को डीपीएचसीएल में स्थानांतरित किया गया है। डीसीपी बाहरी उत्तरी जिला निधिन वलसन को मध्य जिले की कमान दी गई है। साउथ ईस्ट जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह को डीसीपी ईओडब्ल्यू, राजीव रंजन को वेलफेयर से डीसीपी रोहिणी बनाया गया है। वी हरेश्वर स्वामी को 5वीं बटालियन से बाहरी उत्तरी क्षेत्र के डीसीपी पद पर भेजा गया है। अमित गोयल को रोहिणी से दक्षिण पश्चिम जिले की कमान सौंपी गई हैं। हेमंत तिवारी को आईएफएसओ से डीसीपी दक्षिण पूर्व बनाया गया है। शरद भास्कर दराडे को डीसीपी ट्रैफिक पद पर तैनात किया गया है। जम्मू कश्मीर से दिल्ली आये संजीव कुमार यादव अब डीसीपी क्राइम होंगे। कुशल पाल सिंह जो पहले यातायात में थे, अब डीसीपी मेट्रो होंगे। महेश कुमार बरनवाल को डीसीपी 5वीं बटालियन बनाया गया है, जबकि विष्णु कुमार अतिरिक्त डीसीपी रोहिणी को डीसीपी 6वीं बटालियन के पद पर तैनात किया गया है।

दानिप्स अधिकारियों में विनीत कुमार (2004) को डीसीपी पीएंडएल से डीसीपी आईएफएसओ इकाई में स्थानांतरित किया गया है। लक्ष्मी कंवट एडिशनल डीसीपी (पश्चिम) को डीसीपी सुरक्षा नियुक्त किया गया है। सुबोध कुमार गोस्वामी को 8वीं बटालियन से डीसीपी यातायात लगाया गया हैं। दीपक यादव एडिशनल डीसीपी (बाहरी क्षेत्र) को डीसीपी पीएंडएल बनाया गया है। छह आईपीएस अधिकारियों को अतिरिक्त डीसीपी के पद पर तैनात किया गया है।

■ चार जिलों के कप्तान भी बदले गये

# कलस्टर बस संचालकों को जल्द मिलेगी 300 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली\

दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के बाद दिल्ली के कलस्टर बस संचालकों की दिल्ली सरकार के पास 300 करोड़ रुपए की राशि रूकी हुई है जिसके बाद ये बस संचालक अपनी बसों के संचालन को काफी परेशान हैं। वहीं, इस देय राशि को लेकर दिल्ली परिवहन विभाग की आयुक्त निहारिका राय ने बताया कि जल्द ही यह राशि जारी कर दी जाएगी। बता दें कि करीब 14 दिन पहले दिल्ली देहात के सेक्टर 37 डिपो में बस चालकों व संवाहकों ने वेतन नहीं मिलने के चलते एक दिन की सांकेतिक हड़ताल भी की थी। इसे लेकर कलस्टर बस संचालक काफी परेशान हो गए थे।इस संबंध में दिल्ली टैक्सी, टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स एवं टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को क्लस्टर योजना के तहत दिल्ली में स्टेज कैरियर (क्लस्टर बसें) का संचालन (परिवहन विभाग के साथ रियायती समझौता) के संदर्भ में 300 करोड़ रुपए की राशि के भुगतान के लिए पत्र भी लिखा है और साथ ही परिवहन विभाग आयुक्त को भी पत्र लिखा है। एसोसिएशन ने पत्र में लिखा है कि 9 कंपनियाँ मिलकर क्लस्टर योजना के तहत दिल्ली में 3000 से अधिक क्लस्टर बसें चला रही हैं।

■ वेतन नहीं मिलने से बस कर्मियों ने थी एक दिन सांकेतिक हड़ताल


**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 126 दिनांक 25.05.2025 धारा 281,106 (1) BNS 2023 थानापुरानी सब्जी मंडीरोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम-नामालूम
पिता/पति- नामालूम
पता - नामालूम
उम्र- 45-50वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, सफेद व काली दाढी। पहनावा सफेद व हरे रंग की धारीदार शर्ट, व शर्ट के नीचे सफेद रंग की बनियान, स्लेटी रंग की लोवर जिस पर सफेद रंग के अक्षरों में RD लिखा हुआ है।

दिनांक 25.05.25 को समय करीब 01.00 AM पर एक नामपता नामालूम नाश गोहाना गोल चक्कर से करीब 200 मीटर आउटर जींद बाईपास रोड रोहतक की तरफ लावारिस हालात में पडी मिली है। जिसके सिर व शरीर के अन्य भागों पर RSA चोटों के निशान पाए गये हैं। ऐसा प्रतीत होता हे किसी अज्ञात व्हीकल ने इस पैदल चल रहे अज्ञात व्यक्ति के साथ एक्सीडेंट किया है। उपरोक्त नाश नामपता नामालूम है जिसकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है। दिनांक 25.05.25 को अज्ञात नाश का पोस्टमार्टम कराकर मोर्चुरी हाउस, पी.जी.आई.एम.एस रोहतक में 72 घंटे के लिए रखी गई है। यदि इस अज्ञात नाश बारे किसी के पास कोई सूचना है। तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर पुलिस चौकी सुखपुरा, पुरानी सब्जी मंडी रोहतक से संपर्क करे।

1. प्रबन्धक थानापुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8221912252

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**डी.डी.न.12 दिनांक 27.05.2025 धारा 194 BNSS थानासांपला जिला रोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम - नामालूम
पिता/पति- नामालूम
पता - नामालूम
उम्र- 50-55 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच ।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा। पहनावासफेद रंग का कुर्ता पजामा पहने हुए है।

दिनांक 27.05.25 को एक नामपता नामालूम बुजुर्ग व्यक्ति की नाश सूर्या हास्पिटल सांपला के सामने खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सांपला के पास मिली है। उपरोक्त नाश नामपता नामालूम है जिसकी अभी तक कोई शिनाख्त नहीं हुई है। दिनांक 27.05.25 को अज्ञात नाश का पोस्टमार्टम कराकर मोर्चुरी हाउस, पी.जी.आई.एम.एस रोहतक में 72 घंटे के लिए रखी गई है। यदि इस अज्ञात नाश बारे किसी के पास कोई सूचना है। तो निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर पुलिस चौकी सांपला से संपर्क करें।

1. प्रबन्धक थानासांपलारोहतक- 7082999219
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपलारोहतक- 9034533187

पीआरडीएच-1084/11/3446/2026/35171/88/7 दि. 28.05.2025


# समयपुर बादली हत्याकांड में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समयपुर बादली हत्या केस में वांछित दो आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ पहले से कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं मिला। पकड़े गये आरोपियों के नाम प्रदीप और पुरूषोत्तम है। दोनों दिल्ली के ही रहने वाले हैं। इनके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये हैं। आपसी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया था।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक दोनों आरोपी लिबासपुर, दिल्ली के रहने वाले हैं। पढ़ाई छोड़ने के बाद प्रदीप गलत संगत में पड़कर अपने दोस्तों के साथ शराब पीने लगा। पुरुषोत्तम, लिबासपुर में ही एक स्कूल में सुरक्षा गार्ड था। बुरी संगत में पड़कर दोनों ने साथियों के साथ मिलकर चंदन नाम के व्यक्ति की 12 मई को गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसीपी नरेन्द्र बेनीवाल व इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व वाली टीम को इनके बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद शाहबाद डेयरी इलाके में ट्रैप लगाकर दोनों को दबोचा गया। पूछताछ में पता चला कि वारदात के समय चंदन बाइक से मेट्रो स्टेशन सेक्टर 18 रोहिणी के पास आया था। पूछताछ में पता चला कि चंदन भी नशे का आदी था और इलाके में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए लोगों से मारपीट करता था। कुछ दिन पहले चंदन ने पुरुषोत्तम और प्रदीप को अलग-अलग मौकों पर पिटाई कर दी थी। इसलिए दोनों चंदन को सबक सिखाना चाहते थे। प्रदीप ने पिस्टल का इंतजाम किया था। घटना वाले दिन इन्होंने चंदन को उसके दोस्त संदीप के जरिए सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन के पास मामला सुलझाने और बात करने के लिए बुलाया था। इस दौरान पुरुषोत्तम और संदीप ने चंदन को पकड़ लिया और प्रदीप ने उस पर फायरिंग कर दी थी।

# 35 लाख लेकर फरार अकाउंटेंट यूपी के होटल से किया अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की मोती नगर पुलिस ने 35 लाख रुपये लेकर फरार हुये अकाउंटेंट को यूपी के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया है। इसने आजमगढ़ के एक होटल में बेड के नीचे कैश रखा हुआ था। इसे पूरे कैश के साथ गिरफ्तार कर दिल्ली लाया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विवेक राज उर्फ साहिल है। वह हरियाणा के गुरुग्राम, मानेसर का रहने वाला है।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार कुल 34 लाख 98 हजार 550 रुपए कैश चोरी हुआ था। पुलिस टीम ने पूरा कैश बरामद कर लिया है। पुलिस को मोती नगर के मिलन सिनेमा के सामने स्थित मैग्नम हाउस में चल रही एक कंपनी के ऑफिस से कैश चोरी होने की सूचना 24 मई को मिली थी। शिकायत के बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की और सीसीटीवी फुटेज, टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी के बारे में पता लगाना शुरू किया। छानबीन में पुलिस को पता चला कि कंपनी में कार्यरत फील्ड ऑफिसर ने ऑफिस के अंदर अलमारी में कैश रखा था और वह लाजपत नगर ब्रांच में काम के सिलसिले में चला गया था। जब वह शाम 7:15 बजे वापस लौटा तो अलमारी खुली हुई थी और कैश उसमें नहीं था। अकाउंटेंट भी वहां नहीं था। अकाउंटेंट की तलाश में पुलिस टीम हरियाणा के गुरुग्राम गई। इसके बाद नोएडा और बाद में आजमगढ़ पहुंची। करीब 40 होटल खंगाले और आखिर में टीम होटल मंगलम पहुंची जहां आरोपी आराम कर रहा था। उसने कैश बैग को बेड के नीचे छुपाकर रखा हुआ था।

# मेट्रो में नौकरी का झांसा देकर 13 लाख की ठगी का आरोपी दबोचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डीएमआरसी में नौकरी का झांसा देकर 13.21 लाख की ठगी करने वाला जालसाज नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने पकड़ा है। इसने फर्जी डीएमआरसी मेल का इस्तेमाल कर पीड़ित को फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजा था। पीड़ित के मूल शैक्षणिक दस्तावेज भी सफलतापूर्वक बरामद कर लिये गये हैं।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार धोखाधड़ी करने वाले भूपेंद्र गुरु (27) निवासी सुल्तानपुरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने दिल्ली मेट्रो में नौकरी दिलाने के बहाने शिकायतकर्ता को ठगा था। इसने मॉडल टाउन निवासी शिकायतकर्ता महिला को डीएमआरसी की जाली ईमेल आईडी का उपयोग करके ईमेल पर एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजा था।

# गलती से चली गोली कैश वैन के ड्राइवर को लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले के राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र में बुधवार को एक कैश वैन के ड्राइवर को गलती से चली गोली लग गई। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसका इलाज चल रहा है और हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार बुधवार को मार्बल मार्केट में सीएनएस कंपनी की कैश ले जाने वाली वैन में एक व्यक्ति को गोली लगने का मामला सामने आया। परिस्थितियों की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह दुर्घटनावश चली गोली का मामला है, जिसमें वैन के चालक के पैर में गोली लग गई। हालांकि परिस्थितियों की विस्तार से जांच की जा रही है। घायल को अस्पताल ले जाया गया है और उसका इलाज चल रहा है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. अनुज कुमार जैन, पुत्रः अजय कुमार जैन, पताः डी–161, फेज – 01, प्रथम तल, अशोक विहार, दिल्ली, 2. ओम प्रकाश जाट, पुत्रः हमेर लाल जाट, पताः 24, शिवम विहार, तीतरड़ी, उदयपुर, राजस्थान** ने **FIR No. 119/2024, Dated: 14.06.2024, U/s: 419/420/120B, पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किये है (या संदेह है कि उन्होंने किये है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. अनुज कुमार जैन, 2. ओम प्रकाश जाट** मिल नहीं रहे है और मुझे सनाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. अनुज कुमार जैन, 2. ओम प्रकाश जाट** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना क्राइम ब्रांच, दिल्ली** के अभियुक्त **1. अनुज कुमार जैन, 2. ओम प्रकाश जाट** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नुपुर गुप्ता
एलडी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कमरा नं. 516
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6662/Crime/2025



**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd.off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp.Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001,
Ph.0124-2719000, Fax : 0124-2719100 CIN: L26912DL1991PLC045449 ,
Website : www.sainikfinance.com , Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

**Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31 March 2025** (Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Audited) | 3 months ended (Reviewed) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Audited) | Year to date figures for current year ended (Audited) | Previous Accounting Year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| 1 | Total Income from operations | 525.72 | 398.13 | 369.29 | 1,672.82 | 1,532.59 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 270.20 | 140.51 | 65.47 | 623.29 | 267.86 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 270.20 | 140.51 | 65.47 | 623.29 | 267.86 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 267.04 | 140.29 | 49.02 | 617.61 | 200.46 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 267.04 | 140.29 | 49.02 | 612.21 | 201.86 |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share :Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | 3,331.26 | 2,654.44 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | 2.45 2.45 | 1.29 1.29 | 0.45 0.45 | 5.68 5.68 | 1.84 1.84 |

Notes:-
1. The above is an extract of the detailed format of Financial Result for the quarter and year ended 31 March 2025 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements ) Regulation, 2015. The full format of the quarter and annual financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The above financial result were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 28 May, 2025.
3. The auditor have carried out audit of the financials for the quarter and for the financial year ended on 31 March 2025 as required under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulation 2015 and the related unmodified Audit Report on the same forwarded to the Stock Exchanges.
4. The figures for the 3 months ended on 31 March 2025 and corresponding 3 months ended on 31 March 2024 are balancing figure in respect of the full financial year and the year to date figures upto the third quarter of the respective financial years.
5. Previous periods'/years' figures have been regrouped /recasted wherever necessary.

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 28 May 2025

For and on behalf of the Board
Sainik Finance & Industries Limited
sd/-
Sarvesh Sindhu
Director (DIN-06545787)




# देश को विकसित भारत की दिशा में ले जाने के लिए युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : रेखा

## सीएम श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स के प्रतिभा सम्मान समारोह में हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आज के छात्र ही कल के भारत के कर्णधार हैं। देश को 'विकसित भारत' की दिशा में ले जाने के लिए हमारे युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बातें बुधवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने पीतमपुरा स्थित श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। सीएम ने कहा कि यह सम्मान समारोह केवल प्रमाणपत्र देने का अवसर नहीं, बल्कि युवाओं को नई प्रेरणा देने का मंच भी है। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह जी के आदर्शों की




चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व को समझना भी है। उन्होंने आगे बताया कि कैसे इस कॉलेज से उनका नाता पहले एक छात्रा की उम्मीद के रूप में, फिर एक युवा कार्यकर्ता, एक अभिभावक और अब एक मुख्यमंत्री के रूप में रहा है।

मुख्यमंत्री ने कॉलेज के शिक्षकों, स्टाफ और प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा बल्कि संस्कार और समाज सेवा की भावना विकसित करने वाला संस्थान है। मुख्यमंत्री ने सिख समाज के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सरकार ने 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार को ही सिख दंगों के पीड़ित परिवार के 125 लोगों को नौकरियों की स्वीकृति दी गई है।

# मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का किया उद्घाटन

## जनता को समर्पित किए पार्कों में नए वॉकिंग ट्रैक, फुटपाथ और रोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पीतमपुरा के एसयू पार्क और यूयू पार्क में फुटपाथ का उद्घाटन किया गया, और एनपी ब्लॉक, पीडी और क्यूडी ब्लॉक में नवनिर्मित रोड और अन्य नागरिक सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि जब मैं पहली बार 2007 में निगम पार्षद बनी थी, तब यह पार्क पूरी तरह उजाड़ स्थिति में था। लेकिन हमने धीरे-धीरे इसमें विकास कार्य करवाए,



यहां फुटपाथ, शौचालय, झूले, ओपन जिम बनवाएं। उन्होंने कहा कि यह मेरी ज़िम्मेदारी है कि इस पार्क को 'अमृत उद्यान' की तरह सुंदर और हरा-भरा बनाया जाए। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क के रीडेवलपमेंट का कार्य जल्द पूरा किया जाए और इसे फूलों से सजाया जाए ताकि यह एक आदर्श सार्वजनिक स्थान बन सके। इसके साथ ही सीएम ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में शालीमार बाग और पीतमपुरा में कराए गए विकास कार्यों का विवरण भी साझा किया। उन्होंने बताया कि शालीमार बाग और पीतमपुरा विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों को गति दी गई है।

### आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान तलाश रही दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पीतमपुरा में विकास कार्यों के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि सरकार आवारा कुत्तों की समस्या का स्थायी समाधान तलाश रही है। कार्यक्रम में एक बुजुर्ग महिला ने आवारा कुत्तों का मुद्दा उठाया। गुप्ता ने कहा कि मैं आवारा कुत्तों से होने वाली समस्याओं को हल करने पर काम कर रही हूं। इस समस्या में लोगों के साथ-साथ बेजुबान जानवर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार बाशिंदों के साथ-साथ इन जानवरों की देखभाल करने वालों को एक साथ लाने के लिए एक मंच बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक कानून है और आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में नहीं रखा जा सकता या उन्हें उन सड़कों से विस्थापित नहीं किया जा सकता जहां वे रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार एक दीर्घकालिक समाधान की तलाश कर रही है जिसमें न तो लोगों को और न ही जानवरों को असुविधा हो।

# निगम स्थायी समिति में सदस्य के लिए पार्षदों ने भरे नामांकन पत्र





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की आगामी तीन जून को होने वाली सदन बैठक में सदन की तरफ से स्थायी समिति के सदस्य पद के लिए चुनाव होना है। इसको लेकर निगम सचिव कार्यालय में बुधवार को आम आदमी पार्टी की तरफ से हेमा ने और भाजपा की तरफ से सत्या शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। पार्षद सत्या शर्मा के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान उनके साथ दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह, उपमहापौर जयभगवान यादव आदि मौजूद रहे। वहीं, दूसरी तरफ निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग, दिल्ली के पूर्व महापौर महेश कुमार खिंची, निगम पार्षद पुनीत राय, गगन चौधरी और श्रीचंद वोहरा मौजूद रहे। निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने हेमा को शुभकामनाएं देते हुए भरोसा जताया कि आम आदमी पार्टी इस पद को अवश्य जीतेगी।

## दिल्ली में नालों की गाद की जाए साफ : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नालों से गाद की सफाई (डिसिल्टिंग) का कार्य युद्ध स्तर पर की जाए। दिल्ली नगर निगम के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बुधवार को सभी जोन के उपायुक्तों के साथ मानसून तैयारियों, नालों से गाद निकालना, जल भराव की समस्या को लेकर बैठक में यह निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक का उद्देश्य नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना, सभी जोन में मुख्य जलभराव बिंदुओं की पहचान व समाधान, विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना पर चर्चा करना करना था। बैठक में उप महापौर जयभगवान यादव व नव नियुक्त नेता सदन प्रवेश वाही ने भी मॉनसून तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में महापौर ने यह भी स्पष्ट किया कि मानसून से पहले सभी ज़रूरी कार्यों को पूर्ण करना अनिवार्य है, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और जल निकासी व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित रहे। यहां उपायुक्तों को निर्देश दिए कि इन सभी बिन्दुओं पर नोडल अधिकारी सुनिश्चित करें कि जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो। सभी ज़ोन में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि डिसिल्टिंग व जल भराव के दौरान प्रत्येक ज़ोन में पर्याप्त संख्या में मशीनें, पंप तथा सफ़ाई कर्मी व बेलदार की उपलब्धता हो, ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाट में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रदर्शनी की आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को आईएनए स्थित दिल्ली हाट में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक प्रदर्शनी आयोजित की। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन दिल्ली के पर्यटन विभाग मंत्री कपिल मिश्रा ने किया। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली हाट न केवल राजधानी का सांस्कृतिक केंद्र है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले लाखों पर्यटकों का प्रिय स्थल भी है। 'ऑपरेशन सिंदूर' प्रदर्शनी भारतीय सेना की वीरता और त्याग को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास है। यह प्रदर्शनी देशवासियों और विदेशी पर्यटकों को भारतीय सेना के अद्भुत साहस और शौर्य की याद दिलाएगी। इस प्रदर्शनी में प्रतीकात्मक सिंदूर भी रखा गया है, जिसे पर्यटक तिलक के रूप में प्रयोग कर सेना को सम्मान दे सकेंगे। मंत्री मिश्रा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में दर्शाया गया है कि किस प्रकार भारतीय सेना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया।

# राजा हरिश्चंद्र अस्पताल: गर्मी से मरीज परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में गर्मी के चलते मरीज परेशान हैं और तीसरी मंजिल स्थित हड्डी वार्ड के मरीज कूलर का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ मरीजों ने भोजन के लिए बताया कि उन्हें यहां बेहतर खाना मिल रहा है। हड्डी वार्ड में मरीजों ने बताया कि यहां कूलर नहीं है और गर्मी अधिक है। कूलर की व्यवस्था हो जाए तो कुछ हद तक राहत मिल सकती है। वहीं, चौथी मंजिल पर मेडिसिन वार्ड में कूलर भी लगे हुए थे लेकिन एक कूलर का पहिया टूटा हुआ था जिसके चलते कूलर से पानी निकल रहा था और नीचे फर्श पर फैल रहा था। इसी मंजिल पर जल जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया के मरीजों के लिए मच्छरदानी लगे बिस्तरों की व्यवस्था भी की गई है। इस संबंध में अस्पताल के अधिकारी से पूछा तो उन्होंने मीडिया प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया।



## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने वाहन चोरी के एक मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मनीष निवासी एसजीएम नगर फरीदाबाद ने पुलिस थाना एसजीएम नगर फरीदाबाद में दी शिकायत में आरोप लगाया कि वह ऑटो चलाने का काम करता है, 28 मार्च 2025 को समय करीब सायं 8 बजे आपना ऑटो अपने घर के बाहर गली मे खड़ा किया था। जो सुबह 7 बजे मैंने अपना आटो देखा तो वहां पर नही था जिसे किसी अंजान व्यक्ति ने चुरा लिया था।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** थाना छायंसा की टीम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 मई को एक लडकी ने थाना छायंसा मे दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि अक्टूबर 2022 को जब वह अपने खेत में जा रही थी, तब लड़की को आरोपी ने पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी। बेहोश हो गई और फिर आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया और उसकी अश्लील फोटो वीडियो बना ली। जिसको दिखाकर उसने कई बार लड़की के साथ गलत काम किया।

### 25 लाख रुपए की ठगी का आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** अवैध पार्सल का डर दिखाकर 2540000 रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेंट्रल में सेक्टर-80 फरीदाबाद वासी ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 29 नवंबर 2024 को एक कॉल आया जिसमें ठग ने खुद को कथित कस्टम अधिकारी बताया उसके नाम से एक पार्सल मलेशिया जा रहा है, जिसमे 16 फर्जी पासपोर्ट, 140 ग्राम एमडीएमए तथा 58 एटीम कार्ड है। शिकायतकर्ता ने ऐसा कोई पार्सल उसके द्वारा नहीं भेजने की बात कही गई।

सरकारी व निजी विद्यालयों में आयुष योग सहायकों द्वारा बच्चों को दी गई योग की प्रेरणा और प्रशिक्षण

# विद्यालयों में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न छात्रों में योग के प्रति बढ़ी जागरूकता, किया अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। इसी क्रम में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय की पहल पर 26 से 28 मई तक जिला के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। तीन दिवसीय विशेष योग अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का संचालन आयुष योग सहायकों की देखरेख में किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम, ध्यान विधियों एवं जीवनशैली से जुड़े स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों की जानकारी दी।

**खास बातें**

- 26 से 28 मई तक जिले में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- कार्यक्रम का संचालन आयुष योग सहायकों की देखरेख में किया गया



### बच्चों ने पूरे मनोयोग से योग सीखा

*जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोनिषा लांबा ने बताया कि इन 3 दिनों में योग सहायकों द्वारा योग प्रशिक्षण कराया गया। यह आयोजन योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम है और विभिन्न विभागों की सहभागिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और प्रतिस्पर्धा के दबाव के चलते आज विद्यार्थियों को मानसिक तनावए एकाग्रता की कमी, थकान और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकताए योग की नियमितताए और समग्र कल्याण की भावना विकसित करना है। तीन दिवसीय योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। बच्चों ने पूरे मनोयोग से योग सीखा और अभ्यास किया।*

## उपायुक्त सतबीर मान ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति के संबंध में समीक्षा बैठक

ट्रैफिक सिग्नल्स की कार्यशीलता और स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की नियमित करें निगरानी

# बरसात से पहले सड़कों के मरम्मत कार्य को पूरा करने के दिए निर्देश

**भीड़भाड़ रोकने के लिए चौराहों पर खड़े वाहनों और रेहड़ियों पर लगाए रोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार कक्ष में बुधवार को रोड सेफ्टी की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा व यातायात प्रबंधन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि बरसात से पहले जिला में सभी सड़कों की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। साथ ही जलभराव वाले स्थानों को चिहनहित कर व्यवस्था करें की बरसात के समय सड़कों पर जलभराव न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे व अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद किया जाए। उन्होंने एनएच और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे उनसे संबंधित सड़क परियोजनाओं के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि शहर के प्रमुख चौराहों, मोड़ के आसपास किसी भी प्रकार का वाहन,




रेहड़ी आदि को खड़ा न होने दें, जिससे भीड़भाड़ और जाम की स्थिति बनती है। सडक़ों के किनारे और पुलों के नीचे हो रहे अतिक्रमण न होने दे और जहां अतिक्रमण हो उसको जल्द से जल्द हटवाएं। इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि सड़कों के बीच लगे सुरक्षा ग्रिल टूटे न हों और यदि बिजली के पोल सड़कों के बीच में हैं, तो उन्हें शीघ्रता से शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी मोड़ या चौराहे के आसपास खुला स्थान होना जरूरी है। दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान होनी चाहिए और दुर्घटनाओं के कारण का पता होना चाहिए। एडीसी सतबीर मान ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से रोड मार्किंग, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल्स की कार्यशीलता और स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की भी नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि सड़कों पर पर्याप्त रोशनी बनी रहे और दुर्घटनाओं की संभावना न्यूनतम हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन को कहा कि जरूरी जगहों पर कैट आई या साइन बोर्ड लगाएं जाएं ताकि हादसे न हो। विशेषकर तीव्र मोड़ पर साइन बोर्ड व स्पीड लिमिट के बोर्ड होना जरूरी है। सडक़ के बीच में अगर किसी भी प्रकार का कोई खंबा लगा हो, संबंधित विभाग उसपर कार्यवाही करके उसे आमजन की सुरक्षा को देखते हुए सड़क के बीच से हटाकर साइड पर लगवाए। शहर में जिन भी सड़कों पर गड्ढे हो या सड़क टूटी हो उसका मुआयना कर उसको जल्द से जल्द ठीक करें। इस दौरान आरटीए सचिव मुनीश सहगल ने रोड सेफ्टी के बारे में समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने एडीसी को बताया कि दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए रॉंग साइड गाड़ी चलाने वालों के चालान कर जुर्माना लगाया जा रहा है। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, डीसीपी जयवीर सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण सहित रोड़ सेफ्टी से जुड़ें अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गत रात्रि भट्टी कलां एवं पाली क्षेत्र में सक्रिय रही जांच टीम

## जिला प्रशासन ने अवैध खनन पर कसा शिकंजा संयुक्त टीमें चला रही निरीक्षण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गत रात्रि जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान के नेतृत्व में खनन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा क्रेशर जोन रोड, संजय कॉलोनी, भट्टी कलां एवं पाली से सटे क्षेत्रों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही अवैध खनन गतिविधियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्यवाही करना है।

गत रात्रि चलाए गए औचक निरीक्षण अभियान के दौरान टीम ने सक्रियता दिखाते हुए कई संदिग्ध वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान खनन गतिविधियों से संबंधित दस्तावेजों की भी गहन पड़ताल की गई। जिला प्रशासन का यह कदम खनन माफियाओं को स्पष्ट संदेश देता है कि अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान न केवल अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है, बल्कि खनन क्षेत्र में



पारदर्शिता, जवाबदेही कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रति प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत, खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं विभागीय गतिविधियों की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य खनन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को समाप्त करना है। महानिदेशक के आदेशों के अनुसार, विभागीय टीम पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रही है और सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जिला खनन अधिकारी कमलेश बिधलान ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान सभी वाहनों के पास वैध ई-रवाना बिल पाए गए।

अन्य 8 आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ा

## चेकिंग के दौरान भागा बदमाश पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान क्रैक डाउन लगातार चल रहा है। मंगलवार की रात में विजय नगर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान गोली चलाने से घायल हो गया। इससे पहले मंगलवार को गौतमबुद्धनगर के सिपाही की हत्या के मामले में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही आठ अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ा है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि रात्रि में थाना विजयनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मोटर साइकिल सवार बदमाश को



पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया किन्तु नहीं रूका। मोटर साइकिल सवार व्यक्ति मोटर साइकिल को पीछे मोड़ कर रायल टॉवर की तरफ भागने लगा। जिसका पीछा पुलिस ने पीछा किया तथा मोटर साइकिल सवार व्यक्ति हिंडन बैराज से करीब 500 मीटर आगे हिंडन नदी पुस्ते पर अनियंत्रित होकर गिर गया। जिसको पुलिस पार्टी ने आत्मसर्मपण हेतु कहा गया तो पुलिस पार्टी को आता देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया गया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद खालिद** पुत्र **मोहम्मद याकुब** निवासी **गांव अदबीर, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा** ने case **FIR No. 100/2017 U/s 420/174A IPC, थाना सरिता विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मोहम्मद खालिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद खालिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 100/2017 U/s 420/174A IPC, थाना सरिता विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद खालिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 16.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा
एलडी. न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 510, दक्षिण पूर्व जिला
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, दिल्ली

DP/6513/SE/2025(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | NITNO.18/CH-58/RGTPP/ EMD-I/143,DATED16.05.2025 TENDER ID:2025_HBC_447325_1 HEWP NO.2025E2017C23 2936 41C4A3D9 D5ABF0589D42712PGC | शुद्धिपत्र–प्रथम बोली जमा की निर्धारित तिथि : 30.05.2025 11:00 बजे तक / खुलने की तिथि 31.05.2025 11:00 बजे तक। आरजीटीपीपी, हिसार में यूनिट I और II हेतु विद्युत उपकरण और सहायक सामग्री के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | https://etenders.hry.nic.in | 9354516231 seremd1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35177/I/88/7 दि. 28.05.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में विभिन्न स्थानों पर साइन बोर्ड का प्रावधान व फिक्सिंग। | 26.05.2025 02.06.2025 | 25.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | एम.सी. बावल में नाला पर प्रीकास्ट आरसीसी कवर का प्रावधान / बिछाना। | 26.05.2025 13.06.2025 | 83.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35178/I/88/7 दि. 28.05.25


# एकॉर्ड अस्पताल में स्टेम सेल थेरेपी की शुरुआत वैस्कुलर रोगियों को मिली नई जिंदगी की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित सेक्टर-86 के एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल ने वैस्कुलर रोगों के इलाज में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अस्पताल के कार्डियक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. बीजू शिवम पिल्लै के नेतृत्व में स्टेम सेल थेरेपी की शुरुआत की गई है। इस तकनीक से हाल ही में एक मरीज का सफल उपचार किया गया, जो अब पूरी तरह स्वस्थ है। इस उपलब्धि पर अस्पताल के सीएमडी डॉ. जितेंद्र कुमार ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल न केवल फरीदाबाद की मेडिकल प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देगी, बल्कि पूरे देश में वैस्कुलर रोगियों के लिए एक नई आशा की किरण बनेगी। पत्रकार वार्ता में डॉ. पिल्लै ने बताया कि स्टेम सेल थेरेपी उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है जिन्हें पारंपरिक उपचार जैसे बाईपास सर्जरी एंजियोप्लास्टी या दवाओं से राहत नहीं मिलती और जिन्हें इनक्युरेबल मान लिया गया होता है। इस प्रक्रिया में मरीज की बोन मैरो या वसा ऊतक से



स्टेम सेल निकाले जाते हैं और उन्हें प्रोसेस कर रक्त प्रवाह की कमजोर जगहों पर इंजेक्ट किया जाता है। इसके बाद निगरानी के जरिए रक्त प्रवाह में सुधार और घाव भरने की प्रक्रिया को मूल्यांकित किया जाता है। डॉ. पिल्लै ने बताया कि इस तकनीक से अंगों को काटने की नौबत से बचा जा सकता है, वाहिकाओं के निर्माण से ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की बेहतर आपूर्ति होती है जिससे दर्द और जलन कम होती है तथा पुराने घाव तेजी से भरते हैं। एकॉर्ड अस्पताल का वैस्कुलर सर्जरी विभाग विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें जटिल मामलों की सर्जरी, एडवांस्ड स्टेंटिंग और अब स्टेम सेल ट्रांसप्लांट जैसी अत्याधुनिक तकनीकें शामिल हैं।

प्रमुख सचिव ने किया कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी रूप में न हो कोई समस्याः मुकेश मेश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रमुख सचिव पर्यटन, सांस्कृतिक एवं धर्मार्थ मुकेश मेश्राम बुधवार को यहां इंदिरापुरम पहुंचे और कैलाश मानसरोवर भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किसी भी रूप में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। मानसरोवर यात्रा 11 जून से 26 अगस्त तक चलेगी।

यात्रा के मद्देनजर उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होने कैलाश मानसरोवर यात्रियों के आवागमन, खान पान, विश्राम सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैलाश मानसरोवर भवन एवं प्रांगण में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण की विशेष



व्यवस्था की जाएं। उन्होने निर्देशित किया कि भवन में कमरों, शौचालयों को साफ व स्वच्छ रखना सुनिश्चित किया जांए, साथ ही सभी इलेक्ट्रोनिक उपकरण एसी, पंखा, कूलर, लाइट की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। शुद्ध पेयजल व विद्युत की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएं। राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराए जा रहे उक्त कार्यों के सम्बंध में प्रमुख सचिव महोदय ने निर्देशित किया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिला (एमडीआर-135) में उत्तावर सिकरावा, भादस रोड (आईडी 11131) आरडी 0.00 से 0.20 कि.मी. और आरडी 2.40 से 3.10 कि.मी. पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। (कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (ग्रुप-I) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 02.06.2025 | 181.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में 81.90 कि.मी. पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 27.05.2025 05.06.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में करनाल कैथल रोड (एसएच-08) (आईडी 7080) (कि.मी. 56.40 से 69.40) की विशेष मरम्मत (डब्ल्यू.पी. 2025-26 के तहत)। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 1755.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 4 | जिला परिषद सोनीपत | गांव नांगल कलां में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 10 कार्य। | 27.05.2025 05.06.2025 | 709.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कैथल | गांव कमालपुर खण्ड कलायत में संदिल मण्डी रोड पर शमशान घाट की चारदिवारी और शैड का निर्माण। | 27.05.2025 02.06.2025 | 14.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनौली, खण्ड बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण + 1 कार्य। | 27.05.2025 03.06.2025 | 22.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव अलीपुर खालसा, खण्ड घरौंडा, जिला करनाल में महिला मीटिंग हॉल का निर्माण + 4 कार्य। | 27.05.2025 16.06.2025 | 45.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कैथल | गांव कौल में बलवान सिंह पटेरकर के मकान से मुख्त्यार सिंह के मकान तक गली का निर्माण। | 27.05.2025 02.06.2025 | 12.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 9 | सिविल सर्जन, पंचकूला | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, पंचकूला के लिए समवर्ती अंकेक्षक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन का प्रकाशन। | 02.06.2025 17.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1722573907 dhs.cspkl@hry.nic.in |
| 10 | श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय छैनसा, फरीदाबाद | वैधानिक निकायों से अनुमोदन प्राप्त करने जैसे एसईआईएए से पर्यावरणीय अनापत्ति, सहमति (???/???), एचएसपीसीबी से स्कीम बीएमडब्ल्यू ऑथोराइजेशन इत्यादि के लिए ई-निविदा सूचना, छैनसा, फरीदाबाद में 470 बिस्तर वाले हस्पताल श्री अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय और हस्पताल | 26.05.2025 23.06.2025 | ईएमडी 17.400 | https://etenders.hry.nic.in | 1292840600 dirsabvgmc-fbd.dmer@hry.gov.in |
| 11 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (7 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (13 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य योजनाओं के तहत मशीनरी और उपकरण (19 एम एंड ई मदें) की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | सम्पूर्ण प्रणाली की सात वर्ष की वारंटी सहित रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम सहित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | एसआईईटीएस में डिग्री कोर्सेज (बी.टेक.) की सिविल इंजीनियरिंग शाखाओं के लिए मशीनरी और उपकरण (एम एंड ई) मदों की खरीद। | 28.05.2025 27.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदें निहित सूची अर्थात स्पेक्टोमीटर (01 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 86 मदें तक मदें निहित सूची (86 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक, आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | स्टोर का वर्णन :- क्र. सं. 01 से 03 मदें तक मदें निहित सूची (03 मदों का सिंगल लॉट)* | 29.05.2025 24.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/360/35195/I/88/7 दि. 28.05.25

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से युवक की मौत



**हमीरपुर।** राठ-हमीरपुर मार्ग पर बुधवार सुबह कीरतपुर नहर के पास सुबह टहलने निकले युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार में फंस जाने से युवक को सौ मीटर तक घसीटता चला गया। दुर्घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोग युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए, यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में महिला की मौत



**बेतिया।** बेतिया के इनरवा थाना क्षेत्र के नगरदेही गांव के पास शुक्रवार को एक हृदयविदारक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से हुआ, को गहरे शोक में डुबो दिया। मृतका की पहचान सविता देवी (40) के रूप में हुई है, जो भंगहा थाना क्षेत्र के गदियानी भंगहा गांव की रहने वाली थीं।

### प्रेमी के साथ पकड़ी गई पत्नी, पति को मारा



**गोपालगंज।** गोपालगंज के बरौली थाना क्षेत्र के बतरदेह टोला के कटहरीबारी गांव में महिला ने अपने ही पति को मार डाला। कारण बस इतना था कि उसके पति ने उसे प्रेमी के साथ रंगेहाथ पकड़ लिया था। पति ने विरोध किया तो उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को तलवार से काट कर मार डाला। पुलिस ने आरोपित महिला और उसके आशिक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयोग किया हुआ तलवार भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## सीएम योगी होंगे मुख्य अतिथि

# अयोध्या राम मंदिर में दूसरी प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने की तैयारी

अयोध्या के राम मंदिर में दूसरी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। पांच जून को आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को पूरा कार्यक्रम बताया।

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में 5 जून को एक और प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। इस प्राण प्रतिष्ठा के लिए जोरशोर से तैयारियां चल रही हैं। पहली की तरह इस दूसरी प्राण प्रतिष्ठा को भी भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि पांच जून को सुबह 11:25 से 11:40 के बीच राम दरबार समेत सभी आठ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा का यह भव्य कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा।



प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश की अगुवाई में 101 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। इससे पहले दो जून को शाम चार बजे मातृ शक्तियां जल कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। यह कलश यात्रा पुराने आरती स्थल से शुरू होगी श्रृंगरहाट हनुमानगढ़ी दशरथ महल होते हुए राम मंदिर के यज्ञ मंडप पर पहुंचेगी। 3 जून को यज्ञ मंडप पूजन अग्नि स्थापना का अनुष्ठान शुरु होगा चार जून को विभिन्न अधिवास पालकी यात्रा का आयोजन किया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्नि परंपराओं के संत, धर्म आचार्यों के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में संपन्न हुई थी।

### शेषावतार की भी होगी प्राण-प्रतिष्ठा

*श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने फैसला किया है कि राम दरबार व परकोटे के सभी छह मंदिरों की मूर्तियों के साथ शेषावतार लक्ष्मण जी के मूर्ति की भी प्राण-प्रतिष्ठा इसी समय कराई जाएगी। भले शेषावतार मंदिर का निर्माण अभी अधूरा है। फिलहाल इस मंदिर के गर्भगृह को मूर्ति की स्थापना के साथ प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूरी तरह तैयार करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। राम दरबार की मूर्ति के साथ शेषावतार लक्ष्मण जी की मूर्ति भी श्रीराम जन्मभूमि परिसर में पहुंच चुकी है और इस मूर्ति को अस्थाई मंदिर में रखवाया गया है। उधर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने सभी ट्रस्टियों को पत्र भेजकर यहां दो जून को पहुंचने का आग्रह किया है। उन्होंने ट्रस्टीज से अपेक्षा की है कि वह सभी तीन से 5 जून के मध्य आयोजित प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के साक्षी बनें। तीर्थ क्षेत्र महासचिव की ओर से ट्रस्टीज को भेजे गए पत्र में सूचित किया गया है कि तीन व चार जून को श्रीराम जन्मभूमि में शुरू होने वाला अनुष्ठान सुबह साढ़े बजे से शुरू होकर सायं साढ़े छह बजे तक चलेगा। पुनः पांच जून को सभी मूर्तियों में प्राणों का आह्वान अभिजित मुहूर्त के निर्धारित क्षणों में होगा और अपराह्न एक बजे अनुष्ठान की पूर्णाहुति हो जाएगी।*

## स्वागत के लिए खड़े अधिकारी घबरा गए

# कानपुर में योगी के हेलिकॉप्टर लैंडिंग में चूक, तय हैलीपैड के बजाय दूसरे पर उतरा

एजेंसी ▸▸ कानपुर

कानपुर में सीएम योगी के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के दौरान बड़ी चूक सामने आई। पायलट ने हेलिकॉप्टर को तय हैलीपैड के बजाय दूसरे हैलीपैड पर उतार दिया। तय हैलीपैड से 500 मीटर पहले हेलिकॉप्टर के लैंड करने से वेलकम के लिए खड़े अफसर घबरा गए। आनन-फानन में अधिकारी गाड़ियों से सीएम तक पहुंचे और उनका स्वागत किया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह चूक कैसे हुई। सूत्रों के मुताबिक, सीएसए यूनिवर्सिटी में दो हैलीपैड बनाए गए थे। दोनों के बीच की दूरी 500 मीटर है। एक हैलीपैड पीएम मोदी के लिए निर्धारित है, जबकि दूसरा मुख्यमंत्री और अन्य वीआईपी के लिए। पीएम मोदी के लिए निर्धारित हैलीपैड पर इस समय एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग का ट्रायल चल रहा है। इसी हैलीपैड पर सीएम योगी का हेलीकॉप्टर उतरा। बता दें कि इससे पहले, 20 अप्रैल को भी कानपुर में सीएम का हेलीकॉप्टर तेज हवा में डगमगा गया था।

### खास बातें

- 30 मई को पीएम मोदी आएंगे कानपुर
- सीएम योगी ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- मुख्यमंत्री ने पुलिस कमिश्नर, डीएम मंडलायुक्त से ली जानकारी





### पीएम के कार्यक्रम की तैयारियां देखने पहुंचे थे योगी

- पीएम मोदी 30 मई को कानपुर आ रहे हैं। वह यहां पावर प्लांट और मेट्रो के विस्तार का इनॉगरेशन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को देखने के लिए ही सीएम योगी बुधवार सुबह 11.30 बजे कानपुर पहुंचे।
- योगी ने सीएसए ग्राउंड में होने वाली पीएम की जनसभा स्थल की तैयारियों को देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसभा स्थल पर आने-वाले लोगों को किसी भी तरीके की कोई समस्या न हो।
- उन्होंने कहा- ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सफाई व्यवस्था का पूरा ध्यान रखा जाए। जनसभा के दौरान शहर में जाम न लगे। लोगों को जनसभा स्थल तक पहुंचने के लिए सबसे नजदीक पार्किंग की व्यवस्था की जाए।

### सीएम योगी ने गर्मी से बचाव को लेकर दिए निर्देश

*सीएम योगी ने गर्मी से बचाव को लेकर हर ब्लॉक में पानी और कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही शहर के अंदर चल रही प्रस्तावित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास को लेकर भी अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री का शेड्यूल्ड कार्यक्रम समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने ट्रैफिक सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर भी पुलिस कमिश्नर, डीएम, मंडलायुक्त से जानकारी की।*

### शिलान्यास और लोकार्पण योजना पर करेंगे चर्चा

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक घंटा पांच मिनट शहर में रुककर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम का रोडमैप खींचेंगे। मेट्रो, पनकी-घाटमपुर पावर प्लांट व दक्षिण में सौ बेड के अस्पताल समेत 11 बड़ी परियोजनाओं के साथ ही और योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण को लेकर बात करेंगे। उन्हें अंतिम रूप देंगे। मोदी करीब 20,656 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे।*



# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी के लिए रियल टाइम ट्रैकिंग पोर्टल व मोबाइल एप लॉन्च

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने स्वच्छता कार्यक्रम को और अधिक गति देने तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग में और अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बुधवार को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की निगरानी हेतु रियल टाइम ट्रैकिंग पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस डिजिटल पहल से नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में लाइव लोकेशन के आधार पर कचरा संग्रहण के कार्य में लगी गाड़ियां और मैनपावर की सटीक जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध हो सकेगी। प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र और एरिया में चलने वाली गाड़ी की लाइव ट्रैकिंग देख सकता है। इस कदम से यह भी सुनिश्चित होगा कि हर घर से नियमित रूप से कचरा उठाया जा रहा है या नहीं। वर्तमान में 37 नगर पालिकाएं इस पोर्टल पर लाइव हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री यहां जिला नगर आयुक्तों (डीएमसी) और नगर निगम आयुक्तों (एमसी) के साथ एक अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की गई।शहरों में लेगसी वेस्ट पर सख्त निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी शहर में कूड़े-कचरे के ढेर नहीं दिखाई दिए जाने चाहिएं।

### बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मान

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मियों की हाजिरी लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो निकाय स्वच्छता के मामले में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी, उसे सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने वाले एजेंसी कॉन्ट्रैक्टर को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि आज भी सीवरेज सफाई के दौरान जानी नुकसान होता है। इसलिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि सीवरेज सफाई से पहले सुरक्षा जांच अनिवार्य की जाए। यह चेक किया जाए कि सीवरेज में किसी प्रकार की गैस या अन्य जानलेवा रसायन की उपस्थिति न हों। उन्होंने सड़कों के मरम्मत को भी दिशा निर्देश दिए।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका जाने वाले छात्रों...

प्रक्रिया को विस्तार देना है। बताते चलें कि नए छात्र वीजा नियमों में सख्ती की यह कवायद बीते दिनों अमेरिका के कुछ शिक्षण संस्थानों में फिलिस्तीन के समर्थन में किए गए विरोध-प्रदर्शनों में छात्रों की बढ़चढ़कर की गई भागीदारी से जुड़ी हुई है। जिसके बाद कई विदेशी छात्रों को अमेरिका ने बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसमें करीब दो भारतीय छात्र भी शामिल हैं।

**जांच के लिए हर माध्यम का प्रयोग करेंगे** : अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने एक संवाददाता सम्मेलन में इस मामले पर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा कि जो बात अभी सार्वजनिक तौर पर नहीं कही गई है। मैं उसके बारे में कुछ नहीं बोलूंगी। लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगी कि एक संप्रभु देश होने के नाते अमेरिका को यह अधिकार है कि यहां कौन और क्यों आना चाहता है? उसकी पृष्ठभूमि क्या है? इसकी हम पहले से जांच-पड़ताल करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने कहा, वीजा के लिए आवेदन करने वालों के संबंध में हम देश में हर मौजूद संसाधन का उपयोग और विश्लेषण करेंगे। फिर चाहे वह कोई छात्र हो या कोई और ही क्यों न हो। यह जांच की कवायद हालांकि किन बिंदुओं पर केंद्रित रहेगी। उनका अमेरिकी प्रशासन की तरफ से फिलहाल कोई खुलासा नहीं किया गया है।

**बाइडन की नीति को ही आगे बढ़ा रहे ट्रंप** : अंतरराष्ट्रीय छात्र वीजा से जुड़े इस विवाद के साथ-साथ ट्रंप प्रशासन द्वारा बीते वक्त में हॉवर्ड विश्वविद्यालय की वैश्विक छात्रों को भर्ती करने की क्षमता पर भी रोक लगा दी गई थी। जिसमें विश्वविद्यालय के वह कार्यक्रम शामिल थे। जिनसे वह विदेशी छात्रों को वीजा के लिए स्पॉन्सर करते थे। इस मामले को न्यायालय में चुनौती दी गई थी। जिस पर फेडरल जज द्वारा रोक लगाई गई है। इसके अलावा देश में मौजूद हजारों अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कानूनी मौजूदगी पर अमेरिका पहले ही प्रश्नवाचक चिन्ह लगा चुका है? यहां बता दें कि ट्रंप से पहले के अमेरिकी प्रशासन ने सभी वीजा आवेदकों की जांच का कदम उठाया था। जिसमें सभी के सोशल मीडिया खातों की जांच करने की बात कही गई थी। इस लिहाज से ट्रंप की उक्त नीति वही है। जो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो.बाइडन के कार्यकाल में थी।

### आईएसआई से मेरे संबंध...

विशेषज्ञ हैं, 2013 में दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय परियोजना के तहत एक वर्ष के लिए पाकिस्तान में थीं। वह 2012-13 में भारत आईं और 2015 से यहां काम कर रही हैं। गोगोई ने कहा कि उनकी यात्रा का आईएसआई या पाकिस्तानी गृह मंत्रालय से कोई संबंध नहीं था, जैसा कि सरमा ने दावा किया। उन्होंने सीएम सरमा के दावों को बेतुका और झूठा बताते हुए कहा कि यह उनके खिलाफ बदनाम करने की साजिश है। गोगोई ने सवाल उठाया कि अगर उनके या उनकी पत्नी ने कोई गलत काम किया था, तो पिछले 11-12 वर्षों से सत्ता में बैठी केंद्र और राज्य सरकारों की एजेंसियों ने क्या किया? उन्होंने कहा, सीमा पार करने की प्रक्रिया में कितनी जांच होती है, यह सबको पता है। मेरी बायोडाटा सभी के सामने है। गोगोई ने सरमा के मानसिक स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए तंज कसा, जब घर में कुछ परेशानी होती है, तो वह व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य में दिखती है। हम 2026 के बाद सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें आराम मिले। उन्होंने सरमा के उस दावे का भी मखौल उड़ाया जिसमें उन्होंने कहा था कि वह 10 सितंबर तक सबूत पेश करेंगे। गोगोई ने इसे सिंघम-1 या सिंघम-2 की रिलीज डेट जैसा बताकर मजाक उड़ाया। उन्होंने असम में जंगल राज की स्थिति का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के तहत जहां भ्रष्टाचार बढा वहीं कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है। गोगोई ने कहा, असम के लोग कांग्रेस के साथ हैं, क्योंकि वे चाहते हैं कि उनके राज्य में शांति और प्रगति हो। गोगोई ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उनके सिंडिकेट परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। गोगोई ने असम और मेघालय में अवैध कोयला खनन के मुद्दे को उठाया, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है, जिस पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। गौरव गोगोई को दो दिन पहले ही असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, जो 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी का हिस्सा है। उनकी नियुक्ति को हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ कांग्रेस की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिनके साथ गोगोई की पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता रही है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो...

(सीओओ) और कार्यवाहक सीईओ की बडी जिम्मेदारी निभा रहे थे। उनके खिलाफ सरकार को कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। एनएसडीसी के पूर्व अधिकारियों और ठेकेदारों ने हाई कोर्ट में भी शिकायतें दर्ज की थीं। आंतरिक जांच के बाद उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। इन शिकायतों की प्रकृति के बारे में विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन इन्हें गंभीर माना गया, जिसके चलते बोर्ड ने त्वरित कार्रवाई की। तिवारी की सेवाएं समाप्त करने के बाद, एनएसडीसी ने नए सीईओ की नियुक्ति होने तक संस्था के परिचालन के लिए एक अंतरिम समिति गठित की है। इस समिति में संस्था के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी शामिल हैं, जिनमें चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर और वाइस प्रेसिडेंट व कंपनी सेक्रेटरी शामिल हैं। यह समिति तिवारी को दी गई वित्तीय और अन्य शक्तियों को संयुक्त रूप से संभालेगी। एनएसडीसी भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी सार्वजनिक कंपनी है, जो युवाओं के बीच रोजगारपरक प्रशिक्षण देने का काम करती है। स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम करती है। इसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण और लाभकारी व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों का निर्माण करना है।

### कृषि संबंधी योजनाओं...

लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) जैसी योजना हो या अन्य, इन सबके सद्परिणाम हमारे सामने है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों की उन्नति, खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोतरी के रूप में हम सकारात्मक परिणाम देख सकते हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि चावन मकि उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, ठीक दाम देना, नुकसान की भरपाई करना, कम ब्याज पर ऋण देना और अनेक योजनाओं के कारण आज देश के खाद्यान्न भंडार भरे हुए हैं। उत्पादन निरंतर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलहन व तिलहन के उत्पादन और बढ़ाना है, जिसके प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि 2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार देश ने अनुमानित 3539.59 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है, जो 2023–24 के 3322.98 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन से 216.61 लाख मीट्रिक टन अधिक (6.5% की वृद्धि) है। श्री चौहान ने बताया कि कृषि वर्ष 2024–25 में धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त हुआ है। खरीफ मौसम में बुवाई क्षेत्रफल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, साथ ही धान, मक्का, बाजरा, मूंग, सोयाबीन, गन्ना जैसी प्रमुख खरीफ फसलों की उपज में भी वृद्धि दर्ज की गई है। चौहान ने विभिन्न फसलों के उत्पादन का विवरण देते हुए बताया कि चावल उत्पादन 1490.74 लाख मीट्रिक टन (रिकॉर्ड), गेहूं 1175.07 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), मक्का 422.81 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), श्रीअन्न 180.15 लाख मीट्रिक टन, तूर 35.61 लाख मीट्रिक टन, चना 113.37 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। तिलहन में 426.09 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है, जिसमें मूंगफली 118.96 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), सोयाबीन 151.80 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), रेपसीड-सरसों में 126.06 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि गन्ना 4501.16 लाख मीट्रिक टन, कपास 306.92 लाख गांठें (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम), जूट 84.33 लाख गांठें (प्रत्येक गांठ 180 किलोग्राम) है। चावल उत्पादन 1490.74 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो 2023-24 के 1378.25 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में112.49 लाख मीट्रिक टन अधिक है। गेहूं उत्पादन 1175.07 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के उत्पादन की तुलना में 42.15 लाख मीट्रिक टन अधिक है। श्रीअन्न उत्पादन 180.15 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष से4.43 लाख मीट्रिक टन अधिक है। इसके अलावा, पोषक/मोटे अनाजों का उत्पादन 621.40 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो 2023-24 के उत्पादन से 52.04 लाख मीट्रिक टन अधिक है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि दलहन उत्पादन 252.38 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के 242.46 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में 9.92 लाख मीट्रिक टन ज्यादा है। मूंग उत्पादन 38.19 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 31.03 लाख मीट्रिक टन उत्पादन से 7.16 लाख मीट्रिक टन अधिक है। तूर उत्पादन 35.61 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 34.17 लाख मीट्रिक टन उत्पादन से 1.44 लाख मीट्रिक टन अधिक है। तिलहनों का कुल उत्पादन 426.09 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के 396.69 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में 29.40 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सोयाबीन उत्पादन 151.80 लाख मीट्रिक टन एवं मूंगफली का उत्पादन 118.96 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में क्रमशः 21.18 लाख मीट्रिक टन एवं 17.16 लाख मीट्रिक टन अधिक है। इसी तरह, गन्ने का उत्पादन 4501.16 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है।

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग ...

पन्ने में दर्ज होगा। अभी तक दो बार दो जज के खिलाफ अलग अलग मामले में महाभियोग सदन में लाया गया लेकिन दोनों बार तत्कालीन सरकारें असफल रही थी। पहली बार वर्ष 1993 में सुप्रीम कोर्ट के जज वी. रामास्वामी के खिलाफ महाभियोग गिर गया था। दूसरी बार कोलकाता हाईकोर्ट के जज सौमित्र सेन के खिलाफ 2011 में महाभियोग लाया गया था लेकिन सौमित्र सेन ने इस्तीफा दे दिया था। किसी भी जज को पद से हटाना बेहद मुश्किल और तकनीकी तौर पर पेंचीदा है। आरोपी जज के खिलाफ संसद से महाभियोग प्रस्ताव सरकार को पेश करना पडता है। लोकसभा में कम से कम 100 सांसदों या राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ प्रस्ताव पेश किया जाता है। यदि स्पीकर या चेयरमैन प्रस्ताव स्वीकार करते हैं, तो एक सुप्रीम कोर्ट जज, एक हाई कोर्ट चीफ जस्टिस और एक प्रख्यात कानून विशेषज्ञ की समिति गठित होती है। चूंकि जस्टिस वर्मा के मामले में पहले ही सुप्रीम कोर्ट की विशेष समिति ने जांच कर रिपोर्ट सौंप दी है इसीलिए इस मामले में एक और जांच की संभावना नहीं है। वही रिपोर्ट संसद में पेश की जा सकती है। जज को हटाने के लिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत आवश्यक है। प्रस्ताव पारित होने पर राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जज को हटा दिया जाता है। विधि विशेषज्ञ मुनीम पादरी का कहना है कि महाभियोग केवल पद से हटाने की प्रक्रिया है, आपराधिक कार्रवाई नहीं। ये बात अलग है कि भ्रष्टाचार जैसे आरोपों पर उचित एजेंसी से जांच हो सकती है, जिसके बाद आपराधिक मुकदमा चल सकता है।

### थियेटर कमांड की कवायद...

सशस्त्र सेनाओं की अंडमान-निकोबार स्थित त्रि-स्तरीय कमांड से लेकर अंतर सेवा संगठन के रूप में कार्य कर रहे तमाम सैन्य संगठनों, प्रतिष्ठानों पर लागू होंगे। मंत्रालय ने कहा, नियमों की अधिसूचना के साथ ही यह अधिनियम अब पूरी तरह से लागू हो गया है। जिससे आईएसओ के प्रमुखों को अधिकार प्राप्त होंगे, अनुशासनात्मक मामलों का शीघ्र निपटारा संभव हो सकेगा और कार्यवाही के दोहराव से बचने में मदद मिलेगी।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मनोज मिश्रा पुत्रः** किशन लाल मिश्रा **पताः** मकान नंबर –सी, 796–सी, गली नंबर –15, प्रताप नगर, सबोली दिल्ली, ने **FIR No. 918/2020, U/s 135 I. E Act IPC थानाः हर्ष विहार दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज मिश्रा,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज मिश्रा,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 918/2020, U/s 135 I. E Act IPC थानाः हर्ष विहार दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मनोज मिश्रा,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष रस्तोगी
एएसजे–05, कमरा नं. –21
कड़कड़डूमा कोर्ट दिल्ली

DP/6664/NE/2025
(Court Matter)

## SAMTEX FASHIONS LIMITED

Regd. Office & Works: Khasra No 62, D 1/3 Industrial Area, Rajarampur, Sikandrabad, Bulandshahr UP 203205 IN
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com, Ph. No.: 011-49025972

**EXTRACT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2025**

(Rs. In Lakhs except per share data)

| Sl No | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year ended | | Quarter Ended | | | Year ended | |
| | | 31.03.2025 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2024 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2024 Audited |
| 1 | Total Income from operations | 0.07 | 0.06 | 0.58 | 0.22 | 0.76 | 1.40 | 1.14 | 2.05 | 3.13 | 4.01 |
| 2 | Net profit/loss for the period before tax (before Exceptional and/or Extraordinary items) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.50 | -118.88 | -39.56 | -476.73 |
| 3 | Net profit/loss for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.5 | -118.88 | -39.06 | -476.73 |
| 4 | Net profit/loss for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -7 | -8.34 | -9.64 | -29.57 | -31.99 | -3.18 | -10.5 | -118.88 | -39.06 | -476.73 |
| 5 | Total Comprehensive income for the period (Composing Profit/Loss for the period after tax and other Comprehensive Income after tax) | -6.98 | -8.21 | -9.59 | -29.23 | -31.94 | -3.01 | -3.09 | -118.04 | -27.58 | -468.65 |
| 6 | Equity Share Capital | 1490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1,490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | -1490.56 | -1461.34 | | | | | |
| 8 | Earnings Per Share (before extraordinary items) Basic (Face Value Rs.2 Per share) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | - | - | -0.16 | -0.04 | -0.63 |
| 9 | Earnings Per Share (before extraordinary items) Diluted (Face Value Rs.2 Per share) | -0.01 | -0.01 | -0.01 | -0.04 | -0.04 | - | - | -0.16 | -0.04 | -0.63 |

**Note:**
1. In terms of Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the above results have been subject to limited review by the auditors of the company and have been re-viewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their respective meeting held on May 28th 2025.
2. These results have been prepared In accordance with the Indian Accounting Standards (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
3. The figures of the last periods have been regrouped, wherever necessary, to confirm to the current quarter's classifications.
4. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/ Yearly Financial results filed with the stock exchange under Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Consolidated and Standalone year ended Financial Results are available on the stock exchange website at www.bseindia.com and also on the Company's website at www.samtexfashions.com and these can also be accessed through the QR code given below.

Place : Delhi
Date : 28.05.2025

For **Samtex Fashions Limited**
Sd/-
Atul Mittal
Chairman & Managing Director
DIN 00223366

पिछले कुछ दिनों में दुनिया के कुछ देशों समेत अपने देश के भी कुछ राज्यों में कोरोना संक्रमण के कई केस सामने आए हैं। इसे लेकर लोगों के मन में डर पैदा हो रहा है। लेकिन ऐसे में बिना डरे आपको क्या करना चाहिए, बता रहे हैं एक्सपर्ट डॉक्टर्स।

# फिर बढ़ रहा कोरोना इंफेक्शन बिना घबराए-बरतें सावधानी


प्रिकॉशन



हाल के दिनों में एशिया के कई देशों में कोरोना के केस फिर से बढ़ने लगे हैं। सिंगापुर में एक हफ्ते में करीब 25% केस बढ़े हैं, थाईलैंड और हांगकांग में भी तेजी से मामले बढ़े हैं। अपने देश में भी कुछ राज्यों में कोरोना इंफेक्शन के मामले में थोड़ी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। लेकिन ऐसे केसेस की संख्या अभी बहुत कम है। संक्रमण की दर भी बहुत कम है, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन सावधानी भी बहुत जरूरी है, जरा सी भी लापरवाही हेल्थ के लिए हार्मफुल हो सकती है।

## लापरवाही न बरतें

वैज्ञानिकों का कहना है कि जब कोई वायरस एक बार लोगों के बीच फैल जाता है, तो वह कभी-कभी दोबारा लौट सकता है। खासकर जब मौसम बदलता है। इसलिए कोरोना के केसों में दोबारा बढ़ोत्तरी कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। भारत में भी थोड़े केस बढ़े हैं, लेकिन अभी स्थिति काबू में है। अगर हम इसे सामान्य सर्दी-खांसी या फ्लू से तुलना करें, तो कोरोना के मामले उससे भी कम हैं। अभी जो कोरोना फैल रहा है, वह जेएन.1 नाम के पुराने वेरिएंट से है। इसके अलावा कुछ छोटे वेरिएंट जैसे एलएफ.7 और एनबी.1.8 के भी कुछ केसेस मिले हैं। चूंकि ये वेरिएंट पहले से मौजूद हैं और लोग इनसे पहले संक्रमित हो चुके हैं, इसलिए अब गंभीर बीमार होने का चांस बहुत कम है। फिर भी पूरी सावधानी बरतना जरूरी है। ऐसा न करने पर मामले बढ़ सकते हैं। अच्छी बात यह है कि संक्रमण को देखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है।



## वैक्सीन को लेकर न हों भ्रमित

कुछ लोगों के मन में यह सवाल आ रहा है कि क्या अब फिर से वैक्सीन लगवानी चाहिए? लेकिन भारत में ज्यादातर लोगों को पहले ही कोरोना से बचाव के दो या तीन डोज वैक्सीन की लग चुकी हैं। इसके अलावा जो लोग पहले संक्रमित हुए थे, उनमें खुद ही शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बन गई है। इस वजह से अब नए टीके की जरूरत फिलहाल नहीं लगती है। हालांकि जो टीके लगाए गए थे, वे पुराने वेरिएंट के आधार पर बनाए गए थे, जिनका प्रभाव अब काफी कम हो चुका है। अगर आप अपने मन के भय को दूर करना चाहते हैं तो मौसमी फ्लू का टीका लगवा सकते हैं, वो अब भी असरदार है और सर्दी, जुकाम के संक्रमण से बचाएगा।

## इंफेक्शन के लक्षण

कोरोना संक्रमण के नए केसेस में भी लक्षण लगभग पुराने केसेस के समान ही दिखते हैं। गले में खराश, बुखार, थकान, नाक बहना और बदन दर्द इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। रिकवरी में आमतौर पर 5-7 दिन लगते हैं, लेकिन खांसी और थकान दो-तीन हफ्तों तक रह सकती है। बुजुर्गों, पहले से बीमार लोगों और कमजोर इम्यूनिटी वाले व्यक्तियों को संक्रमण से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

## अफवाहों से दूर रहें

हालांकि कोरोना संक्रमण को लेकर अभी तक किसी तरह के सख्त नियमों के पालन को नहीं कहा गया है। लेकिन कुछ साधारण सावधानियां आपको जरूर बरतनी चाहिए। पिछले कुछ सालों में हर 6-8 महीने के अंतराल पर कोरोना के केस थोड़े-बहुत बढ़ते रहे हैं, इसलिए अब हमें इससे डरने की नहीं, समझदारी से निपटने की जरूरत है। ना तो हमें कोरोना को लेकर लापरवाह हो जाना चाहिए, और ना ही उससे बेवजह डरना चाहिए। सबसे जरूरी बात, इसे लेकर अफवाहों और भ्रामक खबरों से दूर रहें। अगर सर्दी-खांसी हो रही है तो घर पर आराम करें और मास्क पहनें। *

**(अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, डॉ. संचयन रॉय और एमजीएस हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर चेस्ट स्पेशलिस्ट, डायरेक्टर एंड एचओडी-रेस्पिरेटरी मेडिसिन, डॉ. हरीश भाटिया से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

संगीता मिश्रा
डायटिशियन, कोलकाता

हमारे शरीर का पूरा वजन हड्डियों के ढांचे पर टिका होता है। इसलिए इनका मजबूत और स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। लेकिन हमारी कुछ बैड फूड हैबिट्स और गलत लाइफस्टाइल के कारण बोंस वीक होने लगती हैं। वे कौन से हार्मफुल फूड्स हैं, स्ट्रॉन्ग बोंस के लिए क्या करना चाहिए, इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# न्यूट्रिशस फूड-सही लाइफस्टाइल बोंस बनी रहेंगी हमेशा स्ट्रॉन्ग

शरीर को सही पोश्चर, सहारा और सही आकार देने के अलावा हड्डियों का काम दिमाग और फेफड़े जैसे अंगों की सुरक्षा करना भी है। हमारी हड्डियां खनिजों का भंडारण करती हैं और लाल, सफेद रक्त कोशिकाओं का निर्माण करती हैं। हमारी लेकिन खान-पान की कुछ गलत आदतों के कारण इनका क्षरण जल्दी होने लगता है। कुछ फूड्स हमारी हड्डियों को खोखला करने लगते हैं। ये फूड्स शरीर में कैल्शियम के एब्जॉर्प्शन को कम कर देते हैं, जिससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। इसी प्रकार जीवनशैली को अनुशासित न रखना भी हड्डियों को नुकसान पहुंचाता है।

## कैल्शियम का महत्व

कैल्शियम हमारे शरीर के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण खनिज है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत रखने के साथ-साथ हमारे रक्तचाप, मांसपेशियों और तंत्रिका तंत्र के सही संचालन में भी मदद करता है। यदि शरीर में कैल्शियम की कमी हो तो हड्डियां कमजोर हो सकती हैं और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। कैल्शियम मजबूत हड्डियों के लिए बेहद जरूरी है। कैल्शियम की कमी होने पर ऑस्टियोपोरोसिस का रिस्क बढ़ जाता है। हड्डियों में किसी भी तरह की गड़बड़ी या कमजोरी आने पर आपको हड्डी का कैंसर, हड्डियों का घनत्व कम होना, हड्डियों में इंफेक्शन, ऑस्टियोनेक्रोसिस और बच्चों में रिकेट्स की समस्या हो सकती है।

## कैल्शियम के लिए हार्मफुल फूड्स

कुछ फूड्स तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं करके शरीर में कैल्शियम लेवल को कम करने लगते हैं।

**कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक:** कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स ज्यादा मात्रा में पीने से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है। इन ड्रिंक्स में फॉस्फोरिक एसिड पाया जाता है, जो शरीर से कैल्शियम के अवशोषण को रोकता है। इसके परिणामस्वरूप हड्डियों का कैल्शियम धीरे-धीरे कम होने लगता है। इसलिए अगर आप हड्डियों को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो कोल्ड ड्रिंक का सेवन कम से कम करें।

**सोडा और कैफीन:** 2014 में द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लीनिकल न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि सोडा पीने वाली



73,000 महिलाओं में हिप फ्रेक्चर का खतरा बढ़ गया था। इसी तरह 2016 में बीएमसी मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि कैफीन की खपत से महिलाओं में लो बोन डेंसिटी की समस्या देखी गई।

**चॉकलेट, केक और कुकीज:** चॉकलेट, केक, कैंडी और कुकीज जैसे मीठे और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में अत्यधिक शक्कर और रिफाइंड



कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं, जो कैल्शियम के अवशोषण में रुकावट डालते हैं। इसके अतिरिक्त, ये फूड्स शरीर में इन्फ्लेमेशन यानी सूजन का कारण बन सकते हैं, जिससे हड्डियां और भी कमजोर हो सकती हैं। इसलिए अत्यधिक मीठे पदार्थों को नियमित रूप से खाने से बचें और स्वस्थ स्नैक्स का चयन करें। मीठी चीजों का अधिक सेवन सिर्फ हड्डियों को कमजोर नहीं बनाता बल्कि डायबिटीज जैसी कई गंभीर बीमारियों का भी बड़ा कारण है।



**शराब:** शराब का सेवन हड्डियों की सेहत पर गहरा असर डालता है। शराब शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कम करती है और हड्डियों को कमजोर कर सकती है। यह हड्डियों को चूने के समान बना सकती है और हड्डी के फ्रेक्चर (हड्डी टूटने) का खतरा बढ़ा सकती है। अगर आप हड्डियों को मजबूत रखना चाहते हैं तो शराब का सेवन न करें। वर्ष 2015 में बीएमजे ओपन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, अधिक मात्रा में शराब का सेवन करने वालों में हड्डियों का घनत्व कम था। शराब की खपत हड्डियों का विकास रोकती है और फ्रेक्चर के चांस बढ़ाती है।

**चाय-कॉफी:** चाय में कैफीन पाया जाता है, जो शरीर में कैल्शियम के अवशोषण को कम करता है। अगर आप अधिक चाय पीते हैं, तो यह आपकी हड्डियों के लिए खतरनाक हो सकता है। विशेष रूप से अधिक कैफीन वाले चाय या कॉफी का सेवन हड्डियों से कैल्शियम को निकाल सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं। इसलिए चाय का सेवन सीमित करें और अधिक पानी या कैल्शियम से भरपूर अन्य पेय पदार्थों का सेवन करें।

**ज्यादा तला भोजन:** ऑयली फूड्स जैसे समोसा, फ्राइड चिकन, पकौड़ी आदि हड्डियों के लिए नुकसानदेह हो सकते हैं। ये अत्यधिक वसा और असंतुलित फैट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर में सूजन पैदा कर सकते हैं। इससे कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हो सकता है, जिससे हड्डियां कमजोर हो जाती हैं। इन फूड्स को सीमित मात्रा में ही खाएं और स्वस्थ, हल्का भोजन करें।

### बोंस ऐसे बनेंगी मजबूत



**स्ट्रॉन्ग बोंस** के लिए कैल्शियम से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ा दें। शरीर को रोजाना 500 से 1000 एमजी कैल्शियम की जरूरत होती है। कैल्शियम की कमी पूरी करने के लिए आपको दूध, दही, सोयाबीन, पनीर और रागी जैसे खाद्य पदार्थों का ज्यादा सेवन करना चाहिए।

**विटामिन डी की न हो कमी:** हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए कैल्शियम के साथ-साथ विटामिन डी भी जरूरी है। यह कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ाता है। इसे आप सूर्य की रोशनी में नियमित रहकर ले सकते हैं। कुछ खाद्य पदार्थ जैसे कुछ प्रकार की मछलियां, संतरा और डेयरी उत्पादों में भी इसकी अच्छी मात्रा होती है।

**एक्सरसाइज करें:** हड्डियों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आपको नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। इससे हड्डियों में मजबूती आती है।

## ज्यादा नमक

ज्यादा मात्रा में नमक खाने से शरीर में कैल्शियम की कमी हो सकती है। जब हम ज्यादा सोडियम वाले फूड्स, जैसे- चिप्स, प्रोसेस्ड फूड और फास्ट फूड खाते हैं, तो यह किडनी के जरिए कैल्शियम को शरीर से बाहर निकाल देता है। इससे हड्डियों की डेंसिटी कम हो सकती है और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए नमक को सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए। वर्ष 2016 में एशिया पैसिफिक जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में छपे शोध के अनुसार, चीन में जो लोग नमक वाली चीजों का अधिक सेवन करते थे उनमें ऑस्टियोपोरोसिस रोग का खतरा बढ़ने लगा था। इस रोग में हड्डी पतली और बेजान हो जाती हैं।

## ऑक्सलेट वाले फूड्स

कुछ फूड आइटम्स जैसे- पालक, चुकंदर और स्विस चार्ड (एक पत्तेदार सब्जी) में ऑक्सलेट की मात्रा ज्यादा होती है। ऑक्सलेट कैल्शियम के साथ मिलकर एक कंपाउंड बनाता है, जिसे शरीर एब्जॉर्ब नहीं कर पाता। इससे कैल्शियम का एब्जॉर्प्शन कम हो जाता है और शरीर में इसकी कमी हो सकती है। हालांकि इन फूड आइटम्स में अन्य पोषक तत्व भी होते हैं, इसलिए इन्हें पूरी तरह



से नजरअंदाज करने की बजाय संतुलित मात्रा में खाना चाहिए। इससे शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बना रहेगा।

## हाई प्रोटीन डाइट

प्रोटीन हमारे शरीर के लिए जरूरी है, लेकिन अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो जाए, तो यह कैल्शियम के एब्जॉर्प्शन को प्रभावित कर सकता है। रेड मीट (जैसे मांसपेशी वाले मांस) और प्रोसेस्ड मीट (जैसे सॉसेज, बेकन, हॉट डॉग्स) का सेवन अत्यधिक करने से यूरिक एसिड की समस्या हो सकती है, जो हड्डियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। यह पदार्थ शरीर के भीतर कैल्शियम के अवशोषण को प्रभावित कर सकते हैं और हड्डियों को कमजोर कर सकते हैं। इसलिए अगर हड्डियों की सेहत का ख्याल रखना है, तो इन फूड्स का सेवन सीमित करना चाहिए। *

**प्रस्तुति: शिखर चंद जैन**

फिटनेस

वर्ल्ड साइकिल डे (3 जून) के अवसर पर दो टीवी एक्टर्स बता रहे हैं, साइकिलिंग करना उन्हें क्यों पसंद है और साइकिलिंग से उन्हें क्या बेनिफिट्स होते हैं?

# एनर्जी से भर देती है साइकिलिंग

**एंडटीवी पर** टेलिकास्ट हो रहे शो 'भीमा-अंधकार से अधिकार तक' में विश्वंभर सिंह की भूमिका निभा रहे एक्टर विक्रम द्विवेदी कहते हैं, 'साइकिलिंग मेरे लिए सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल है। यह हेल्थ, फिटनेस और एन्वॉयर्नमेंट मेंटेन रखने के लिए एक प्रभावी तरीका है। जब आप पैडल मारते हैं, तो आप न केवल अपनी बॉडी को फिट रखते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करके पृथ्वी को भी हेल्दी बना रहे होते हैं। यह एक छोटी सी कोशिश है, जो बड़ा असर डाल सकती है।



हर दिन कुछ किलोमीटर साइकिल चलाना मेरे लिए मेडिटेशन जैसा है, जहां मैं खुद से जुड़ता हूं और नेचर को महसूस करता हूं। हम सबको साइकिलिंग को अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। मेरी हेल्थ और फिटनेस के लिए साइकिलिंग मेरे रूटीन का अहम हिस्सा है। मैं हफ्ते में कम से कम 4-5 बार, सुबह-सुबह लगभग 30-40 मिनट साइकिलिंग करता हूं। कोशिश करता हूं कि यह रूटीन बना रहे, चाहे शूट्स कितने भी बिजी हों। सुबह की ताजी हवा और हरियाली के बीच साइकिल चलाना मुझे मानसिक शांति भी देता है। कभी-कभी वीकेंड्स पर थोड़ा लंबा रूट चुन लेता हूं, ताकि एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न कर सकूं। साइकिलिंग मेरे लिए एक फिटनेस एक्टिविटी से कहीं ज्यादा है। यह मुझे एनर्जी और पॉजिटिविटी से भर देती है।' *

**सन नियो पर** प्रसारित हो रहे शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में वीरेंद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभा रहे एक्टर अमन शर्मा साइकिलिंग से अपने जुड़ाव के बारे में बताते हैं, 'साइकिलिंग एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसमें हेल्थ, फिटनेस और एन्वॉयर्नमेंट तीनों का ख्याल एक साथ रखा जा सकता है। ये एक तीर से तीन निशाने जैसा काम है। हेल्थ के लिए बढ़िया कार्डियो वर्कआउट है, फिटनेस के लिए बॉडी को टोन करता है और सबसे बड़ी बात, ये एन्वॉयर्नमेंट फ्रेंडली है। ना धुआं, ना शोर, सिर्फ शुद्ध हवा और शुद्ध मेहनत। आज के टाइम में जब पॉल्यूशन बढ़ता जा रहा है, साइकिलिंग जैसे ऑप्शन हमें प्रकृति के और करीब ले जाते हैं।



फिलहाल मैं अपने शो की शूटिंग में इतना बिजी रहता हूं कि बाहर जाकर साइकिलिंग का टाइम मिलना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। लेकिन मैं अपने वर्कआउट में साइकिल को मिस नहीं करता हूं। क्योंकि जिम में जो स्टेटिक साइकिल होती है, वो मेरी बेस्ट फ्रेंड बन गई है। जैसे ही शूटिंग के बाद थोड़ा टाइम मिलता है, मैं उस पर प्रैक्टिस शुरू कर देता हूं। कभी-कभी तो ऐसा लगता है, जैसे वही साइकिल मुझे शूटिंग की थकान से निकाल कर फिर से एनर्जेटिक बना देती है। मेरी कोशिश रहती है कि दिन में कम से कम 20-30 मिनट साइकिलिंग जरूर हो जाए चाहे जिम में रहूं या बाहर।' *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

स्पेशल डाइट

अंजू जैन

# गर्मियों का सुपर फूड गोंद कतीरा

कई न्यूट्रिशनिस्ट और हेल्थ एक्सपर्ट्स गोंद कतीरा यानी ट्रेगकांथ गोंद या कथीला गोंद को सुपरफूड मानते हैं। इसके सेवन से तमाम अन्य फायदों के साथ गर्मी में तन और मन को कूल रखने में मदद मिलती है। गोंद कतीरा कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जैसे-इम्यूनिटी बूस्ट करना, पोषक तत्वों की आपूर्ति, हाइड्रेटेड रखना, दिल का दौरा पड़ने से रोकना, गर्भवती महिलाओं को फायदा पहुंचाना, मूत्र का पीलापन दूर करना, ऊर्जा प्रदान करना, एंटी एजिंग, स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए अच्छा, त्वचा को ग्लो देना, कब्ज से मुक्ति दिलाना।

**क्या है गोंद कतीरा:** गोंद कतीरा एक प्राकृतिक गोंद है, जिसे जीनस एस्ट्रैगलस की कई प्रजातियों के सूखे पौधों के रस से प्राप्त किया जाता है। गोंद कतीरा एक चिपचिपा, गंधहीन, स्वादहीन, पानी में घुलनशील पॉलीसेकेराइड का घुलनशील मिश्रण होता है, जो पौधे की जड़ से निकल कर सूख जाता है। गोंद कतीरा कैल्शियम, मैग्नीशियम से भरपूर होता है और इसमें लगभग 3% प्रोटीन भी होता है।



**गोंद कतीरा के फायदे:** गोंद कतीरा में अद्भुत कूलिंग क्वालिटीज होती हैं। इसका उपयोग अक्सर शीतल पेय तैयार करने के लिए किया जाता है, जो गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा करने में मदद करता है। यह हीट स्ट्रोक और लू से बचाव करने में मदद करता है। गर्मी के मौसम में अक्सर बच्चों में होने वाले नाक के रक्तस्राव को नियंत्रित करने के लिए गोंद कतीरा बहुत उपयोगी है।

**हड्डियों के लिए लाभकारी:** यह हड्डियों को मजबूत, विकसित करने और घुटने, पीठ, कमर, टखनों, जोड़ों के दर्द को रोकने में भी मदद करता है।

**मूत्रदोष:** गोंद कतीरा का सेवन यूरीन इंकंसिस्टेंसी की समस्या में लाभकारी होता है। मूत्रनलिका में सूजन और मूत्र की रुकावट के मामले में गोंद कतीरा मूत्र की मांसपेशियों को रिलैक्स करने में मदद करता है।

**ऊर्जा के लिए:** गोंद का एक लड्डू रोज खाने से पर्याप्त ऊर्जा मिलती है। यह लड्डू गोंद, साबुत गेहूं का आटा, घी और नट्स के साथ बनाया जाता है, इसलिए यह बच्चों के लिए भी सुपर फूड की तरह होता है।

**स्किन को रखे ग्लोइंग:** गोंद कतीरा त्वचा के कसाव, दमक और सुंदरता को बढ़ाने के लिए बहुत फायदेमंद है। गोंद कतीरा में एंटी-एजिंग गुण होते हैं। यह झुर्रियों को रोकने और उनकी गति धीमी करने में मदद करता है। गोंद कतीरा का उपयोग करके एंटी-एजिंग मास्क बनाया जा सकता है। *

### गर्भवती महिलाओं के लिए

डिलीवरी के बाद महिलाएं कमजोर हो जाती हैं। गोंद कतीरा शरीर की ताकत



हासिल करने में मददगार होता है और नई मां को मातृत्व की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है। यह पीरियड्स के दौरान भारी रक्त प्रवाह को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। गोंद बहुत पौष्टिक होता है और गोंद के लड्डू गर्भवती महिलाओं को पारंपरिक रूप से कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर स्वस्थ मिठाइयों में से एक है।

**(डायटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)**

अवेयरनेस

धूम्रपान करना और वेपिंग (ई सिगरेट पीना) सिर्फ हेल्थ को ही नहीं, बल्कि महिलाओं और पुरुषों की प्रजनन क्षमता यानी फर्टिलिटी पर भी बहुत बुरा असर डालता है। वर्ल्ड नो टोबैको डे (31 मई) पर इस बारे में आपको डिटेल में बता रहे हैं।

# फर्टिलिटी के लिए बहुत हार्मफुल है स्मोकिंग

आजकल बहुत से पुरुषों और महिलाओं में बांझपन की समस्या बढ़ती जा रही है। इसका कारण केवल बढ़ती उम्र, तनाव या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं नहीं हैं, बल्कि स्मोकिंग, शराब पीना और वेपिंग भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। वास्तव में धूम्रपान, शराब पीना और वेपिंग सिर्फ आपके शरीर को ही नुकसान नहीं पहुंचाते, बल्कि ये आपकी प्रजनन क्षमता यानी संतान पैदा करने की ताकत को भी कमजोर करते हैं। महिला और पुरुष दोनों को ये प्रभावित करते हैं। ये आदतें आपकी फर्टिलिटी को कैसे नुकसान पहुंचाती हैं, इस बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

**फर्टिलिटी को कैसे पहुंचाता है नुकसान:** धूम्रपान, पुरुष और महिला दोनों की फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचाता है। महिलाओं में यह अंडों की संख्या कम करता है, गर्भाशय और अंडाशय को नुकसान पहुंचाता है और गर्भपात या भ्रूण के यूट्रस के बाहर बनने का खतरा बढ़ाता है। पुरुषों में यह हैबिट, शुक्राणुओं की संख्या घटाता है, उनकी क्वालिटी खराब करता है और डीएनए को नुकसान पहुंचाता है, जिससे बच्चे में जन्मजात बीमारियां हो सकती हैं।

**स्टडी के निष्कर्ष:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक दुनिया भर में 15 प्रतिशत से ज्यादा बांझपन के मामलों का कारण, स्मोकिंग और शराब का सेवन है। वर्ष 2023 की एक स्टडी के अनुसार, जिन पुरुषों को संतान होने में दिक्कत हुई, उनमें से 25 प्रतिशत से ज्यादा तंबाकू या शराब का नियमित सेवन करते थे।

**क्या कहते हैं एक्सपर्ट:** दिल्ली-एनसीआर (नोएडा) स्थित मदरहुड अस्पताल की गायनेकोलॉजिस्ट और सीनियर कंसल्टेंट डॉ. मंजू गुप्ता कहती हैं, 'स्मोकिंग पुरुषों और महिलाओं की फर्टिलिटी पर बुरा असर डालता है। महिलाओं में यह एग्स की संख्या को तेजी से घटाता है, फेलोपियन ट्यूब्स को नुकसान पहुंचाता है। मिसकैरिज और एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का रिस्क बढ़ाता है। इसके अलावा, यह गर्भाशय को भी प्रभावित करता है, जिससे फर्टिलाइज्ड एग, गर्भाशय में चिपक नहीं पाता। पुरुषों में धूम्रपान से शुक्राणुओं की संख्या कम हो जाती है, उनकी गति घट जाती है और डीएनए को नुकसान पहुंचता है। इससे मिसकैरेज या जन्मजात रोग हो सकता है। इसलिए स्मोकिंग जल्द से जल्द छोड़ देना सबसे अच्छा है।'



एनसीआर (गाजियाबाद) स्थित नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. नेहा त्रिपाठी के अनुसार, 'स्मोकिंग, शराब और वेपिंग से हार्मोन का संतुलन बिगड़ता है, जिससे महिलाओं में अंडों की गुणवत्ता कम होती है और पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। इससे महिलाओं को गर्भधारण (प्रेग्नेंसी) में दिक्कत आती है। धूम्रपान से फेलोपियन ट्यूब्स को नुकसान होता है। शराब का सेवन ओव्यूलेशन में रुकावट डालता है और लंबे समय तक हार्मोन में गड़बड़ी कर सकता है। वेपिंग को कुछ लोग कम हार्मफुल मानते हैं, लेकिन इसमें भी ऐसे केमिकल होते हैं, जो अंडों के विकास को नुकसान पहुंचाते हैं। जो कपल्स पैरेंट बनने की सोच रहे हैं, उन्हें इन आदतों को छोड़ देना चाहिए और अच्छी डाइट, लाइफस्टाइल को अपनाना चाहिए। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, रिक्त पद भी भरेंगे, निकाल रहे हैं पदोन्नति का रास्ता भी

**तिरंगा यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री**



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के कर्मचारी पूरी निष्ठा और मेहनत से अपने पदीय दायित्व निभाएं, इनके सभी हितों और अनुलाभों का सरकार पूरा-पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी रिक्त पदों को क्रमशः भरने की दिशा में आगे बढ़ रही है। जल्दी ही सभी रिक्त पद भरे जाएंगे।

डॉ. यादव ने कहा कि सभी पक्षों के साथ चर्चा कर शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता से सभी जरूरी कदम उठा रही है। जल्द ही मामले का सकारात्मक समाधान निकालकर पात्रों को पदोन्नति दी जाएगी। डॉ. यादव मंत्रालय में मंत्रालयीन कर्मचारी परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मंत्रालय परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कमल पुष्प की रजत प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया।

**मंत्रालयीन कर्मचारियों ने किया सीएम का सम्मान**




## कर्मचारियों का बीमा कराएगी सरकार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी राज्य कर्मचारियों का बीमा कराने की मंशा से आगे बढ़ रही है। सरकार चाहती है कि सभी राज्य कर्मियों के खुद के मकान हों। राज्य कर्मियों को बच्चों को पढ़ाने-लिखाने में सरकार मदद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर कर्मचारी-अधिकारी की क्षमता और योग्यता का पूरा लाभ लेंगे और प्रदेश की बेहतरी के लिए उसका सदुपयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यकर्मी शासन व्यवस्था का अभिन्न अंग है, इसलिए इनके हित संवर्धन के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हित में प्रदेश का हित है और प्रदेश के हित में ही राष्ट्र का हित है।*

## आभार व्यक्त कर सौंपा मांग-पत्र

*कार्यक्रम के संयोजक सुभाष वर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन देकर केन्द्र सरकार के समान राज्य कर्मियों को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता व अन्य सभी कर्मचारी हितैषी निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव का आभार जताया और अपना मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री मंत्रालय परिवार द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए। डॉ. यादव ने तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया और यात्रा को उसके गंतव्य स्थल की ओर रवाना किया। कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, विधायक भगवानदास सबनानी सहित मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी संघों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।*

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में आएंगी दो लाख महिलाएं

### व्यवस्थाओं का नेतृत्व करेंगी बहनें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवी अहिल्याबाई होल्कर ने एक नहीं, अनेक आदर्श स्थापित किए हैं। वह बहू बनकर होल्कर परिवार में आईं और बेटी के रूप में पूजी गईं, ऐसा वह अपने कार्यों से ही कर सकी हैं।

अहिल्या बाई होल्कर ने अपने शासनकाल में सुशासन, देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार, न्यायप्रिय व्यवस्था और महिलाओं के सशक्तिकरण के कार्यों से आदर्श स्थापित किया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर राजधानी के जंबूरी मैदान पर होने वाले महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक हुई। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब दो लाख से अधिक महिलाओं को संबोधित करेंगे। हम सब के लिए सौभाग्य का विषय है, क्योंकि देशभर में कार्यक्रम हो रहे हैं और प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश आना स्वीकार किया।

## 31 को इंदौर में मेट्रो ट्रेन, सतना एवं दतिया के नए एयरपोर्ट्स का होगा वर्चुअल लोकार्पण

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में 26 से 31 मई तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जा रही हैं। इंदौर में मेट्रो ट्रेन सेवा और दतिया एवं सतना में एयरपोर्ट्स के लोकार्पण के दौरान संबंधित विभागों के केंद्रीय मंत्री व केंद्रीय राज्यमंत्री सहित राज्य सरकार के विभागीय मंत्री, उस जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्थानीय मंत्री भी कार्यक्रम स्थल में मौजूद रहेंगे।

# वन नेशन-वन इलेक्शन समय की आवश्यकता : शिवप्रकाश

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने मंगलवार को इंदौर भाजपा कार्यालय में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती और वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन व्यवस्था से प्रेरित हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। एक देश, एक चुनाव मौजूदा समय में देश की आवश्यकता है। देवी अहिल्याबाई होल्कर ने समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है। देवी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से देश की प्रत्येक नारी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने देवी अहिल्या बाई की सेवा, त्याग, तपस्या, सुशासन, लोक कल्याण और धर्म व आध्यात्म को लेकर किए गए कार्यों की विस्तार से चर्चा की।

# किशोरियों और उनकी माताओं को वर्कशाप के माध्यम से जागरूक किया



- अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया
- रियूजेबल सैनेटरी नेपकिन किट वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना ब्लॉक के किशोर/किशोरी संसाधन केंद्र (एआरसी) घामरोज के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। प्रिंसिपल विनु कपूर ,मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आन चैरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूल की कक्षा 6 से 12 की किशोरियों और उनकी माताओं को दो घण्टे की एक वर्कशाप के माध्यम से जागरूक किया । प्रोजेक्ट बाला द्वारा इस कार्यक्रम में रियूजेबल सैनेटरी नेपकिन किट वितरण के लिए उपलब्ध कराई गई। आज के समय में भी हमारे समाज के अंदर महिलाओं और किशोरियों में माहवारी से जुड़ी आधी अधुरी जानकारी से ग़लत भ्रांतियां/मिथ बने हुई है। किशोरियों में माहवारी की सही जानकारी के न होने से किशोरियों का स्कूल से ड्रोप आउट हो जाना, महावारी के दिनों में लड़कियों की उपस्थिति कम होना। वर्कशाप किशोरी स्वास्थ्य एवं कल्याण पहल के माध्यम से माहवारी एवम एनीमिया संबंधित सही जानकारी दी गई।

## 150 किशोरियों ने भाग लिया

कार्यक्रम में 150 किशोरियों और 70 महिलाओं ने भाग लिया। उन्हें कपड़े से बने पैड्स रियूजेबल "बाला किट्स" किस तरह से इस्तेमाल किए जाएं किस तरह से साफ सफाई का ध्यान रखा जाए यह जानकारी उपलब्ध कराई। संस्था ने बड़े ही विस्तार से किशोरियों को महिलाओं को उसकी जानकारी दी। वर्कशाप में स्कूल से प्रिंसिपल विन्यू , जीवन कौशल टीचर्स समुदाय से कम्युनिटी यूथ लीडर्स राजकुमारी, दुर्गा और अन्य स्टाफ और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से सिनियर मैनेजर दीपक विजयवर्गीय, सरिता, सुनिता, आशा, शब्बीर और चितंराशू और ऑन चैरिटेबल ट्रस्ट से नमिता और धनंजय राठी शामिल रहे।

# पड़ोसन का फोटो खींचकर व्हाट्सएप ग्रुप पर किया शेयर, दंपती ने पीटा

**बिलासपुर (हरिभूमि न्यूज)।** शहर के जरहाभाटा क्षेत्र के कस्तूरबा नगर से वाट्सएप ग्रुप पर फोटो भेजने और उसका विरोध करने को लेकर महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पति-पत्नी ने मिलकर बीच सड़क पर महिला की पिटाई की है। इसे लेकर घायल महिला के भाई ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।मामला यह है कि कस्तूरबा नगर में रहने वाली महिला ने अपने मोबाइल पर पड़ोसी महिला की फोटो खींचकर वाट्सएप ग्रुप में भेज दी। जिसका विरोध करने पर फोटो खींचने वाली महिला ने अपने पति के साथ मिलकर पीड़िता की बीच सड़क पर पिटाई कर दी। इस मारपीट में जिस महिला की फोटो खींची गई है, वह घायल हो गई। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार कस्तूरबा नगर निवासी जगावर सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उनकी बहन रंजीता करोसिया की पड़ोस में रहने वाली गंगा सिहोते ने मोबाइल पर फोटो खींचकर वाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। इसकी जानकारी होने पर रंजीता ने विरोध करते हुए गंगा से बात की। इसी बीच गंगा और उसके पति विशाल ने मिलकर रंजीता की पिटाई कर दी। पीड़िता के भाई ने अपनी पुलिस को बताया कि मारपीट से रंजीता बेहोश होकर सड़क पर गिर गई।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

## चिंतन

# औद्योगिक गिरावट आर्थिक ग्रोथ के लिए चिंता की बात

केवल भावनात्मक मुद्दों पर धन व संसाधन को व्यर्थ करने के बजाय सरकार को उद्योग क्षेत्र की मजबूती पर ध्यान देना चाहिए। सुस्ती का सामना कर रही चीन की अर्थव्यवस्था भी भारत के आंकड़ों में तेज जीडीपी वाली अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन कर रही है। अमेरिका भी विश्व में आपदा में अवसर के सिद्धांत से ट्रेड वार, टैरिफ वार और रक्षा निर्यात से अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है, जबकि विश्व में सबसे तेज ग्रोथ का तमगा ढो रही भारतीय अर्थव्यवस्था औद्योगिक मोर्चे पर लगातार मात खा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक, अप्रैल में भारत के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.7 प्रतिशत रही, जिसका मुख्य कारण विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों का कमजोर प्रदर्शन है। पिछले साल यह आंकड़ा 5.2 फीसदी था। आईआईपी दर मार्च संशोधित 3.9 प्रतिशत और फरवरी में 2.7 फीसदी थी। चीन की अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि 6.1 प्रतिशत रही, जो भारत से काफी अधिक है। मार्च में चीन की औद्योगिक उत्पादन दर 7.7 फीसदी थी। इससे पहले आठ कोर इंडस्ट्री सेक्टर की वृद्धि दर में काफी कमी दर्ज की गई थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश के आठ आधारभूत उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि दर भी अप्रैल में भारी गिरावट के साथ आठ महीने के निचले स्तर 0.5 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल 2024 में वृद्धि दर 6.9 फीसदी थी। इस गिरावट का मुख्य कारण रिफाइनरी उत्पादों और उर्वरकों के उत्पादन में गिरावट और पिछले साल की उच्च आधार दर रही। कोर सेक्टर के आठ उद्योग (क्रूड ऑयल, उर्वरक, बिजली, इस्पात, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और कोयला) आईआईपी में 40.27 फीसदी का योगदान करते हैं। क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) का उत्पादन -2.8 प्रतिशत रहा, जो लगातार चौथे महीने गिरावट में रहा। रिफाइनरी उत्पादों में -4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो पिछले आठ महीनों में पहली बार है। उर्वरकों का उत्पादन भी -4.2 प्रतिशत गिरा, जो 11 महीनों में पहली गिरावट है। सीमेंट का उत्पादन 6.7 फीसदी की दर से बढ़ा, लेकिन यह वृद्धि दर भी छह महीने के निचले स्तर पर रही। बिजली उत्पादन में भी सिर्फ 1 फीसदी की वृद्धि हुई, जो सात महीने की सबसे कमजोर दर है। इस्पात (स्टील) की वृद्धि दर घटकर 3 प्रतिशत रह गई। कोर इंडस्ट्री सेक्टर के प्रदर्शन का आईआईपी पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कमजोर आईआईपी उद्योग के प्रदर्शन, रोजगार, व्यापार और अर्थव्यवस्था के समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करेगा। औद्योगिक उत्पादन में गिरावट से रोजगार और वेतन वृद्धि में कमी आएगी, निर्यात पर असर पड़ेगा, वैश्विक निवेश सेंटिमेंट प्रभावित होगा और अंततः महंगाई में वृद्धि होगी। आईआईपी कंपनियों के वित्तीय प्रदर्शन और निवेश को भी प्रभावित करता है। भारत की औद्योगिक कमजोरी को देखते हुए ही लगभग सभी वैश्विक रेटिंग व वित्तीय एजेंसियों ने अपने जीडीपी ग्रोथ अनुमान को संशोधित कर घटा दिया है। एफडीआई में भी कमी दर्ज हुई है। भारतीय कंपनियां भी नए निवेश कम कर रही हैं। जमीनी स्तर पर औद्योगिक क्षेत्रों की हालत सुधारे बिना विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। अमेरिका व चीन के बीच जारी टैरिफ वार के बाद विश्व में उपलब्ध अवसर का लाभ उठाने के लिए भी भारत को अपने औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना होगा। सरकार को 'ऑपरेशन उद्योग' पर भी फोकस करना चाहिए। आर्थिक सुधार, नीतिगत रफ्तार, निवेश, इनोवेशन व घरेलू मांग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए।



कूटनीति
राज कुमार सिंह

# ट्रंप के पाक-प्रेम से सबक सीखे भारत

> ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं।

कभी जिन डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी की दोस्ती के चर्चे थे, आज उनमें संवादहीनता का असर अमेरिका और भारत के रिश्तों पर साफ दिख रहा है। बेशक ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद मोदी अमेरिका गये। वहां दोनों में बात भी हुई। संभव है, पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर के बीच भी दोनों में बात हुई हो, लेकिन ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भारत के प्रति अमेरिका का व्यवहार एकदम बदला हुआ दिख रहा है। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव में अचानक संघर्ष विराम कराने और उसमें व्यापार रोकने की धमकी की भूमिका जैसे ट्रंप के दावे इस बदलाव की पराकाष्ठा हैं।

यह बहस का विषय है कि दो देशों के बीच रिश्तों में शासनाध्यक्षों की मित्रता की कोई भूमिका रहती भी है या फिर देशों के हित ही निर्णायक होते हैं? लेकिन ट्रंप और मोदी, दोनों ही मित्रता का प्रदर्शन करने से कभी चूके नहीं। इसलिए अमेरिका का बदला हुआ रुख कई असहज और गंभीर सवाल खड़े करता है। आतंकवाद का पालन-पोषण करने वाले पाकिस्तान और उससे पीड़ित भारत, दोनों को ट्रंप ने जिस तरह 'महान देश' बताते हुए एक ही श्रेणी में रखा, वह बेहद आपत्तिजनक है। इसका दक्षिण एशिया में शांति और शक्ति संतुलन पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तीसरे पक्ष की भूमिका से भारत के इनकार के जगजाहिर स्टैंड के बावजूद ट्रंप ने कश्मीर विवाद में मध्यस्थता का राग भी अलापा। अंतरराष्ट्रीय मामलों के कुछ जानकार ट्रंप की हालिया बयानबाजी को उनकी सुर्खियों में रहने और दुनिया का 'चौधरी' बनने की मानसिकता का परिणाम मानते हैं। रूस-यूक्रेन तथा इस्राइल-गाजा युद्ध में किसी ने नहीं सुनी तो भारत और पाकिस्तान के बीच ही जबरन चौधराहट सही। लेकिन इसके दूरगामी परिणाम नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।

बेशक अतीत में भी अमेरिका अक्सर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा नजर आया है, लेकिन पिछले तीन दशक में उसके रिश्ते भारत से भी बेहतर हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से भी बहुत पहले अमेरिका-भारत के बीच परमाणु संधि उसका बड़ा प्रमाण है। फिर क्यों ट्रंप का अमेरिका, मित्र भारत की हर मोर्चे पर घेराबंदी करने में जुटा है? बात प्रारंभ से शुरू करते हैं। ट्रंप ने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चीन के राष्ट्रपति तक को अपने शपथ ग्रहण का निमंत्रण भेजा, पर मोदी को नहीं। माना कि चार साल बाद सत्ता में ट्रंप की वापसी में उनके अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने और अमेरिका को फिर महान बनाने के चुनावी वादों की बड़ी भूमिका रही, पर क्या उसके लिए अवैध भारतीय प्रवासियों को हथकड़ी-बेड़ियों में भेजना जरूरी था? अन्य देशों के अवैध प्रवासियों के साथ तो ट्रंप ने ऐसा अमानवीय व्यवहार नहीं किया। अमेरिका और भारत, दो बड़े कारोबारी साझेदार हैं। फिर भी उन्होंने भारत को ऊंची टैरिफ लगाने का आदी बताते हुए गंभीर आरोप लगाया। दो देशों के बीच टैरिफ का मामला बातचीत की मेज पर ही तय होता है, लेकिन ट्रंप ने भारत समेत अनेक देशों के विरुद्ध जैसे 'टैरिफ वॉर' ही छेड़ दिया, जिसका दुनिया भर की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा। अंततः बातचीत की मेज पर ही आना पड़ा।

अगर अमेरिका का चीन से टैरिफ समझौता हो सकता है तो भारत से भी हो ही जायेगा, लेकिन ट्रंप



बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर एक-एक कर भारत से निर्माण समेटने का दबाव बना रहे हैं। यह निश्चय ही अमेरिका को पुनः महान बनाने से ज्यादा भारत को निशाना बनाने की कवायद है। ट्रंप ने पहले एप्पल को भारत में निर्माण करने पर ऊंची टैरिफ के लिए धमकाया और अब सैमसंग समेत अन्य कंपनियों पर भी भारत के बजाय अमेरिका में निर्माण का दबाव बना रहे हैं। यह मित्र देश का व्यवहार तो हरगिज नहीं। सीरिया का मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा कभी खूंखार आतंकवादी अबू मोहम्मद अल- जोलानी के नाम से जाना जाता था। तब 2013 में अमेरिका ने उसे 'ग्लोबल टेररिस्ट' घोषित कराते हुए उस पर 10 मिलियन डॉलर का ईनाम रखा था, लेकिन पिछले दिनों रियाद में ट्रंप उसी के साथ हाथ मिला कर फोटो खिंचवाते नजर आये। सीरिया पर लगाये गये प्रतिबंध हटाये जाने की भी खबरें हैं।

समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि मूलतः व्यापारी ट्रंप की राजनीति, और अब कूटनीति भी कारोबारी हितों से ही संचालित हो रही है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश अमेरिका, जिसके राष्ट्रपति को दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है, का ऐसा आचरण विश्व समुदाय के लिए गहरी चिंता का विषय होना चाहिए। अब वापस भारत के प्रति अमेरिकी व्यवहार पर लौटते हैं। पाकिस्तान दुनिया में आतंकवाद की सबसे बड़ी नर्सरी है, यह बात अमेरिका अच्छी तरह जानता है। आखिर अमेरिका पर 9/ 11 के आतंकी हमलों का मुख्य षड्यंत्रकारी अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान के ऐबटाबाद में ही मारा गया था। भारत में पाक प्रायोजित आतंकी हमलों के सबूत भी अमेरिका समेत विश्व समुदाय को समय-समय पर दिये जाते रहे हैं। इसके बावजूद हालिया सैन्य टकराव में व्यापार बंद करने की धमकी देकर संघर्ष विराम कराने का दावा करते हुए ट्रंप ने जिस भारत और पाकिस्तान तथा उनके नेतृत्व को समान रूप से 'महान' बताया, वह कूटनीतिक मर्यादा और प्राकृतिक न्याय, दोनों के विपरीत है।

इसके बावजूद ट्रंप ऐसा कर रहे हैं तो निश्चय ही उसके कारण भी होंगे। शीत युद्ध काल में अफगानिस्तान से सोवियत संघ समर्थक सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए, अमेरिका के लिए ही, पाकिस्तान ने तालिबानी आतंकवाद को पाला-पोसा। पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अंतरराष्ट्रीय मीडिया में स्वीकार भी कर चुके हैं कि उनका देश पश्चिमी देशों के लिए यह पाप अरसे से करता रहा है। बेशक अमेरिका, पाकिस्तान का इस्तेमाल अपनी भू-राजनीतिक रणनीति में करता रहा है। बदले में उसे खुले हाथों सैन्य और आर्थिक मदद दी जाती रही है। ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति काल में भी सब कुछ वैसे ही चल रहा है। भविष्य में भी यह मदद रुकने की कोई संभावना नजर नहीं आती। खुद आर्थिक मदद देने के अलावा पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज दिलवाने में भी अमेरिका की भूमिका रही।

दरअसल, अमेरिका के रणनीतिक हितों के अलावा अब कारोबारी हितों की भी चर्चा है। पहलगाम हमले के बाद और ऑपरेशन सिंदूर से पहले पाकिस्तान के साथ क्रिप्टो करंसी डील करने वाली अमेरिकी कंपनी में ट्रंप परिवार के भी कारोबारी हित बताये जाते हैं। उधर पाकिस्तान की खनिज संपदा के दोहन के लिए भी अमेरिका लगातार प्रयासरत है। विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के मुकाबले एक आतंकवादी देश पाकिस्तान पर इस मेहरबानी के कारण समझने के बावजूद मित्रता की खुशफहमी हमारी समझदारी नहीं। ट्रंप की अवसरवादी कूटनीति से सही सबक लेकर भारत को भी अपनी रणनीतिक प्राथमिकताएं नये सिरे से तय करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

सीएपीएफ
सुनील कुमार महला



# सुप्रीम कोर्ट का मनोबल बढ़ाने वाला फैसला!

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक व बड़े फैसले में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में महानिरीक्षक (आईजी) स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की नियुक्ति कम करने का निर्देश दिया है, ताकि कैडर अधिकारियों को अधिक अवसर मिल सकें। वास्तव में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला कैडर अधिकारिक के लिए मनोबल बढ़ाने वाला फैसला कहा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह माना है कि केंद्रीय सशस्त्र बलों (सीएपीएफ) में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति में विलंब से उनके मनोबल पर 'प्रतिकूल प्रभाव' पड़ सकता है। जब सीएपीएफ को ओजीएएस घोषित किया गया है, तो ओजीएएस को उपलब्ध सभी लाभ स्वाभाविक रूप से सीएपीएफ को मिलने चाहिए, यह नहीं हो सकता कि उन्हें एक लाभ दिया जाए और दूसरे से वंचित रखा जाए। यह बहुत ही काबिले-तारीफ है कि अब केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में ओजीएएस (संगठित समूह ए सेवा) के लिए बाकायदा छह माह की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति और उनको फाइनेंशियल प्रोफिट (लाभ) की उम्मीदें बंध गई हैं। इस क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चार वर्ष से लंबित कैडर रिव्यू प्रक्रिया, उक्त अवधि में ही पूरी किए जाने के आदेश दिए हैं। बता दें कि 3 सितंबर 2015 को अदालत ने अपने फैसले में सीएपीएफ को 1986 से 'संगठित समूह ए सेवा' घोषित कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें इसका फायदा नहीं मिल पा रहा था। गौरतलब है कि सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) में ओजीएएस का मतलब है 'संगठित समूह ए सेवा।' दरअसल, ओजीएएस एक ऐसा संगठन है जो भारत सरकार द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए बनाया गया है, जैसे कि आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि। वास्तव में, सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा मिलने का मतलब है कि सीएपीएफ के अधिकारी भी आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और अन्य केंद्रीय सेवाओं के अधिकारियों के समान लाभ प्राप्त करेंगे, जैसे कि पदोन्नति और गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 3 जुलाई 2019 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सीएपीएफ को ओजीएएस का दर्जा देने का आदेश दिया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने यह बात मानी है कि सीएपीएफ अधिकारी, देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और वे कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। देश की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के साथ-साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करने और देश के भीतर आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा को अनदेखा या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद, सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, अपने करियर में बहुत अधिक ठहराव का सामना कर रहे हैं। अदालत ने इन बलों में बतौर प्रतिनियुक्ति बाहर से आने वाले अधिकारियों की संख्या (सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के स्तर तक) को धीरे-धीरे कम किए जाने के साथ ही उनकी सेवा अवधि अधिकतम 2 वर्ष तक सीमित करने की बात भी कही है। इस ग्रेड में आईजी (महानिरीक्षक) रैंक वाले अधिकारी आते हैं। यानी कुछ वर्षों के दौरान इन बलों में आईजी रैंक तक आईपीएस प्रतिनियुक्ति को खत्म किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि प्रतिनियुक्ति पदों में यह कमी सीएपीएफ कैडर अधिकारियों को बलों के प्रशासनिक कामकाज में अधिक भागीदारी करने की अनुमति देगी और लंबे समय से चली आ रही शिकायतों का समाधान करेगी। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने आदेश दिया है कि सभी सीएपीएफ में कैडर समीक्षा, जो वर्ष 2021 में होनी थी, आज से छह महीने की अवधि के भीतर पूरी की जाए। हालांकि, गृह मंत्रालय ने सीएपीएफ कैडर अधिकारियों की याचिका का विरोध करते हुए यह बात कही है कि आईपीएस अधिकारी पदानुक्रम का एक 'महत्वपूर्ण हिस्सा' हैं। ये बल विभिन्न राज्यों में तैनात हैं, इसलिए आईपीएस अधिकारी सीएपीएफ के प्रभावी संचालन के लिए जरूरी हैं, जिससे संबंधित राज्य सरकारों और उनके संबंधित पुलिस बलों के साथ सहयोग की सुविधा मिलती है, जिससे संघीय ढांचे को संरक्षित किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने सीएपीएफ में महानिरीक्षक स्तर तक के आईपीएस अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति दो वर्षों में 'उत्तरोत्तर' करने का आदेश दिया है, ताकि कैडर अधिकारी अपने जायज हक से वंचित न हों और उन्हें पदोन्नति के अधिक अवसर मिलें। उम्मीद है कि इस फैसले से पांचों केंद्रीय पुलिस बलों-सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के कैडर अफसरों को उनका जायज हक मिल सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## गलत काम जीवन की तपस्या कर सकता है बर्बाद



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सबकुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### केंद्र-राज्यों की एकजुटता जरूरी

हाल ही में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिलिंग की बैठक में यह जो विचार किया गया कि देश के विकास के लिए केंद्र और राज्यों का सहयोग जरूरी है, यह विचार बहुत अच्छा और जरूरी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही दुनिया के सामने देश के विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ फिसड्डी हैं। केंद्र सरकार देश के हर राज्य के लिए एक बराबर योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टी के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं करते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। – *अजय पांडे, सरायपाली*

## करंट अफेयर

### हिमालय के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है नेपाल : मंत्री

नेपाल के संस्कृति, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री प्रसाद पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापवृद्धि के खतरे से जूझ रहे हिमालय को बचाना सामूहिक जिम्मेदारी है और नेपाल सरकार इसके संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। पांडे ने कहा कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, पर्वतारोहण प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दे रही है ताकि सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। एवरेस्ट शिखर सम्मेलन के मौके पर मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में पांडे ने कहा कि पिछले साल सरकार द्वारा गठित एक टीम ने माउंट एवरेस्ट से 11 टन कचरा, चार शव और एक कंकाल हटाया था। पांडे ने पर्वतारोहियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए हिमालयी संस्कृति के संरक्षण और पर्वतों को भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पर्वत मार्गदर्शकों, बचाव टीमों और श्रमिकों के योगदान को भी सम्मानपूर्वक याद किया और कहा कि उनके समर्पण से पर्वत अभियानों को सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के अवसर पर मंत्री ने 10 भारतीय पर्वतारोहियों समेत 100 से अधिक पर्वतारोहियों को सम्मानित किया।



## ऑफ बीट

### ओरंगुटान की आवाज में छिपा भाषा का रहस्य

सुमात्रा ओरंगुटान का वैज्ञानिक नाम 'पोंगो अबेली' है जो एक वानर की प्रजाति है और सुमात्रा द्वीप में पाई जाती है। ओरंगुटान हमारे पशु परिवार से संबंधित हैं। इसका मतलब है कि हमारे पूर्वज एक ही हैं और यह एक ऐसी प्रजाति है जो लाखों साल पहले रहती थी, जिससे हम दोनों विकसित हुए हैं। हमारी तरह, ओरंगुटान के भी हाथ होते हैं जो पकड़ सकते हैं, वे औजारों का इस्तेमाल कर सकते हैं और नयी चीजें सीख सकते हैं। हम अपने डीएनए का लगभग 97 प्रतिशत हिस्सा ओरंगुटान के साथ साझा करते हैं, जिसका मतलब है कि हमारे शरीर और दिमाग के कई हिस्से एक जैसे तरीके से काम करते हैं। वर्ष 2024 में मनोवैज्ञानिक एड्रियानो लामीरा और उनके सहयोगियों द्वारा ओरंगुटान संचार पर किए गए शोध में ओरंगुटान की एक अलग प्रजाति, जंगली बोर्नियन ओरंगुटान (पोंगो पाइग्मियस वुर्मबी) पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने केवल नरों द्वारा उत्पन्न की जाने वाली एक प्रकार की ध्वनि का अध्ययन किया, जिसे लम्बी पुकार के नाम से जाना जाता है, और पाया कि लम्बी पुकारें लयबद्ध पदानुक्रम के दो स्तरों में व्यवस्थित होती हैं। इसका पता लगाने के लिए हमने जंगली मादा सुमात्रा ओरंगुटान की चेतावनी भरी आवाजों का अध्ययन किया और कुछ आश्चर्यजनक बातें पाईं।



## ट्रेंड

### पद्म पुरस्कार विजेता



नागरिक अलंकरण समारोह-II में भाग लिया, जहाँ पद्म पुरस्कार प्रदान किए गए। पद्म पुरस्कार विजेताओं ने हमारे समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वालों की जीवन यात्रा अत्यंत प्रेरक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नागरिकों से सीधा संवाद



आज जनसुनवाई कार्यक्रम में दिल्ली के नागरिकों से सीधा संवाद हुआ। हम केवल समस्याएं नहीं सुनते- हम समाधान सुनिश्चित करते हैं। हर आवाज़ हमारे लिए मूल्यवान है और हर समस्या का समाधान हमारी ज़िम्मेदारी है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली


### पंजाब किंग्स टीम को बधाई



पंजाब किंग्स की गतिशील टीम से मुलाकात की और इस सीजन में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। टीम मालिक प्रीति जिंटा और कप्तान श्रेयस अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग को नेतृत्व के लिए विशेष धन्यवाद।

-राघव चड्ढा, सांसद, आम आदमी पार्टी

### दोषारोपण का खेल



जीवन को दोषारोपण का खेल मत बनने दो। तुम्हारे पास इसके लिए पर्याप्त समय नहीं है.. क्योंकि जब भी तुम दूसरों को दोष देते हो, तो तुम खुद पर दोषारोपण का बोझ ढोते हो।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# बंगाल की खाड़ी से आई चेतावनी: आधा दर्जन राज्यों के लिए 48 घंटे हो सकते हैं भारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में इस समय मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला हुआ है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने समय से पहले दस्तक दे दी है और अब यह महाराष्ट्र, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई हिस्सों में पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों में मॉनसून और तेजी से उत्तर और उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ेगा और पश्चिम बंगाल, बिहार और पूर्वोत्तर राज्यों में पूरी तरह से सक्रिय हो जाएगा। केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी मौसम का मिजाज उग्र बना हुआ है। 28 से 30 मई के दौरान इन राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। केरल और तटीय कर्नाटक में कई जगहों पर पिछले 24 घंटों में 100 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। साथ ही बिजली गिरने और तेज हवाओं के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

**कोंकण और गोवा में 2 जून तक व्यापक वर्षा हो सकती है**

**40-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं**

*बंगाल की खाड़ी में बन रही मौसमी प्रणाली से अगले 48 घंटे में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जिससे पूर्वी भारत के कई हिस्सों में अलर्ट जारी हुआ है।*

**केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में अलर्ट**

### गरज-चमक के साथ चलेंगी तेज हवाएं

उत्तर भारत के हालात की बात करें तो राजधानी, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और गरज के साथ हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है। दिल्ली-एनसीआर में 28 से 31 मई तक गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 मई को तेज हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। राजस्थान में एक ओर जहां पश्चिमी हिस्सों में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है, वहीं पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश और धूलभरी आंधी के आसार हैं। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 45 डिग्री से ऊपर बना हुआ है।



### यहां होगी आज और कल बारिश

पूर्वी तट के पास बंगाल की खाड़ी में एक अच्छा खासा निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 24 घंटों में एक डिप्रेशन में बदल सकता है। इसके चलते ओडिशा, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने साफ तौर पर कहा है कि यह प्रणाली उत्तर की ओर बढ़ेगी और इससे आने वाले दिनों में और भी राज्यों में व्यापक वर्षा हो सकती है। पूर्वोत्तर भारत की बात करें तो अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 29 और 30 मई को बहुत भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। सिक्किम और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में भी जोरदार बारिश के आसार हैं।

### 24 घंटे बाद फिर हो सकती है दिल्ली-एनसीआर में तूफान की एंट्री

राजधानी दिल्ली और एनसीआर में पिछले दिनों आए आंधी-तूफान से लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। इस बीच दिल्ली और एनसीआर में एक बार फिर बारिश के साथ आंधी-तूफान की आशंका जाहिर की जा रही है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों का अनुमान है कि आज यानी 28 मई से दिल्ली का मौसम बदलने के आसार हैं। फिर से आंधी-तूफान और बारिश तेज हो सकती है। इसके बाद 29 और 30 मई को हालात और बिगड़ने की संभावना है। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में प्री-मानसून गतिविधियों में 4-5 दिनों का ब्रेक आने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 29 मई से मौसम में फिर बदलाव आएगा। 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेगी। बारिश की संभावना जताई गई है। लोगों को सतर्क करते हुए यलो अलर्ट भी जारी किया है। 29 मई को अधिकतम तापमान तापमान 39 डिग्री दर्ज किया जा सकता है जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रह सकता है।

## खबर संक्षेप

### थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ताः उदितराज



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता उदित राज ने बुधवार को एक्स पर किए गए एक पोस्ट को रिपोस्ट कर शशि थरूर को टैग किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि काश मैं प्रधानमंत्री मोदी को मना सकता कि वे आपको भाजपा का सुपर प्रवक्ता घोषित कर दें, यहां तक कि भारत आने से पहले ही विदेश मंत्री घोषित कर दें। यह तंज दिन पर चर्चित रहा।

### असम में 171 फर्जी एनकाउंटर का आरोप



**नई दिल्ली।** असम में 171 फर्जी एनकाउंटर किलिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मानवाधिकार आयोग को निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट आरिफ यासिन जवाद्दर की याचिका पर यह आदेश दिया है। आरिफ यासिन ने गौहाटी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, स्वतंत्र जांच की मांग की।

### लोकपाल ने पूर्व सेबी प्रमुख को दी क्लीन चिट


**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों की जांच करने वाली संस्था लोकपाल ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आधार पर बाजार नियामक सेबी की पूर्व प्रमुख माधबी पुरी बुच के खिलाफ अनुचित व्यवहार और हितों के टकराव का आरोप लगाने वाली शिकायतों को खारिज किया।

## केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली और कर्नाटक में ज्यादा बढ़ रहे मरीज

# देश में कोरोना के मामले 1200 पार, भले ही केस बढ़ रहे हैं लेकिन पैनिक होने की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में कोरोना के मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखी जा रही है। देश में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 1200 से ज्यादा पहुंच चुकी है। इनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। इस राज्य में कोरोना के 430 मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र में 208 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं। दिल्ली और कर्नाटक में भी कोरोना के 100 से ज्यादा केस सामने आ चुके हैं। बात करें पिछले 24 घंटों की तो बिहार में 6 कोरोना के केस सामने आए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में भी एक शख्स कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामले की सबसे बड़ी वजह जेएन.1 वेरियंट है। यह ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है। पंजाब के चंडीगढ़ में कोविड-19 संक्रमण से पहली मौत का मामला सामने आया है। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (जीएमसीएच-32) में भर्ती लुधियाना निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मरीज को चार दिन पहले सांस लेने में परेशानी के चलते अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने जब कोविड टेस्टिंग की तो वो पॉजीटिव पाए गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट किया गया था। जेएन.1 वेरिएंट की सबसे बड़ी परेशानी है कि यह लोगों के बीच काफी जल्दी फैलता है। इसमें एक्स्ट्रा म्यूटेशन है,जो कोशिकाओं में प्रवेश करने और इम्यून को कमजोर करता है। कई डॉक्टरों का मानना है कि जेएन.1 वेरिएंट इतने खतरनाक नहीं है और लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है।



*जानकारों को मानना है कि ये वेरियंट ज्यादा खतरनाक नहीं है इसलिए इससे डरने या पैनिक होने की जरूरत नहीं है*

- *जेएन.1 वेरियंट ओमिक्रॉन का ही सब-वेरिएंट है*
- *नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है*

### पंजाब में कोविड की वजह से एक व्यक्ति की मौत

**गंभीर नहीं हैं मामले**

कोविड के नए वेरिएंट को लेकर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि अभी तक जो मामले मिले हैं, वे ज्यादा गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'भारत में कोविड-19 संक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि ये गंभीर नहीं हैं। हम इस पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।'




### अस्पतालों में तैयार किए जा रहे हैं कोविड वार्ड

देश के कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद अस्पतालों में कोविड-19 रोगियों के लिए वार्ड तैयार किए जा रहे हैं। दिल्ली में कोविड-19 के मामले 100 के पार पहुंचने के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। सीएम गुप्ता ने कहा, सभी अस्पतालों को दिशानिर्देश दिए गए हैं और सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मामलों से निपटने की पूरी तैयारी कर रखी है। यहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद हैं।

### जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा

जेएन.1 ओमिक्रॉन के बीए.2.86 का एक स्ट्रेन है। इस पिरोला भी कहा जाता है। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स है, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। कोरोना के बढ़ते नए मामलों पर एम्स के पूर्व डॉयरेक्टर रणदीप गुलेरिया ने कहा, कोरोना वायरस का नया वेरिएंट जेएन.1 सारी दुनिया में सबसे ज्यादा है। इस वेरिएंट में कुछ म्यूटेशन है, जिस वजह से ये ज्यादा इंफेक्शन करता है। उन्होंने कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से ज्यादा लोगों को इन्फेक्शन हुआ था। हमारे शरीर में इम्यूनिटी है, लेकिन वेरिएंट खुद में बदलाव करते हैं। इस वजह से इन्फेक्शन बीच-बीच में बढ़ जाता है।

## कर्ज: परिवार के चार लोगों ने दी जान

# साड़ियों का फंदा बनाया, एक के बाद एक झूले फांसी पर!



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

हरियाणा के पंचकूला के एक ही परिवार के 7 लोगों ने की आत्महत्या का मामला लोग नहीं भूल पाए थे और केरल के वक्कम शहर में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक ही परिवार के चार सदस्य अपने घर में फांसी पर लटके पाए गए। मरने वालों में पिता, माता और उनके दो बेटे शामिल हैं। पुलिस को शक है कि यह आत्महत्या का मामला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। शायद इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। जिन लोगों ने घर में अंदर जाकर देखा तो चारों के चारों साड़ी के अलग अलग फंदो पर लटके हुए थे। हो सकता है कि एक के बाद एक फांसी पर झूले हों। वहां

**◆ घर के लिए कर्ज लिया बेटे का एक्सीडेंट हुआ फिर तंगी में फंसा परिवार**

भी एक ही परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि मरने वालों की पहचान अनिल कुमार (55 वर्ष), उनकी पत्नी शीजा (50 वर्ष), और उनके बेटे अश्विन (25 वर्ष) और आकाश (22 वर्ष) के रूप में हुई है। वार्ड सदस्य संथम्मा एस के अनुसार, शीजा अक्सर परिवार के बढ़ते कर्ज के बारे में बात करती थी। कुछ साल पहले उन्होंने एक राष्ट्रीयकृत बैंक से घर खरीदने के लिए बड़ा होम लोन लिया था। इसके बाद उनकी आर्थिक परेशानी शुरू हुई।

### हालात बिगड़ते गए

संथम्मा ने बताया कि 2019 में अश्विन एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे कई फ्रैक्चर हुए थे। वह छह महीने तक अस्पताल में रहा। इससे परिवार का खर्चा और बढ़ गया और वे और भी ज्यादा कर्ज में डूब गए। पड़ोसियों ने परिवार को आखिरी बार सोमवार शाम 5 बजे के आसपास देखा था। मंगलवार सुबह 10 बजे तक घर बंद था। एक पड़ोसी ने देखा कि घर का दरवाजा खुला है। अंदर जाकर देखा तो चारों लोग हॉल में साड़ियों से फांसी पर लटके हुए थे।

*एनएचएआई के एनएच 48 पर ट्रायल रन दिल्ली एनसीआर में भीड़भाड़ कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम*

# दिल्ली-गुरुग्राम मार्ग पर द्वारका एक्सप्रेसवे अंडरपास का ट्रायल रन शुरू किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एनएच-48 के दिल्ली-गुरुग्राम मार्ग पर भीड़भाड़ कम करने और यातायात प्रवाह को बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 29 मई 2025 से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से दिन के तीन बजे तक द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली मार्ग पर सुरंग और अंडरपास का ट्रायल रन शुरू किया है। एनएचएआई के अनुसार ट्रायल रन दिल्ली एनसीआर में गतिशीलता बढ़ाने और भीड़भाड़ कम करने की एक महत्वपूर्ण कदम है। ट्रायल रन के लिए खोले गए अंडरपास में कम ऊंचाई वाली सुरंग विपरीत दिशा की सुरंग शामिल होगी।



### आईजीआई हवाई अड्डे को वैकल्पिक संपर्क मिलेगा

चालू होने के बाद अंडरपास कम ऊंचाई वाली सुरंग के माध्यम से आईजीआई हवाई अड्डे को वैकल्पिक संपर्क प्रदान करेंगे, जिससे दिल्ली, गुरुग्राम और उत्तरी शहरों के बीच संपर्क में सुधार होगा। इससे गुरुग्राम, वसंत कुंज, द्वारका, अलीपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों के बीच यातायात प्रवाह को सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

### वाहन और तेल टैंकरों को नहीं होगी अनुमति

ट्रायल अवधि के दौरान एनएचएआई को शहर के परिवहन नेटवर्क में निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए यातायात पैटर्न, सुरक्षा उपायों और बुनियादी ढांचे की दक्षता की निगरानी और मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी। सुरंग में वाहनों की ऊंचाई 4.5 मीटर तक सीमित होगी और दो पहिया, तिपहिया जैसे धीमी गति से चलने वाले वाहन और तेल टैंकर जैसे ज्वलनशील पदार्थ ले जाने वाले वाहनों को सुरंग और अंडरपास के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।

## स्वरूप नगर इलाके का मामला

# घर में घुसकर दंपति को गोली मारी, पति की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के स्वरूप नगर इलाके में बुधवार को हमलावरों ने घर में घुसकर दंपति को गोली मार दी। इस हमले में पति की मौत हो गई और पत्नी गंभीर रूप से घायल है। लोकल पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ समेत कई टीमें जांच में जुटी है। पुलिस का शुरुआती जांच में कहना है कि पैसों के लेनदेन में वारदात को अंजाम दिया गया है।

एक हमलावर दंपति के बेटे का जानकार बताया गया है। पुलिस ने मुताबिक, फायरिंग के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी। पता चला कि दंपति पर फायरिंग की गई और पति की मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर है। पति का नाम अशोक (42) और पत्नी रचना (40) है। अशोक ट्रक चालक था। इनका बेटा संदीप किसी दिनेश चंद ऊर्फ गोलू के साथ रहता था। संदीप ने गोलू के पास जाना बंद कर दिया था। जांच में कुछ पैसे के लेनदेन का मामला भी सामने आया है। बुधवार शाम गोलू अपने तीन अन्य साथियों के साथ घर आया और संदीप के माता-पिता पर गोली चला दी। हमले के समय संदीप घर पर नहीं था।

## इस पहल से यात्रा सुविधाओं में सुधार होगा

# महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल की लाइन क्षमता बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को भारतीय रेल में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी, ताकि यात्रियों और वस्तुओं का निर्बाध एवं तेज परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। इन परियोजनाओं में रतलाम-नागदा तीसरी और चौथी लाइन और वर्धा-बल्हारशाह चौथी लाइन शामिल हैं। दोनों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 3,399 करोड़ रुपये (लगभग) है और इन्हें 2029-30 तक पूरा किया जाएगा। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुई हैं। ये यात्रियों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेंगी। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के चार जिलों को समाहित करने वाली ये दो परियोजनाएं भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 176 किलोमीटर तक विस्तारित करेंगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 784 गांवों तक संपर्क सुविधा बढ़ाएंगी, आबादी लगभग 19.74 लाख है। सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 18.40 एमटीपीए की अतिरिक्त माल ढुलाई होगी। जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की लॉजिस्टिक लागत, तेल आयात (20 करोड़ लीटर) को कम करने और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन (99 करोड़ किलोग्राम) में कमी करने में मदद करेगा।

**तीन सदस्यीय समिति गठित**

# बिना अनुमति पेड़ों की कटाई के लिए डीडीए अधिकारियों पर लगा जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि डीडीए के अधिकारियों ने दिल्ली के दक्षिणी रिज में सड़कों को चौड़ा करने के लिए अवैध तरीके से पेड़ों की कटाई की। सुप्रीम कोर्ट ने इसे अवमाननापूर्ण कार्रवाई माना और पेड़ों की अवैध कटाई के लिए जिम्मेदार डीडीए अधिकारियों पर 25-25 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने डीडीए और दिल्ली सरकार के अधिकारियों के लिए कुछ विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो वृक्षारोपण को बढ़ावा देने और दिल्ली में हरित कवर को बढ़ाने के लिए डीडीए और दिल्ली सरकार को सुझाव देगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्देश दिया कि अब से वनरोपण, सड़क निर्माण, पेड़ों की कटाई रोकने पर ध्यान देंगे।

### कॉलेजियम ने की सिफारिश

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस टी विनोद कुमार को तेलंगाना उच्च न्यायालय से मद्रास उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 26 मई की बैठक में यह सिफारिश की।



17 नवंबर 1964 को जन्में जस्टिस विनोद कुमार ने नलगोंडा जिले के सूर्यापेट से शुरुआती पढ़ाई की। इसके बाद वे उच्च शिक्षा के लिए हैदराबाद चले गए। उन्होंने ओस्मानिया यूनिवर्सिटी से स्नातक और एलएलबी की पढ़ाई की। साल 1988 में जस्टिस कुमार आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में वकील के तौर पर पंजीकृत हुए। साल 2015 में वे आयकर विभाग के स्टैंडिंग काउंसल नियुक्त हुए और साल 2016 में वाणिज्यिक कर के लिए विशेष स्टैंडिंग काउंसल। 26 अगस्त 2019 को उन्हें तेलंगाना उच्च न्यायालय में बतौर जज नियुक्त किया गया।

**सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उप्र, मप्र और बिहार का दौरा करेंगे**

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता अब सबसे बड़ी चर्चा का विषय

# 3 दिन में 5 राज्यों में रैली, रोड शो, उद्घाटन कर विपक्ष को बड़ा संदेश देने जा रहे पीएम

*ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी अब राज्यों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वे आज यानी 29 मई से 31 मई तक पांच राज्यों का दौरा करेंगे, जिसमें बिहार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां इस साल चुनाव होने वाले हैं।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान को सबक और आतंकियों को जवाब के बाद पीएम मोदी अब राज्यों के मोर्चे पर जुट गए हैं। पीएम मोदी आज यानी 29 मई से 31 मई तक तीन दिन के दौरान पांच राज्यों का दौरा करने जा रहे हैं। पीएम के दौरे में चुनावी राज्य बिहार काफी अहम माना जा रहा है। पीएम मोदी इसके अलावा सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश भी जाएंगे। खास बात है कि इस दौरान बिहार पर पार्टी और पीएम मोदी का खास फोकस है। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वे करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

**पीएम मोदी 31 मई को भोपाल में रैली करेंगे**



### पीएम एयरपोर्ट के टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे

बिहार में प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट के नवनिर्मित यात्री टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वे बिहटा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखेंगे। 30 मई को प्रधानमंत्री काराकाट में 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**कानपुर में मेट्रो की शुरुआत:** उप्र में पीएमकई शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। वे कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन से कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन खंड का उद्घाटन करेंगे।

**डाक टिकट होगा जारी:** प्रधानमंत्री राज्यत्व के 50 वर्ष पूरे होने पर स्मारक सिक्का, स्मारिका सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे।

### सिक्किम से होगी शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई से सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही जनसभाओं को भी संबोधित प्रधानमंत्री मोदी 29 मई को सबसे पहले सिक्किम पहुंचेंगे। यहां वह पाल्जोर स्टेडियम में सिक्किम राज्यत्व दिवस के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### स्पर्श पर्ल ने सैफ अली खान को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नोएडा।** स्पर्श पर्ल, जो भारत के बाथ फिटिंग उद्योग में तीन दशकों से अधिक समय से उत्कृष्टता का अनुभव रखने वाली अग्रणी कंपनी है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार सैफ अली खान को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य प्रीमियम उपभोक्ताओं के साथ ब्रांड के जुड़ाव को मजबूत करना और विश्वास और गुणवत्ता की अपनी विरासत को मजबूत करना है। दो साल की भागीदारी के तहत, सैफ अली खान स्पर्श पर्ल के 360-डिग्री मार्केटिंग अभियान का चेहरा होंगे, जिसमें टेलीविजन विज्ञापन, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ओटीटी मीडिया और आउटडोर विज्ञापन शामिल होंगे।

### लाल सागर मार्ग से अब होने लगा है भारतीय निर्यात

**नई दिल्ली।** निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा कि भारतीय निर्यात खेप धीरे-धीरे लाल सागर मार्ग से फिर से गुजरने लगी हैं। क्षेत्रीय तनाव के कारण यह मार्ग महीनों बाधित रहा था। अब धीरे-धीरे इस मार्ग से वस्तुओं की आवाजाही हो रही है जो निर्यात में सुधार का संकेत है।

### टीसीएस ने जेन एआई को 'सभ्यतागत बदलाव' दिया करार

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी टीसीएस का मानना है कि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) महज एक और प्रौद्योगिकी चक्र नहीं है, बल्कि एक 'सभ्यतागत बदलाव' है जिससे हर उद्योग को सकारात्मक लाभ होगा। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बताया कि 30 अरब डॉलर की आईटी सेवा कंपनी भविष्य में मनुष्यों के साथ मिलकर काम करने और ''मानव+एआई'' मॉडल में समाधान देने के लिए एआई एजेंट का एक ''बड़ा गुट'' बनाएगी।

## उपभोक्ता मामलों के सचिव खरे ने अनुपालन करने कहा

# एमएसएमई गुणवत्ता मानकों का पालन करे, अधिक उत्तरदायी बनें

समस्याओं को साझा करने व समाधान खोजने सक्रिय हो

उद्योग गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने आगे आए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बुधवार को एमएसएमई से उत्पादों के निर्माण के दौरान स्वैच्छिक और अनिवार्य गुणवत्ता मानकों का अनुपालन करने को कहा। इसके साथ ही उन्होंने उनसे समस्याओं को साझा करने और उसका समाधान खोजने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया।

यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरे ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और इसे हासिल करने में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यम) की प्रमुख भूमिका होगी।

### लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें

सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अपनी समस्याओं को साझा करने में अपनी ओर से अधिक सक्रिय होने की जरूरत है और उद्योग से नए मानकों की मांग करने के साथ-साथ इन गुणवत्ता मानदंडों के निर्माण में भाग लेने को कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद मिलें।

### भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर




### परीक्षण सुविधा की स्थापना हो

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उद्योग के प्रतिभागी किसी भी कठिनाई के दौरान सहायता के लिए मंत्रालय से संपर्क कर सकते हैं, चाहे वह मानकों का निर्माण हो या परीक्षण सुविधा की स्थापना। खरे ने कहा, ''..हम इसे स्थापित करेंगे। हम नहीं चाहते कि आपको परेशानी हो।'' सचिव ने कहा कि एमएसएमई को अधिक उत्तरदायी होना होगा।

### उद्योग मानकों की मांग करें

खरे ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा, ''भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, तो एमएसएमई ही यह चमत्कार कर सकते हैं। इसलिए आप (एमएसएमई) मानकों का पालन किए बिना या उनके अनुरूप काम किए बिना यह चमत्कार नहीं कर सकते। इसलिए मानकों की मांग करें।'' खरे ने कहा, ''यहां तक कि युगांडा और रवांडा में भी भारत की तुलना में अधिक क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश), अधिक तकनीकी विनियमन हैं। क्या आप फिर भी शिकायत करेंगे? सचिव ने कहा कि अब भी 23,000 भारतीय मानक हैं जो पूरी तरह से स्वैच्छिक व्यवस्था में हैं।

### बीआईएस में तेजी से सुधार की क्षमता

सचिव ने उद्योग से मानकों के समयबद्ध निर्माण की मांग करने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार और उसके विभाग ऐसा करेंगे। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) में मानकों को बहुत तेजी से तैयार करने की क्षमता है।

### नई प्रयोगशाला स्थापना पर 78 करोड़ मंजूर

हाल ही में मौजूदा परीक्षण प्रयोगशालाओं को मजबूत करने और नई प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 78 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। खरे ने कहा, ''आखिरकार, कोई भी राष्ट्र जो विकास करता है, उसे अपने माल और सेवाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी होती है। इसमें कोई परहेज नहीं हो सकता, या गुणवत्ता की चिंता में कोई छूट नहीं दी जा सकती।''

### उद्योग की ओर सेशायद ही भागीदारी

सचिव ने बताया कि जब भी मानक तैयार किए जाते हैं, तो उद्योग की ओर से शायद ही कोई भागीदारी होती है। खरे ने कहा, ..शिक्षाविद, क्षेत्र विशेष के विशेषज्ञ...वास्तव में मानक ला रहे हैं, जबकि यह मानक, उद्योग के लिए और उद्योग द्वारा होने चाहिए...।'' उन्होंने यह बात, लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए एक गैर-लाभकारी संगठन इंडिया एसएमई फोरम द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कही।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 239 अंक के नुकसान में रहा। आईटीसी और वाहन शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया।

दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली आईटीसी में ब्रिटेन की बहुराष्ट्रीय कंपनी बीएटी पीएलसी द्वारा हिस्सेदारी घटाये जाने के बाद कंपनी का शेयर टूटा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक टूटकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 73.75 अंक की गिरावट के साथ 24,752.45 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि बृहस्पतिवार को वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के अनुबंध की समाप्ति और जीडीपी तथा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने से पहले प्रमुख सूचकांक काफी हद तक सीमित दायरे में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी), वाहन और औषधि शेयरों में गिरावट



■ सेंसेक्स 239 अंक टूटा, आईटीसी में तीन प्रतिशत की गिरावट

**इन शेयरों में रही गिरावट :** सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, नेस्ले, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और टेक महिंद्रा भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

**अदाणी पोर्ट्स रहा लाभ में :** दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और एचसीएल टेक शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **(1) रजत पायल शर्मा पुत्र अनिल शर्मा (2) अनिल शर्मा पुत्र मंगत राम पताः मकान नं 105, वेस्ट पेराडाईस आर्पटमेंट सेक्टर–19, द्वारका दिल्ली ने एफआईआर संख्या 804/14 धारा 420/468/471/120बी भा.द.स. के तहत थानाः** बेगमपुर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) रजत पायल शर्मा (2) अनिल शर्मा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) रजत पायल शर्मा (2) अनिल शर्मा** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 804/14 धारा 420/468/471/120बी भा.द.स. के तहत थाना बेगमपुर, नई दिल्ली के उक्त (1) रजत पायल शर्मा (2) अनिल शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
कोर्ट नं.101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6538/RD/2025

# सोना 500 और चांदी 1000 रुपए रही तेज



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने का भाव 500 रुपये बढ़कर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये बढ़कर 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी बुधवार को 1,000 रुपये बढ़कर 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में, मंगलवार को चांदी की कीमत 1,370 रुपये टूटकर 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर सोना 23.16 डॉलर प्रति औंस या 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3,323.87 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## शक्ति पम्पस इंडिया लि. ने मनाया 'फाउंडर्स डे'

**इंदौर।** शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड ने (25 मई को) अपने संस्थापक, स्व.मनोहर लाल पाटीदार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 'फाउंडर्स डे' का आयोजन किया। यह दिन उनके असाधारण समर्पण, दूरदर्शिता और सफलता को याद करने और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा लेने के लिए समर्पित था। इस अवसर पर, शक्ति पम्पस इंडिया लिमिटेड के साथ-साथ सभी अनुषंगी कंपनियों के डायरेक्टर्स, समस्त टीम मेम्बर्स और उनके परिवार के सदस्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समारोह न केवल श्री पाटीदार के जीवन और कार्य को श्रद्धांजलि देने का माध्यम था, बल्कि यह कंपनी की एकता, सामूहिक भावना और भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता था। फाउंडर्स डे का यह आयोजन टीम के सदस्यों के लिए एक साथ आने, एक-दूसरे के साथ जुड़ने और कंपनी के मूल मूल्यों को फिर से आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।

## चालू वित्त वर्ष में नरम पड़ सकती है भारत की वृद्धि दरः ईवाई रिपोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि में नरमी आ सकती है। लिहाजा देश को निकट भविष्य में संतुलित मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों पर निर्भर रहना पड़ सकता है। बुधवार को ईवाई ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई। ऑडिट एवं परामर्श कंपनी ईवाई के 'इकोनॉमी वॉच' के मई संस्करण में कहा गया है कि भारत जुझारू घरेलू मांग, घटती मुद्रास्फीति और निजी निवेश में सुधार की संभावनाओं पर टिकी उदार मौद्रिक नीति के दम पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। इसमें कहा गया है, /''वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों से वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि में नरमी आने की संभावना है।/'' इस रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक कारक बड़े पैमाने पर सतर्क दृष्टिकोण में योगदान दे रहे हैं। इनमें आपूर्ति श्रृंखला में निरंतर व्यवधान, अमेरिका द्वारा हाल ही में लगाए गए शुल्कों के प्रभाव और वैश्विक व्यापार एवं भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से जुड़ी व्यापक अनिश्चितताएं शामिल हैं। रिपोर्ट कहती है कि निकट भविष्य में भारत को वृद्धि की रफ्तार कायम रखने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों के संतुलित मिश्रण पर निर्भर रहने की जरूरत हो सकती है। ईवाई ने कहा, /''मौद्रिक मोर्चे पर ब्याज दर में कटौती के मौजूदा दौर के जारी रहने से उपभोग और निवेश को समर्थन मिल सकता है। राजकोषीय पक्ष पर, सार्वजनिक निवेश विशेष रूप से भारत सरकार के पूंजीगत व्यय में गति को पुनर्जीवित करना आर्थिक गतिविधि को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होगा।/''

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजेश** पुत्र बुग्गर **पताः** राणसिंह पट्ट, हमीर, गढ़ जिंद हरियाणा **इसके अलावाः** मकान नंबर–30 गली नंबर 38, विपिन गार्डन, मोहन नगर, उत्तम नगर, नई दिल्ली, ने **CT, Cases 78/2021, U/s 135 Indian Electricty Act थानाः उत्तम नगर, नई दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजेश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT, Cases 78/2021, U/s 135 Indian Electricty Act थानाः उत्तम नगर, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजेश,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद कुमार मीना
एडीएसजे, कमरा नं. 609
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6510/DW/2025
(Court Matter)

## दिल्ली में डीआरडीओ के क्वांटम टेक अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन

**नई दिल्ली (भाषा)।** शहर स्थित मेटकाफ हाउस में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने मंगलवार को किया, जिसका उद्देश्य सामरिक एवं रक्षा अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी क्वांटम क्षमताओं को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र (क्यूआरटीसी) अत्याधुनिक प्रयोगात्मक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसे महत्वपूर्ण क्वांटम क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है। बयान में कहा गया है कि उद्घाटन समारोह में महानिदेशक (सूक्ष्म इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटेशनल प्रणाली एवं साइबर प्रणाली) सुमा वरुगीस भी उपस्थित थीं, जिनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व ने इस अत्याधुनिक प्रतिष्ठान की संकल्पना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पेपाल को सीमा पार भुगतान के लिए आरबीआई से मंजूरी मिली

नई दिल्ली ▶▶| भाषा

ऑनलाइन भुगतान सेवा प्रदाता पेपाल पेमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से सीमापार भुगतान एग्रीगेटर के तौर पर काम करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि यह देश में पेपाल के संचालन और भारत के छोटे व्यवसायों के लिए इसके निरंतर समर्थन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इससे भारतीय व्यापारी लगभग 200 बाजारों में सुरक्षित सीमापार भुगतान कर पाएंगे। अमेरिकी वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी पेपाल दुनिया भर में ऑनलाइन भुगतान प्रणाली का संचालन करती है। यह पारंपरिक भुगतान तरीकों जैसे चेक और मनी ऑर्डर के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक विकल्प के रूप में कार्य करती है। पेपाल होल्डिंग्स इंक की भारतीय अनुषंगी इकाई को यह मंजूरी ऐसे समय में मिली है जब भारत का निर्यात अप्रैल, 2025 में 73.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो सीमापार व्यापार में बढ़ती रफ्तार को दर्शाता है।

पेपाल इंडिया के वरिष्ठ निदेशक (सरकारी संबंध) नाथ परमेश्वरन ने कहा, ''आरबीआई की सैद्धांतिक स्वीकृति भारत की नियामकीय दृष्टि की ताकत और निर्बाध एवं सुरक्षित सीमापार लेनदेन की दिशा में प्रगति को दर्शाती है। भारत के वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में विकसित होने के साथ पेपाल भारतीय व्यवसायों को विश्वसनीय डिजिटल भुगतान समाधान के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।''

पेपाल इंडिया में बिक्री प्रमुख आबिद मुर्शीद ने कहा, ''हम एक दशक से भी अधिक समय से भारत में काम कर रहे हैं, जिससे छोटे व्यवसायों और फ्रीलांसर को विश्वसनीय और सुरक्षित भुगतान समाधानो के जरिये वैश्विक वाणिज्य में भाग लेने में सक्षम बनाया जा रहा है।''

## मुख्य अर्थशास्त्रियों को वैश्विक वृद्धि पर दबाव की आशंका, भारत को लेकर आश्वस्तः डब्ल्यूईएफ

**नई दिल्ली (भाषा)।** दुनिया भर के मुख्य अर्थशास्त्री दक्षिण एशिया में मजबूत आर्थिक विस्तार को लेकर सबसे अधिक आशावादी हैं और इसमें भारत वृद्धि का प्राथमिक इंजन बनने के लिए तैयार है। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने एक रिपोर्ट में यह बात कही है। डब्ल्यूईएफ की बुधवार को जारी नवीनतम 'मुख्य अर्थशास्त्री परिदृश्य' रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर के मुख्य अर्थशास्त्रियों का मानना है कि व्यापार नीति के झटकों और कृत्रिम मेधा (एआई) से पैदा हो रहे व्यवधान से समग्र वैश्विक वृद्धि पर दबाव पड़ सकता है। यह रिपोर्ट दुनिया के अलग-अलग हिस्सों के मुख्य अर्थशास्त्रियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के मुख्य अर्थशास्त्री शामिल रहे। अधिकतर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि अमेरिकी सरकार की मौजूदा आर्थिक नीति का वैश्विक स्तर पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। करीब 87 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों ने इसका असर रणनीतिक व्यावसायिक निर्णयों में विलंब और मंदी के जोखिमों में वृद्धि के रूप में आने की आशंका जताई।

**PUBLIC NOTICE**

I, Raj Pal Kalia S/o Late Mr. Banarsi Das Kalia, R/o A-186, 1st Floor Inderpuri, New Delhi , 110012. I have purchased a property bearing No (Unit C461AS280111 -Astralis) No. 111 floor 28, Project Supernova, Plot No.3, Sector-94 Noida, Uttar Pradesh, I have lost the original, allotment letter/ builder buyer agreement/all receipts & MOU of the above said property, I have requested M/s Supertech Realtors Pvt Ltd to issue the duplicate allotment letter/builder buyer agreement/all receipts of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Supertech Realtors Pvt Ltd office, Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within fifteen days.

**ई-नीलामी सूचना**

**जल और नमी प्रभावित लगभग 6000 अदद लिथियम-आयरन बैटरीज**

इच्छुक खरीददारों को ''प्रति अदद'' आधार पर ''जल और नमी प्रभावित लगभग 6000 अदद लिथियम-आयरन बैटरीज (3.2वी, 100 एएच एचएस-कोड : 850760090)'' के निपटान हेतु ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। विषय मलबा ''जैसा है जहां है'', ''जो भी है वहां है'' और ''शिकायत नहीं'' आधार पर बेचा जाएगा और मै. इयूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्बन्धित है और टॉपलिना लॉजिस्टिक्स पार्क प्रा. लि., गांव ओरंगाबाद, मिटनोल और दिघोट, पलवल, जिला, तहसील-होडल, हरियाणा-121105 में रखा हुआ है। निरीक्षण केवल कार्यदिवसों को 29.05.2025 से 05.06.2025 के बीच पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5.00 बजे के बीच किया जा सकता है। निरीक्षण हेतु कृपया श्री रितिक यादव #+91 7878860311 पर सम्पर्क करें।

**ई-नीलामी 06.06.2025 को आयोजित की जाएगी।**

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें निहित प्रपत्र प्राप्त करने के लिए कृपया श्री बिभु झा से 8369652088 पर सम्पर्क करें अथवा वेबसाइट : https://www.sealthedeal.co.in/ से डाउनलोड करें

नीलामकर्ता : सील दि डील जिसका पंजीकृत कार्यालय शॉप नं. 148, पॉकेट सी2, सेक्टर-5, रोहिणी दिल्ली-110085

**प्रपत्र और ईएमडी डिमांड ड्राफ्ट जमा करवाने की अन्तिम तिथि 05.06.2025 है।**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल, पुत्रः** श्री मदन लाल, **पताः** मकान नं. 93, गली नं. 8/3, जी–ब्लॉक, संगम विहार, नई दिल्ली ने मुकदमा **e-FIR No. 0303/2020 U/s 380/411 IPC, थानाः संगम विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **e-FIR No. 0303/2020 U/s 380/411 IPC, थानाः संगम विहार, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संकल्प कपूर
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 211, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6634/SD/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भुखमरी, कुपोषण की समस्या से निजात दिलाने में जच्चा-बच्चा पर खास ध्यान जरूरी : अमिताभ कांत

**नई दिल्ली (भाषा)।** जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि देश में भुखमरी और कुपोषण की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए हमें जच्चा-बच्चा पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि इन समस्याओं से पार पाने में सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन निजी क्षेत्र को भी स्थानीय स्तर पर आगे आने की जरूरत है। यहां मालाबार समूह के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कांत ने कहा, ''आज भारत तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाली दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यह आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले तीन साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा...।'' उन्होंने कहा, ''हम चावल के प्रमुख उत्पादक हैं। चावल और गेहूं के मामले में आत्मनिर्भर है। हम फल, दूध समेत अन्य प्रमुख खाद्य पदार्थों के प्रमुख उत्पादक हैं। लेकिन इन सबके बावजूद भारत में लोग कुपोषण और भुखमरी की समस्या से जूझ रहे हैं। इसका कारण कमजोर माताएं हैं।

## शब्द पहेली - 5881




**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

**शब्द पहेली- 5880 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | ■ | मा | न | व | ता |
| त | न | ■ | ल | ■ | ल | म्बा | ई | ■ | श | र |
| य | ■ | आ | क | र्ष | क | ■ | न | स | ■ | को |
| धि | क्का | र | ना | ■ | ■ | अ | ■ | च | प | ल |
| का | ■ | क्ष | ■ | भा | गी | दा | र | ■ | र | ■ |
| र | म | ण | यो | ग्य | ■ | व | ज | न | दा | र |
| ■ | ह | ■ | ग | फ | ल | त | ■ | म | ■ | ह |
| द | ल | ना | ■ | ल | ■ | ■ | य | की | न | न |
| श | ■ | का | व्य | ■ | त | न | म | न | ■ | स |
| ह | रा | ■ | स | ला | मी | ■ | रा | ■ | या | ह |
| या | ह | ज | न | ■ | ज | हा | ज | चा | ल | न |






# आईपीएल 2025 : सूर्यवंशी ने लगाया रिकॉर्ड शतक, म्हात्रे ने किया कारनामा और पंत करते रहे संघर्ष

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत ने आखिरकार लखनऊ सुपर जायंट्स के अंतिम लीग में शतक जड़कर कमाल कर दिया लेकिन टीम जीत से चूक गई जबकि अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरुआत के बाद राह से भटक गई। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के 70 मैच के शुरुआती दौर को खत्म होने में 10 दिन के ब्रेक सहित कुल 67 दिन लगे और अभी तक टूर्नामेंट के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले। प्लेऑफ शुरू होने से पहले अब तक का उतार-चढ़ाव का सफर इस प्रकार है ।

## युवाओं ने बिखेरा जलवा

राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा भी शतक लगाने वालों खिलाड़ियों में शामिल थे। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स को मुस्कुराने का मौका दिया।

## हैदराबाद की खराब फॉर्म

पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। एसआरएच ने आईपीएल की शुरुआत राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह विकेट पर 286 रन से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर की और समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट पर 278 रन से तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर किया। टीम के पास बल्लेबाजी के लिए कोई 'प्लान बी' नहीं था जिसमें नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।



## चेन्नई ने सीखा सबक



सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ एमएस धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। 17 वर्षीय मुंबई के बल्लेबाज म्हात्रे ने टीम की परेशानियों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन किया जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने अंत में शानदार प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान के 20 वर्षीय नूर अहमद सीएसके के सबसे सफल स्पिनर रहे जबकि आर अश्विन और रविंद्र जडेजा अन्य विकल्प थे।

## सुदर्शन की दमदार बल्लेबाजी



युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं। वह अभी तक 670 से ज्यादा रन बनाकर सूची में शीर्ष पर है और इसका ईनाम उन्हें इंग्लैंड के टेस्ट दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने से मिला। गुजरात टाइटन्स का यह बल्लेबाज इस सत्र के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहा।

## मुंबई का चैंपियन की तरह प्रदर्शन

मुंबई इंडियंस ने हमेशा ही तरह धीमी शुरुआत करने के बाद प्लेऑफ में जगह बनाई। पहले पांच मैच में चार हार के साथ शुरुआत करने के बाद हार्दिक पंड्या की टीम अगले छह मैच जीतकर शीर्ष टीमों में पहुंच गई। रोहित शर्मा और तिलक वर्मा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन सूर्यकुमार यादव ने दिखाया कि वह इसमें सर्वश्रेष्ठ क्यों है। जसप्रीत बुमराह ने 10 मैच में 17 विकेट चटकाए हैं।

## मार्श और पूरन का दबदबा

पहले आठ मैच में पांच जीत ने लखनऊ सुपर जायंट्स को अंतिम चार में जगह बनाने का मौका दिया, लेकिन पंत का बल्ले से खराब प्रदर्शन, मध्य क्रम में गहराई की कमी और गेंदबाजी में विविधता की कमी के कारण वे फिर से प्लेऑफ से चूक गए। लेकिन मिचेल मार्श, निकोलस पूरन और एडेन मारक्रम ने उन्हें मजबूती दी।

## पंजाब किंग्स का उदय

पिछले एक साल में कप्तान श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि वह हमेशा संघर्ष करने वाली टीम के बदलाव के सूत्रधार रहे। दृढ़ अय्यर और ऑस्ट्रेलियाई रिकी पोंटिंग जैसे कोच के साथ इस बात में कोई संदेह नहीं था कि पीबीकेएस को हराना काफी मुश्किल होगा और केकेआर के खिलाफ सबसे कम स्कोर (111 रन) का बचाव करने जैसा प्रदर्शन इसका एक उदाहरण है।

## गिल की टाइटंस ने भरी उड़ान

तीन साल पहले गुजरात टाइटंस में शामिल होने के बाद से उन्होंने प्रत्येक सत्र में कम से कम 400 रन तो बनाए ही हैं लेकिन गिल ने सिर्फ उदाहरण ही पेश नहीं किया बल्कि यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम राशिद खान जैसे मुख्य गेंदबाज की खराब फॉर्म के बावजूद दौड़ में आगे रहे।





## राजस्थान के लिए खराब सत्र

संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रही। जोस बटलर, अश्विन, युजवेंद्र चहल और ट्रेंट बोल्ट जैसे खिलाड़ियों से अलग होने से उसका संतुलना शायद कुछ ज्यादा ही बिगड़ गया।

## दिल्ली हुई बेपटरी

आईपीएल की शुरुआत में ऐसा लग रहा था कि टीम कोई गलती नहीं करेगी लेकिन लगातार निरंतर प्रदर्शन के मामले में टीम पिछड़ गई। पहले छह में से पांच जीत के साथ शुरुआत करने के बाद टीम तालिका में शीर्ष पर थी लेकिन अचानक गिरावट से अगले आठ में से पांच मैच गंवा बैठी।

## कोलकाता का प्रदर्शन खराब

कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर डटे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा। पहले आठ मैच में पांच हार के साथ गत चैंपियन के लिए प्लेऑफ की दौड़ काफी पहले ही खत्म हो गई थी।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 14 | 9 | 4 | 19 |
| बेंगलुरु | 14 | 9 | 4 | 19 |
| गुजरात | 14 | 9 | 5 | 18 |
| मुंबई | 14 | 8 | 6 | 16 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 6 | 15 |
| हैदराबाद | 14 | 6 | 7 | 13 |
| लखनऊ | 14 | 6 | 8 | 12 |
| कोलकाता | 14 | 5 | 7 | 12 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
679 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
24 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया

**रोसारियो।** गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच 1-1 से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया। कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम यूरोपीय चरण के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए बुधवार सुबह बेंगलुरु से एम्स्टर्डम के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना के खिलाफ अपने पहले चार मैचों के लिए लंदन रवाना होने से पहले आठ जून तक एम्स्टर्डम में अभ्यास करेगी। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम से भिड़ेगा, इसके बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद भारत 19 जून को एंटवर्प जाएगा, जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ अगले दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ दो मैचों के साथ होगा।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप : मिश्रित रिले में स्वर्ण, चार रजत पदक भी कब्जाए

■ रूपल, संतोष, विशाल और सुभा की चौकड़ी ने रचा इतिहास तीन मिनट 18 .12 सेकेंड के समय के साथ गोल्ड जीता

भाषा . गुमी (दक्षिण कोरिया)

भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना खिताब बरकरार रखा जबकि बुधवार को यहां चार और रजत तथा एक कांस्य पदक जीतकर देश ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन अपने पदकों की संख्या को आठ तक पहुंचाया।रूपल चौधरी, संतोष कुमार, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 18.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। रूपल ने बुधवार को ही व्यक्तिगत महिला 400 मीटर स्पर्धा में रजत पदक भी जीता। सुभा 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली मिश्रित टीम का भी हिस्सा थी। चीन की टीम तीन मिनट 20.52 सेकेंड का समय लेकर दूसरे स्थान पर रही जबकि




श्रीलंका ने तीन मिनट 21.95 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। अधिकांश समय अमेरिका में रहने वाले तेजस्विन शंकर भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने शामिल रहे। तेजस्विन ने 10 स्पर्धाओं की डेकाथलन प्रतियोगिता में 7618 के स्कोर से दूसरा स्थान हासिल किया। वह चीन के फेई शियांग (7634) से पीछे और जापान के केइसुके ओकुडा (7602) से आगे रहे। प्रवीण चित्रावेल ने पुरुष त्रिकूद में 16.90 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीता। चित्रावेल ने कहा कि बुधवार को परिस्थितियां उनके लिए सामान्य थीं क्योंकि विदेशों में प्रतिस्पर्धा करते हुए वह इससे कहीं अधिक प्रतिकूल परिस्थितियों को खेलने के आदी हैं। उन्होंने कहा, ''आज परिस्थितियां बहुत अच्छी थीं। पहले दो प्रयास में मैं सिर्फ शीर्ष आठ में आना चाहता था। फिर तीसरे प्रयास में मैंने 16.90 मीटर की छलांग लगाई और उसके ठीक बाद बारिश शुरू हो गई। तीसरे प्रयास के बाद हर बार जब मैं कूदता था तो मेरा शरीर भारी लगने लगता था।चित्रावेल ने कहा, ''पहले प्रयास 16.60 मीटर का था, दूसरा 16.67 मीटर और फिर तीसरा 16.90 मीटर का था।

## इन खिलाड़ियों की चांदी

इससे पहले रूपल चौधरी (400 मीटर) और पूजा (1500 मीटर) ने रजत पदक जीते जबकि यूनुस शाह ने पुरुष 1500 मीटर में कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले मंगलवार को गुलवीर सिंह (10,000 मीटर) ने भी स्वर्ण पदक जीता था। रूपल ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और भारत के लिए दिन का पहला पदक जीता। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो (52.17 सेकेंड) ने स्वर्ण जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीबी हुकमोवा (52.79 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चार मिनट 10.83 सेकेंड के समय के साथ भारत को दूसरा रजत पदक दिलाया। भारत की ही लिली दास चार मिनट 13.81 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए पदक से चूक गईं।चीन की ली चुनहुई ने चार मिनट 10.58 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की तोमाका किमुरा ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चार मिनट 11.56 सेकेंड के समय से कांस्य पदक अपने नाम किया। रूपल ने 2022 में विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया था। उन्होंने उस समय चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत और महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

# सात्विक-चिराग की जीत से वापसी लक्ष्य चोटिल होने के कारण बाहर



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की। लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें पीठ के निचले हिस्से में दर्द के होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा। चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया।

यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता। लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## भावनाओं का उतार-चढ़ाव तेजस्विन ने दक्षिण कोरिया में रजत पदक जीता



**नई दिल्ली।** तेजस्विन शंकर ने 'भावनाओं का उतार-चढ़ाव' झेला जब वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डेकाथलन में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए और उन्हें स्वर्ण पदक से चूकने का कोई अफसोस नहीं है क्योंकि वह देश के लिए पोडियम पर जगह बनाने में सफल रहे। डेकाथलन में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन ने बुधवार को दक्षिण कोरिया के गुमी में 7618 अंकों के साथ रजत पदक जीता। उन्होंने 2023 सत्र में कांस्य पदक जीता था। तेजस्विन ने संवाददाताओं से कहा, ''स्वर्ण और रजत के बीच का अंतर 16.3 सेकेंड है और यह रजत तथा कांस्य के बीच का अंतर भी है।

# अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच आज होगी जंग

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

■ आईपीएल के 18वें सत्र का क्वालीफायर 1 मुकाबला आज शाम 7 .30 बजे

श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर





आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है, जिससे यह एक मजबूत टीम बन गई है।

## अहमदाबाद में होगा एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप



नई दिल्ली। भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने बुधवार को पुष्टि की कि 2026 में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप एक से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष एशियाई भारोत्तोलन महासंघ ने अपनी वार्षिक कांग्रेस के दौरान भारत को इसकी मेजबानी का अधिकार सौंपा था। आईडब्लूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने बताया, 'एशियाई चैंपियनशिप की तारीखें तय कर दी गई हैं। यह एक से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।'यह पहली एशियाई चैंपियनशिप होगी जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की संशोधित भार श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

# एरिगैसी ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया, नाकामुरा से हारे कार्लसन

एजेंसी ▶▶| स्टावेंजर

विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारु नाकामुरा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था। छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरुआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था लेकिन गुकेश समय कम होने के कारण दबाव में आ गए और एरिगैसी इसका फायदा उठाकर चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे। एरिगैसी तीसरे दौर में फैबियानो कारुआना से खेलेंगे, जबकि गुकेश रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा के खिलाफ वापसी की उम्मीद करेंगे।

## सुहैल भारतीय टीम में शामिल, अनवर की वापसी

**कोलकाता।** मुख्य कोच मानोलो मारक्वेज ने चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें जम्मू-कश्मीर के फुटबॉलर सुहैल अहमद भट को शामिल किया है। थाईलैंड में होने वाला यह मुकाबला एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल दौर के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है जिसमें टीम 10 जून को हांगकांग का सामना करेगी। श्रीनगर के बेमनिया में रहने वाले 20 वर्षीय सेंट्रल फॉरवर्ड सुहैल अहमद ने पिछले सत्र में मोहन बागान सुपर जायंट्स के इंडियन सुपर लीग के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे पहले मिडफील्डर दानिश फारूक टीम में शामिल कश्मीर के खिलाड़ी थे जो 2022 में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मैच में खेले थे। टीम में खेलने वाले कश्मीर के खिलाड़ियों में मेहराजुद्दीन वाडू काफी चर्चित रहे जिन्होंने 2005 से लेकर 2011 तक 32 मैच खेले थे। ईस्ट बंगाल के भरोसेमंद सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की भी टीम में वापसी हुई है जो फरवरी में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे।

## हम्पी और वैशाली ने किया निराश



महिला वर्ग में भारत के दोनों खिलाड़ियों ने निराश किया। यूक्रेन की अन्ना मुज़ीचुक ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी पर शानदार जीत दर्ज की। आर वैशाली चीन की टिंगजी लेई से आर्मगेडन गेम में हार गई। टूर्नामेंट की स्कोरिंग प्रणाली में क्लासिकल प्रारूप में विजेता को तीन अंक मिलते हैं। यदि क्लासिकल बाजी ड्रा हो जाती है, तो खिलाड़ियों को एक-एक अंक मिलता है और फिर आर्मगेडन में वे आधे अंक के लिए खेलते हैं।

MOHIT PAPER MILLS LIMITED

(CIN- L21093DL1992PLC116600)
पंजीकृत कार्यालयः 15ए/13 अपर ग्राउंड फ्लोर, ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–110008
वर्क्स : 9 किमी स्टोन, नगीना रोड, बिजनौर, उत्तर प्रदेश– 246701
Phone: 011- 25886798,
E-mail: investorsmohitpaper@gmail.com, Website: www.mohitpaper.in

31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(ईपीएस को छोड़कर राशि लाखों में)

| विवरण | तिमाही समाप्त (31.03.2025) लेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त (31.12.2024) अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त (31.03.2024) लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त (31.03.2025) लेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त (31.03.2024) लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 5312.60 | 4791.57 | 4755.03 | 18675.15 | 19202.66 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 167.13 | 309.60 | 218.41 | 925.13 | 909.96 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 167.13 | 309.60 | 218.41 | 925.13 | 909.96 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | 22.31 | 257.90 | 69.29 | 650.43 | 645.35 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 22.76 | 257.90 | 69.29 | 650.87 | 645.35 |
| इक्विटी शेयर पूंजी (प्रति शेयर 10/– रुपये का अंकित मूल्य) | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 | 1400 |
| इक्विटी शेयर पूंजी की संख्या (प्रति इक्विटी शेयर अंकित मूल्य 10/– रुपये) | 140 | 140 | 140 | 140 | 140 |
| रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 3703.23 | 0 | 3052.36 | 3703.23 | 3052.36 |
| प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पहले और बाद में) (प्रत्येक 10/– रुपये) | | | | | |
| बेसिकः | 0.16 | 1.84 | 0.49 | 4.65 | 4.61 |
| डायल्युटेडः | 0.16 | 1.84 | 0.49 | 4.65 | 4.61 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जिसकी लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और बुधवार, 28 मई, 2025 को आयोजित बैठक में कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किया गया। तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट ूइेमपदकपं.बवउ और कंपनी की वेबसाइट www.mohitpaper.in पर उपलब्ध है।
2. वित्तीय परिणाम भारतीय लेखांकन मानकों, जैसा लागू हो, तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार तैयार किए गए हैं, तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखा मानक तथा उसमें उल्लिखित नियम लागू हैं।
3. 31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय आंकड़े, क्रमशः दिसंबर, 2024 को समाप्त पिछली तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय और पिछले वर्ष यानी 31 मार्च, 2024 को समाप्त इसी तिमाही के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय और क्रमशः 31 मार्च, 2025 और 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण, जो कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षक द्वारा जारी लेखा परीक्षक रिपोर्ट के अधीन थे।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को, जहां कहीं आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है ताकि उन्हें वर्तमान आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाया जा सके।

मोहित पेपर मिल्स लिमिटेड की ओर से
हस्ता/–
संदीप जैन
(प्रबंध निदेशक)
(डीआईएन : 00458048)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28/05/2025



# 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनाएगा भारत, चुनिंदा देशों में होगा शामिल, बढ़ेगी सैन्य ताकत, आसमान में साबित होगा गेम चेंजर

## एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम को मंजूरी

*भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान- एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) को विकसित करने के कार्यक्रम को मंजूरी मिल गई है। इससे पहले पिछले साल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने पांचवीं पीढ़ी के मल्टीरोल फाइटर जेट विकसित करने के लिए 15 हजार करोड़ रुपए के कार्यक्रम को मंजूरी दी थी। पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान बनते ही हम उन चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएंगे, जिनके पास वायुसेना में दुनिया की सबसे आधुनिक तकनीक के फाइटर जेट मौजूद हैं। ये विमान 21वीं सदी में सबसे आधुनिक फाइटर जेट्स हैं। ये अपने कमांड, नियंत्रण और संचार क्षमताओं की वजह से उन्नत हैं, जिनमें सभी कंट्रोल्स पायलट के इशारों पर मौजूद होते हैं।



### एडीए को सौंपी गई है जिम्मेदारी

डीआरडीओ की एयरोनॉटिक्स डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) भारत के पहले पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को दुनिया के अन्य इसी वर्ग के एयरक्राफ्ट्स से बेहतर बनाने की कोशिश में है। स्वदेशी इंजन का निर्माण डीआरडीओ करेगा। सहयोग के लिए भारत फिलहाल फ्रांस की साफरान एसए से बातचीत कर रहा है। यह कंपनी दुनिया में एयरक्राफ्ट इंजन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। अपने इस कदम के जरिए भारत आने वाले समय में खुद से ही लड़ाकू विमानों के इंजन बना सकेगा।

### तैनाती की समयसीमा

**प्रोटोटाइप रोलआउट:** 2028 और 2029 के बीच
**सीरीज उत्पादन:** 2032-33 तक शुरू होने की संभावना
**भारतीय सेना को सौंपना:** 2034 के लिए लक्षित

### पांचवी पीढ़ी के विमान की विशेषताएं

**स्टेल्थ-** तेज गति और रडार की पकड़ में न आने की क्षमता
**एयरफ्रेम-** कलाबाजी खाने में सक्षम और मजबूत ढांचा
**सुपरक्रूज-** आवाज की गति से लंबे समय तक उड़ने की क्षमता

### भारत के विमान में होगी ये खासियत

- एक सीट और दो इंजन वाला विमान
- सभी मौसमों में उड़ान भरने में सक्षम
- अधिकतम वजन करीब 25 टन होगा
- 55,000 फीट ऊंचाई तक उड़ान भरेगा
- कुल ईंधन क्षमता 6500 किलोग्राम की
- इंटरनल वेपन-बे की क्षमता 1500 किलो
- बाहरी पेलोड की क्षमता 5500 किलो

## खबर संक्षेप

### राणा की याचिका पर एनआईए से सवाल



**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की परिवार से बातचीत करने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर तिहाड़ जेल प्रशासन और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जवाब मांगा है। विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत ने नोटिस जारी कर एनआईए से याचिका पर जवाब मांगा है। जेल प्रशासन को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई चार जून के लिए सूचीबद्ध की है।

### पाक से सटे चार राज्यों में आज होगी मॉक ड्रिल



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, हरियाणा और राजस्थान शामिल हैं। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी।

### पाक नेता अल्ताफ ने पीएम मोदी से लगाई गुहार



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के निर्वासित नेता और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के फाउंडर अल्ताफ हुसैन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मदद की गुहार लगाई है। हुसैन ने पीएम मोदी से अनुरोध किया है कि वह बंटवारे के बाद भारत से आकर पाकिस्तान में बसे उर्दू बोलने वाले शरणार्थियों यानी मुजाहिरों के उत्पीड़न का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय मचों पर उठाएं। उन्होंने यह अपील लंदन में एक कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने बलोच लोगों का समर्थन करने के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की और इसे साहसी और नैतिक रूप से सराहनीय कदम बताया। उन्होंने पीएम मोदी से मुहाजिर समुदाय के लिए भी इसी तरह के समर्थन की आवाज उठाने का अनुरोध किया।

### 10 मई को भारतीय वायुसेना के बेहद केंद्रित और सटीक हवाई हमलों से हांफने लगा था दुश्मन

# नई सैटेलाइट तस्वीरों ने खोली पाकिस्तानी वायुसेना को हुए नुकसान की पोल


**पाक के एयरबेस मुरीद और नूर खान को भारी नुकसान**

**अवैध कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद किए**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई 2025 को किए गए ऑपरेशन सिंदूर को करीब 21 दिन बीत चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी सोशल मीडिया से लेकर संचार के अन्य माध्यमों पर जारी की जा रही सैटेलाइट तस्वीरों में भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए की गई अति-केंद्रित और सटीक हवाई हमलों की कार्रवाई में दुश्मन देश को हुए गंभीर नुकसान का खुलासा हो रहा है। ऐसी ही कुछ हालिया तस्वीरों से पता चलता है कि 10 मई को भारत की वायुसेना के हमलों में पाकिस्तान के अग्रिम पंक्ति के एयरबेस जैसे मुरीद और नूर खान को भारी नुकसान पहुंचा था। दोनों एयरबेस पर हुए बड़े आकार के गड्डों और वहां मौजूद अन्य सैन्य साजो-सामान के जलकर खाक होने के रूप में नुकसान की पुष्टि हुई। नूर खान इसलिए पाकिस्तान का एक अग्रिम पंक्ति का वायुसैन्य अड्डा माना जाता है। क्योंकि यह पाक सेना के रावलपिंडी मुख्यालय और सामरिक योजना डिवीजन के करीब स्थित है। जो कि पाकिस्तान के परमाणु शस्त्रागार की निगरानी के लिए भी जिम्मेदार है।

### मुरीद एयरबेस का महत्व



मुरीद एयरबेस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल में है। भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से इसकी दूरी करीब 150 किलोमीटर है। यह पाकिस्तानी वायुसेना का वही ठिकाना है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद उसके भारत के खिलाफ पश्चिमी सीमा पर यूएवी से किए गए हमलों में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। मुरीद एयरबेस की इस गुस्ताखी का हालांकि भारतीय वायुसेना ने अपने जबरदस्त हमलों से करारा जवाब दे दिया था।

### आज से दो दिवसीय गोवा दौरे पर रहेंगे राजनाथ

उधर, इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गुरुवार से गोवा के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान 29 मई को वह पाल नौका आईएनएसवी तारिणी के जरिए करीब आठ महीने बाद दुनिया का चक्कर लगाकर वापस स्वदेश लौट रहीं नौसेना के दो जांबाज महिला अधिकारियों लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा.ए और दिलना.के का स्वागत करेंगे। जबकि शुक्रवार 30 मई को रक्षा मंत्री नौसेना के स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रांत पर जाएंगे। वहां उनकी नौसना के अधिकारियों और अन्य कर्मियों के साथ बातचीत होगी, नौसेना की रणनीतिक तैयारियों का जायजा लेंगे। यहां बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आईएनएस विक्रांत नौसेना के प्रमुख युद्धक बेड़े को नेतृत्व प्रदान करता हुआ उत्तरी अरब सागर में पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात था।

**9 आतंकी अड्डे तबाह**

### सीडीएस, सेनाप्रमुखों ने की लाइव निगरानी

गौरतलब है कि 7 मई की मध्यरात्रि के बाद करीब 1 बजकर 5 मिनट पर भारत की सशस्त्र सेनाओं द्वारा पाकिस्तान समर्थित 9 आतंकी अड्डों को तबाह करने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर की साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में मौजूद सेना के ऑपरेशन कक्ष में लगी हुई लाइव स्क्रीस के जरिए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह और नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से निगरानी की थी। इस दौरान सेना के उप प्रमुख सहित सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई भी मौजूद थे। अभियान के बाद सेना द्वारा ही सबसे पहले अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अभियान का लोगो (चिन्ह) जारी किया गया था। जिसे लेफ्टिनेंट कर्नल हर्ष गुप्ता और हवलदार सुरिंदर सिंह ने तैयार किया था।

### भारत-अमेरिका के बीच बनी सहमति

# 25 जून तक हो सकता है अंतरिम व्यापार समझौता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच 25 जून तक एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति बन सकती है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। इसके लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल व्यापार वार्ता के लिए अगले महीने भारत आ सकता है। दोनों देश 25 जून तक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमत हो जाएंगे। बातचीत सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ रही है। इस बीच, भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह अपनी चार दिवसीय वाशिंगटन यात्रा पूरी की। उन्होंने प्रस्तावित समझौते पर अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत की। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी यूएस गए थे।

### 9 जुलाई को खत्म होगी समयसीमा

*अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 26 प्रतिशत टैरिफ पर 9 जुलाई को खत्म होने वाली रोक से पहले दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते यानी बीटीए पर अंतरिम सहमति बनाना चाहते हैं। अमेरिका ने 2 अप्रैल को भारत पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ लगाया था लेकिन इसे 9 जुलाई तक निलंबित कर दिया। हालांकि भारतीय सामान पर अब भी अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल टैरिफ लागू है। अंतरिम व्यापार समझौते में, भारत घरेलू वस्तुओं पर 26 प्रतिशत रेसीप्रोकल टैरिफ से पूरी छूट देने का दबाव बना रहा है। दोनों देशों ने प्रस्तावित बीटीए के पहले फेज को पूरा करने की इस साल सितंबर से अक्टूबर तक की टाइम लिमिट तय की है।*

### अमेरिका भारत का बड़ा बिजनेस पार्टनर

अमेरिका लगातार चौथे वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा बिजनेस पार्टनर बना रहा। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 131.84 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। भारत के कुल निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और देश के कुल व्यापार में 10.73 प्रतिशत रही। अमेरिका के साथ भारत का साल 2024-25 में वस्तुओं के मामले में व्यापार अधिशेष यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर 41.18 अरब अमेरिकी डॉलर था। दोनों का साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

**शी-विंग्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया संगोष्ठी का आयोजन**

# आईटीबीपी की महिला जवानों के बीच अनछुए विषय लेकर जुटीं हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्दी में महिला जवान को देश की हिफाजत के साथ अपने स्वास्थ्य की हिफाजत भी उतनी ही शिद्दत से करनी होती है। उन्हें कब, कैसे और किस तरह से ड्यूटी के दौरान मासिक धर्म जैसी प्राकृतिक दुश्वारियों से निपटना है, कैसे खुद को उस दौरान भी अपेक्षाकृत फिट, चुस्तदुरूस्त और हाइजिन के साथ रहना है कुछ ऐसे अनछुए पहलुओं को लेकर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की हिमवीर वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) द्वारा शी-विंग्स फाउंडेशन के सहयोग से एक व्यापक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्दीधारी सेवाओं में कार्यरत महिलाओं के लिए मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य के विषय में जागरुकता के उद्देश्य से आयोजन 22वीं वाहिनी, आईटीबीपी, टिगड़ी कैंप, नई दिल्ली में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर किया गया। "फॉरवर्ड डिप्लॉयमेंट में महिलाओं के लिए मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य" विषय पर आधारित इस संगोष्ठी का उद्देश्य दूरदराज व चुनौतीपूर्ण तैनाती क्षेत्रों में कार्यरत आईटीबीपी की महिला कार्मिकों को मासिक धर्म से संबंधित ज्ञान, चिकित्सा सहायता और स्वच्छता संसाधनों से सशक्त बनाना था।

### मासिक धर्म पर खुलकर बात करें: डॉ. रहाटकर




इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. विजय क. रहाटकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपनी व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, जब आपकी बेटी को पहली बार मासिक धर्म हो, तो उससे खुलकर बात करें, उसके साथ इसे परिवार में गरिमापूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी दादी ने इस विषय को सहज और स्वीकार्य बना दिया था। इस संगोष्ठी में प्रख्यात स्त्रीरोग विशेषज्ञों और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें मासिक धर्म और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं पर संवाद हुआ और प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। इस पैनल में डॉ. गौरी अग्रवाल, डॉ. ममता गोयल, डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. प्रेरणा शर्मा, डॉ. प्रीति, बीना मनसुख और हर्षिका शामिल रहीं, जिन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### मानसिक धर्म स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा

गौरी रसगोत्रा, अध्यक्षा हावा ने अपने संबोधन में कहा, यह हर्ष का विषय है कि हावा ने ऐसा सार्थक कार्यक्रम आयोजित किया। यह समझ जरूरी है कि मासिक धर्म केवल स्वच्छता का विषय नहीं, बल्कि यह मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से भी जुड़ा मुद्दा भी है। कार्यक्रम का समापन हावा की सचिव हर्षिका बर्मन द्वारा दिए गए धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की 'महिला-प्रधान विकास और समावेशी सार्वजनिक स्वास्थ्य' की दृष्टि के अनुरूप है। यह 'स्वस्थ नारी, स्वस्थ देश' के राष्ट्रीय संकल्प को दर्शाता है-एक ऐसा भारत जहाँ महिलाएँ, विशेषकर हमारी सुरक्षाबलों में सेवा दे रही महिलाएँ, अधिक सशक्त और जागरूक हों।




### ऑपरेशन सिंदूर के बाद तैयार है सीआरपीएफ की 47 बटालियन

# अमरनाथ यात्रा मार्ग पर इस बार होगी अचूक किलेबंदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद अब केंद्रीय सुरक्षा बलों ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों पर फोकस कर दिया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बल (सीआरपीएफ) द्वारा इस बार भी अमरनाथ यात्रा के रूट पर अचूक किलेबंदी की जाएगी। इसके लिए डीजी सीआरपीएफ जीपी सिंह अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ घाटी के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने घाटी में तैनात सीआरपीएफ की 47 बटालियनों के रेंज डीआईजी और कमांडिंग अधिकारियों के साथ तीन घंटे से अधिक समय तक चली कॉन्फ्रेंस में सुरक्षा को लेकर बातचीत की है।

### सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी



*इस साल 29 जून से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ होगी। सीआरपीएफ की '1000 मीटर' की थ्योरी, आतंकियों को यात्रा रूट के निकट तक नहीं पहुंचने देगी। उक्त दूरी पर पर्याप्त संख्या में जवान मौजूद रहेंगे। भले ही सरकारी कर्मियों के लिए रोजाना आठ घंटे की ड्यूटी तय होती है, लेकिन सीआरपीएफ के जवान, अमरनाथ यात्रा के दौरान 14 से 16 घंटे तक तैनात रहते हैं। यात्रा रूट पर श्रद्धालुओं के काफिले पूरी तरह महफूज रहेंगे। इन्हें बल के वाहन एस्कॉर्ट करेंगे। रास्ते में कोई खतरा न हो, इसके लिए सीआरपीएफ की 'रोड ओपनिंग पार्टी' 24 घंटे गश्त पर रहेगी।*

### रूट पर ड्रोन से निगरानी रखेंगे

यात्रियों को फुलप्रूफ सुरक्षा प्रदान करने के लिए रूट पर ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे। यात्रा के दौरान लगभग एक किलोमीटर के अंतराल पर सीआरपीएफ का एक मोर्चा रहेगा। यह इसलिए कि किसी दूसरे मोर्चे पर कोई घटना हो तो पहले मोर्चे से बिना देरी के जवान पहुंच सके।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109